सूर्योदय 7:10 सूर्यास्त 6:02

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 6.0 न्यू | 17.0 अधि |
| धर्मशाला | 8.0 न्यू | 20.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,580 |
| निफ्टी | 25,693 |
| सोना | 1,51,489 |
| चांदी | 2,41,184 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 7 फरवरी 2026 | 27 माघ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 41, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### पंजाब में 'आप' के नेता की गोली मारकर हत्या

**एजेंसी, जालंधर।** पंजाब के जालंधर में सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के नेता लक्की ओबरॉय की 6 फरवरी की सुबह गोली मारकर हत्या कर दी गई। वे 53 साल के थे। स्कूटी पर आए हमलावरों ने उन्हें 6 गोलियां मारीं। 5 सीने में और एक गोली सिर पर लगी। लक्की ओबेरॉय मॉडल टाउन इलाके में गुरुद्वारे में माथा टेकने आए थे। जैसे ही वे गुरुद्वारे से निकलकर अपनी थार गाड़ी में बैठने लगे तो बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। परिजन गंभीर हालत में उन्हें मॉडल टाउन के प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचे, यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एडीसीपी जयंत पुरी ने बताया कि पुलिस ने पूरे इलाके को सील कर दिया है और लगातार छापेमारी की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### सिक्किम में 2.2 से 4.5 तीव्रता के झटके लगे

**एजेंसी, गंगटोक।** सिक्किम के विभिन्न जिलों में भूकंप के असामान्य झटके महसूस किए गए। इन झटकों की तीव्रता हल्की से मध्यम रही। भूकंप से राज्य में जान-माल के किसी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। सिक्किम में गुरुवार देर रात से शुक्रवार सुबह तक भूकंप के कई झटके महसूस किए गए। राज्य के छह में से चार जिले मंगन, नामची, गंगटोक और गेजिंग में भूकंप के झटके महसूस किए जाने की जानकारी मिली है। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 2.2 से 4.5 के बीच दर्ज की गई। (अनंत ज्ञान)

### मणिपुर में नए डिप्टी सीएम के विरोध में भड़की हिंसा

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में नए उपमुख्यमंत्रियों नेम्चा किप्गेन और लोसी दिखो के शपथ ग्रहण के खिलाफ प्रदर्शन हिंसक हो गया। जिले के तुइबोंग मेन मार्केट इलाके में सैकड़ों युवा प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों को वापस उनकी बैरक में धकेलने की कोशिश की। जब सुरक्षाबलों ने बात मानने से इनकार कर दिया, तो पत्थरबाजी शुरू हो गई। कुछ लोगों ने सड़क के बीच में टायर जला दिए। आदिवासी संगठन जॉइंट फोरम ऑफ सेवन ने कुकी-बहुल चुराचांदपुर में शुक्रवार सुबह 6 से 12 घंटे का बंद बुलाया है। (अनंत ज्ञान)

### 377 विमानों में बार-बार आई तकनीकी खराबी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** लोकसभा में नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया कि जनवरी 2025 से देश की छह प्रमुख एयरलाइंस के कुल 754 विमानों की तकनीकी जांच की गई। इनमें से 377 विमानों में बार-बार आने वाली खराबियों की पहचान हुई। यानी एक ही खराबी बार-बार सामने आई, भले ही उसे पहले ठीक कर दिया गया था। एयर इंडिया ग्रुप के 267 विमानों में से 191 में बार-बार तकनीकी खराबी व इंडिगो के 405 विमानों की जांच की गई। उनमें से 148 में इस साल 3 फरवरी तक एक ही खराबी बार-बार पाई गई। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- अफवाह और झूठ कांग्रेस का राजनीतिक चरित्र : जयराम -पेज 2
- चामुंडा में बन रहा जिला का पहला 'शी हाट' -पेज 5
- बिजली विधेयक से उपभोक्ता-कर्मचारी सेवा होगी प्रभावित -पेज 6
- शिवरात्रि महोत्सव के लिए बड़ा देव कमरूनाग रवाना -पेज 9
- अल्पाइन सलालम ओपन वर्ग में संध्या व निखिल ने झटका स्वर्ण -पेज 11


# रचा इतिहास, भारत छठी बार बना अंडर-19 वर्ल्ड कप चैंपियन

## फाइनल में इंग्लैंड को 100 रन से हराया; वैभव सूर्यवंशी ने 80 गेंदों में बनाए 175 रन, 15 छक्के और 15 चौके लगाए

**एजेंसी, हरारे**

भारत ने छठी बार अंडर-19 वर्ल्ड कप जीत लिया है। टीम ने शुक्रवार को इंग्लैंड पर 100 रनों की जीत हासिल की। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 411 रन बनाए।

14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने 80 बॉल पर 175 रन बनाए। इनमें से 150 रन बाउंड्री से बने। वैभव ने 218.75 की स्ट्राइक रेट से खेलते हुए पारी में 15 चौके और 15 छक्के लगाए। कप्तान आयुष म्हात्रे ने 53 रनों की पारी खेली। इंग्लैंड की ओर से सेबेस्टियन मॉर्गन और एलेक्स ग्रीन ने 2-2 विकेट झटके। वहीं, 412 रन का टारगेट चेज कर रही इंग्लिश टीम 40.2 ओवर में 311 रन पर ऑलआउट हो गई। आरएस अंबरीश ने 3 विकेट झटके। दीपेश देवेंद्रन और कनिष्क चौहान को 2-2 विकेट मिले। इंग्लैंड के कालेब फॉल्कनर ने 67 बॉल पर 115 रन बनाए। (अनंत ज्ञान)





### वैभव यूथ वनडे में 100 छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज

**वैभव** सूर्यवंशी ने अंडर-19 क्रिकेट में अपनी बल्लेबाजी से ऐसे रिकॉर्ड खड़े कर दिए हैं, जो उन्हें बाकी खिलाड़ियों से बिलकुल अलग श्रेणी में ले जाते हैं। यूथ वनडे क्रिकेट में उन्होंने महज 25 पारियों में 110 छक्के जड़ दिए हैं। यह आंकड़ा अपने आप में चौंकाने वाला है, क्योंकि उनसे अगले सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बांग्लादेश के जवाद अबरार हैं, जिनके नाम 33 पारियों में सिर्फ 55 छक्के दर्ज हैं। यानी सूर्यवंशी ने उनसे ठीक दोगुने छक्के, कम पारियों में लगाए हैं। इतना ही नहीं, वह यूथ वनडे में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। इस मामले में उन्होंने विजय जोल का रिकॉर्ड तोड़ा।

### फाइनल में भी टूटा रिकॉर्ड

**अंडर-19** विश्व कप फाइनल में इससे पहले सबसे बड़ा स्कोर ऑस्ट्रेलिया का 253/7 था, जो उसने 2024 में भारत के खिलाफ बनाया था। भारत ने इस बार उस रिकॉर्ड को भी काफी पीछे छोड़ दिया। यह भारत का अंडर-19 विश्व कप में तीसरा 400+ स्कोर है। दिलचस्प बात यह है कि दुनिया की किसी और टीम ने इस टूर्नामेंट में एक से ज्यादा बार 400 रन का आंकड़ा नहीं छुआ। अंडर-19 विश्व कप में सबसे बड़ा रन चेज भी भारत के ही नाम है। भारत ने बुधवार को सेमीफाइनल में अफगानिस्तान के खिलाफ 311 रन का लक्ष्य हासिल कर इतिहास रच दिया था। भारत की रिकॉर्डतोड़ पारियां यह साफ संकेत देती हैं कि अंडर-19 स्तर पर टीम इंडिया इस समय बाकी दुनिया से कई कदम आगे चल रही है।

# सीएम ने बुलाया विस का विशेष सत्र

## आरडीजी को लेकर भाजपा को घेरा, कहा-राजनीति करने के बजाए केंद्र से उठाएं मुद्दा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला में मीडिया से बातचीत में कहा कि 17 फरवरी को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। इसमें केंद्र सरकार द्वारा रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट (आरडीजी) बंद करने और प्रदेश की आर्थिक स्थिति को लेकर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि सत्र इसलिए बुलाया गया, ताकि प्रदेश की जनता को भी पता चले कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने 10 सालों में हिमाचल को क्या दिया है। सीएम ने कहा कि केंद्र से मिलने वाली करों की हिस्सेदारी हर साल बढ़ती है, लेकिन केंद्र सरकार ने हिमाचल की 10 हजार करोड़ सालाना की आरडीजी को ही बंद कर दिया है।

यह राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत नहीं है। रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट निरंतर 72 वर्ष से मिल रही थी। मुख्यमंत्री ने रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर कड़ा पलटवार करते हुए कहा कि अगर भाजपा वास्तव में हिमाचल के हित चाहती है तो राज्यपाल से मुलाकात के दौरान राजनीतिक आरोपों के बजाय आरडीजी से हुए नुकसान का मुद्दा उठाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आरडीजी का बंद होना प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर झटका है और इसका खामियाजा सीधे जनता को भुगतना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक फरवरी हिमाचल के इतिहास में काले दिन के रूप में दर्ज हो गया है।



शिमला में मीडिया से बातचीत करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू। अनंत ज्ञान

### राज्यपाल के पास आरडीजी बहाल करवाने के लिए जाते तो अच्छा होता

**सीएम** ने कहा कि अच्छा होता अगर भाजपा नेता राज्यपाल के पास हिमाचल की आरडीजी को बहाल करने के लिए गए होते। दरअसल, शुक्रवार सुबह भाजपा विधायक दल राज्यपाल के पास गया था। इन्होंने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर विधायक क्षेत्र विकास निधि और ऐच्छिक निधि को बहाल करने के निर्देश देने की मांग की। उन्होंने कहा कि आर्थिक स्थिति ठीक होने के बाद विधायक क्षेत्र विकास निधि जारी की जाएगी। यह विधायक निधि केवल भाजपा विधायकों की ही नहीं रोकी गई है, बल्कि कांग्रेस के विधायक की भी रोकी गई है।

### दिल्ली जाकर प्रदेश की आर्थिक मदद रुकवाने का प्रयास कर रहे भाजपा नेता

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने आरोप लगाया कि भाजपा के कुछ नेता दिल्ली जाकर हिमाचल सरकार की आर्थिक मदद रुकवाने का प्रयास कर रहे हैं, जो प्रदेश के साथ अन्याय है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने भाजपा नेताओं से अपील की कि वे तथ्यों पर आधारित राजनीति करें और दुष्प्रचार छोड़कर हिमाचल के हित में एकजुट हों। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि अब केवल वित्त मंत्री से नहीं, बल्कि सीधे प्रधानमंत्री से मुलाकात कर ही समाधान निकलेगा और इसके लिए वे स्वयं भाजपा विधायकों के साथ दिल्ली चलने को तैयार हैं। विधायक क्षेत्र निधि पर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि विधायक क्षेत्र विकास निधि और ऐच्छिक निधि किसी एक दल के लिए नहीं, बल्कि सभी विधायकों के लिए समान रूप से रोकी गई है। उन्होंने कहा कि जब तक राज्य की आर्थिक स्थिति पटरी पर नहीं आती, तब तक निधि जारी करना संभव नहीं है।

# रोहड़ू की नव्या ने शूटिंग में भारत के लिए जीता सोना

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले की रोहड़ू तहसील के कांसाकोटी क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाली दसवीं कक्षा की छात्रा नव्या ठाकुर ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय शूटिंग बाल विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। कम उम्र में हासिल की गई इस बड़ी उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि हिमाचल की बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 1 से 3 फरवरी तक नई दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित की गई, जिसका आयोजन शूटिंग बाल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा अंतरराष्ट्रीय शूटिंग बाल फेडरेशन के बैनर तले किया गया। प्रतियोगिता में भारत, न्यूजीलैंड, कनाडा, नेपाल, म्यांमार, सूडान, अमेरिका और श्रीलंका सहित आठ देशों की महिला और पुरुष टीमों ने हिस्सा लिया। महिला वर्ग में भारतीय टीम ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि पुरुष वर्ग में कनाडा की टीम ने बाजी मारी। इस विश्व कप में नव्या ठाकुर ने भारतीय महिला टीम में नेटर की जिम्मेदारी निभाई और टीम की जीत में निर्णायक योगदान दिया। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, विद्यालय, शिक्षकों और प्रशिक्षकों में खुशी की लहर है। हिमाचल प्रदेश शूटिंग बाल एसोसिएशन ने भी इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अप्रैल माह में नव्या के सम्मान में विशेष समारोह आयोजित करने की घोषणा की है।



◆ द्वितीय शूटिंग बाल विश्व कप में किया कमाल, रोशन किया हिमाचल का नाम

# पाकिस्तान में आत्मघाती हमले में 31 लोगों की मौत, 169 घायल

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में जुमे की नमाज के दौरान शिया मस्जिद (इमामबाड़ा) में आत्मघाती हमला हुआ। पाकिस्तानी अखबार टाइम्स ऑफ इस्लामाबाद के मुताबिक, हमले में 31 लोगों की मौत हो गई है और 169 घायल हुए हैं। पुलिस और रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर पहुंच चुकी है और राहत का काम शुरू कर दिया है।

अस्पतालों को अलर्ट पर रखा गया और घायलों को वहां पहुंचाया जा रहा है। इस्लामाबाद के पुलिस चीफ ने पूरे शहर में इमरजेंसी घोषित कर दी है। अधिकारियों को आशंका है कि हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। अभी तक किसी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने धमाके में मारे गए लोगों के लिए शोक जताया है। उन्होंने कहा कि बेगुनाह लोगों को निशाना बनाना इंसानियत के खिलाफ है। जरदारी ने घायलों के जल्द ठीक होने की दुआ की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि घायलों को हर संभव बेहतर इलाज की सुविधा दी जाए। (अनंत ज्ञान)



# नेपाल बैतड़ी में बस गहरी खाई में गिरी, 13 बारातियों की मौत

**एजेंसी, पिथौरागढ़।** पिथौरागढ़ के झूलाघाट कस्बे में भारतीय सीमा से लगे नेपाल बैतड़ी में वीरवार देर रात्रि भीषण सड़क हादसा हुआ। हादसे में 13 बारातियों की मौत हो गई, जबकि 34 गंभीर घायल हो गए। घायलों में कई गंभीरों की हालत नाजुक बताई जा रही है। मौत का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। बताया जा रहा है कि वीरवार देर रात्रि बैतड़ी के पुरचुंणी नगरपालिका 7 भवने गांव से दुल्हन लेकर बजांग के सुनकुडा जा रही बस पुरचूंणी के बड़गांव मोड़ पर अनियंत्रित होकर करीब 150 मीटर गहरी खाई में जा गिरी. हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई। 34 गंभीर घायल बताए जा रहे है। घायलों को स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में रेस्क्यू कर नजदीकी हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। (अनंत ज्ञान)



# महाराष्ट्र में तीन नक्सली ढेर, एक जवान शहीद

## गढ़चिरौली के फोदेवाडा में सी-60 जवानों ने वीरवार को शुरू किया था सर्च ऑपरेशन

**एजेंसी, मुंबई**

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली के फोदेवाडा इलाके स्थित अबूझमाड़ के जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच चल रही मुठभेड़ में शुक्रवार को तीन नक्सली मारे गए हैं। इस मुठभेड़ में सी-60 का एक जवान का बलिदान हो गया है, जबकि दूसरा घायल है। घायल जवान का इलाज जारी है और उसकी तबीयत स्थिर बताई गई है।

गढ़चिरौली जिले के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि भामरागढ़ तहसील के फोदेवाडा इलाके के अबुझमाड़ जंगल में गोपनीय जानकारी के आधार पर सी-60 के जवानों ने वीरवार से सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। इसी दौरान जंगल में छिपे नक्सलियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में कल एक नक्सली की मौत हो गई थी और एक जवान भी घायल हुआ था। लेकिन पुलिस टीम ने इस ऑपरेशन को आज सुबह फिर से शुरू किया, जो अभी भी जारी है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने नक्सलियों के दो अड्डों को ध्वस्त कर दिया है और उन अड्डों पर तलाशी के दौरान एक महिला माओवादी और एक पुरुष माओवादी के शव बरामद किए हैं। इस ऑपरेशन अब तक कुल 3 माओवादी मारे जा चुके हैं, लेकिन तीनों की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। मारे गए नक्सलियों के पास से एक एकके -47 और एक एसएलआर राइफल बरामद की गई है।

मुठभेड़ में घायल जवान दीपक चिन्ना मडावी (38) को तत्काल हेलिकॉप्टर से भामरागढ़ उपजिला अस्पताल में लाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई, जबकि जवान जोगा मडावी भी गोली लगने से घायल हो गए। उन्हें तुरंत हेलिकॉप्टर से बाहर निकाला गया और भामरागढ़ में फर्स्ट एड दिया गया। (अनंत ज्ञान)



# हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही सोमवार तक स्थगित

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के लगातार हंगामे के चलते शुक्रवार को लोकसभा की कार्यवाही पहले दोपहर 12 बजे तक और बाद में पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की अगली कार्यवाही अब सोमवार, 9 फरवरी को सुबह 11 बजे पुन: शुरू होगी। सदन की कार्यवाही पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होते ही प्रश्नकाल के दौरान विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी और हाथों में प्लेकार्ड लेकर सदन के बीचोंबीच आ गए। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि बजट सत्र में अब तक सदन के 19 घंटे 13 मिनट हंगामे की भेंट चढ़ चुके हैं। अध्यक्ष ने कहा कि प्रश्नकाल सभी सदस्यों का समय होता है और जनता ने सांसदों को चर्चा और संवाद के लिए भेजा है, न कि पोस्टर और नारेबाजी के लिए।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि नियोजित तरीके से गतिरोध पैदा कर सदन की मर्यादा समाप्त की जाती है, तो ऐसे सदन को चलाना संभव नहीं है। इस बीच केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें कल सबने बालक कहा। आज पीएम की पाठशाला थी, जिसमें बच्चों को कामयाब होना बताया गया। अगर राहुल भी पीएम की पाठशाला में चले जाएं तो जिंदगी में कामयाब हो जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## राहत | आरबीआई ने रेपो रेट में नहीं किया बदलाव, ब्याज दर 5.25% पर रखी बरकरार

# महंगा नहीं होगा लोन लेना, ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी

**एजेंसी, मुंबई**

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग में लिए फैसलों की जानकारी दी। यह मीटिंग 4 फरवरी को शुरू हुई थी। इस बार रेपो रेट में बदलाव नहीं किया गया है। इसे 5.25% पर बरकरार रखा है। यानी लोन महंगे नहीं होंगे और आपकी ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 6 फरवरी को मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग में लिए फैसलों की जानकारी दी। बैंक ने दिसंबर में ब्याज दर 0.25% घटाकर 5.25% की थी। आरबीआई जिस रेट पर बैंकों को लोन देता है, उसे रेपो रेट कहते हैं। जब आरबीआई रेपो रेट घटाता है, तो बैंकों को सस्ता कर्ज मिलता है और वो इस फायदे को ग्राहकों तक पहुंचाते हैं। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि महंगाई का दबाव फिलहाल कम है। सिर्फ सोना-चांदी जैसे कीमती धातुओं के मामले में थोड़ा असर दिख रहा है। इसकी वजह वैश्विक स्तर पर इनकी कीमतों में उतार-चढ़ाव है।

बाकी ज्यादातर चीजों के लिए कीमतें काबू में है। आगे की योजना को लेकर उन्होंने कहा कि अप्रैल में आने वाले अगले पॉलिसी स्टेटमेंट में आरबीआई पूरे साल के लिए रिटेल महंगाई दर का अनुमान पेश करेगा। तब तक नई सीरीज के तहत और ज्यादा डेटा भी उपलब्ध हो जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### 2025 में रेपो रेट में कुल 1.25% की कटौती की

**आरबीआई** ने फरवरी 2025 में ब्याज दरों को 6.5% से घटाकर 6.25% कर दिया था। मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की यह कटौती करीब 5 साल बाद की गई थी। दूसरी बार अप्रैल में हुई मीटिंग में भी ब्याज दर 0.25% घटाई गई। जून में तीसरी बार दरों में 0.50% कटौती की थी। दिसंबर में 0.25% की कटौती के बाद ब्याज दरें 5.25% पर आ गई थी।

### डिजिटल लेनदेन में फ्रॉड हुआ तो मिलेगा मुआवजा

**अब** छोटे अमाउंट वाले डिजिटल ट्रांजेक्शन में फ्रॉड होने पर ग्राहकों को 25 हजार रुपए तक का मुआवजा दिया जाएगा। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि हाल के दिनों में कई धोखाधड़ी वाले ट्रांजेक्शन हुए हैं, जिन्हें रोकने के लिए रिजर्व बैंक ने कई कदम उठाए हैं। इसी सिलसिले में हम डिजिटल पेमेंट की सुरक्षा बढ़ाने के उपायों पर एक डिस्कशन पेपर भी जारी करने वाले हैं। इन उपायों में क्रेडिट लिमिट की लेयरिंग और बुजुर्गों जैसे खास तरह के यूजर्स के लिए एक्स्ट्रा ऑथेंटिकेशन शामिल हो सकते हैं।



### रेपो रेट ?

**आरबीआई** जिस ब्याज दर पर बैंकों को लोन देता है उसे रेपो रेट कहते हैं। रेपो रेट कम होने से बैंक को कम ब्याज पर लोन मिलेगा। बैंकों को लोन सस्ता मिलता है, तो वो अकसर इसका फायदा ग्राहकों को पास कर देते हैं। यानी, बैंक भी अपनी ब्याज दरें घटा देते हैं। जब महंगाई बहुत ज्यादा होती है, तो सेंट्रल बैंक पॉलिसी रेट बढ़ाकर इकोनॉमी में मनी फ्लो को कम करने की कोशिश करता है। इकोनॉमी में मनी फ्लो कम होता है तो डिमांड में कमी आती है और महंगाई घट जाती है। इसी तरह जब इकोनॉमी बुरे दौर से गुजरती है तो रिकवरी के लिए मनी फ्लो बढ़ाने की जरूरत पड़ती है। ऐसे में सेंट्रल बैंक पॉलिसी रेट कम कर देता है।

# सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिग को दी गर्भपात की परमिशन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को 17 साल की एक नाबालिग लड़की की 30 हफ्ते की प्रेग्नेंसी को मेडिकल टर्मिनेट करने की परमिशन दी। कोर्ट ने कहा कि किसी महिला, खासकर नाबालिग को, उसकी इच्छा के खिलाफ प्रेग्नेंसी जारी रखने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जवल भुयान की बेंच ने बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश को रद्द किया। कोर्ट के सामने मामला एक नाबालिग लड़की का था, जो पड़ोस के एक लड़के के साथ रिश्ते के दौरान प्रेग्नेंट हो गई थी और उसने मांग की है कि उसकी प्रेग्नेंसी खत्म कर दी जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई के जेजे हॉस्पिटल को निर्देश दिया कि वे सावधानियों को ध्यान में रखते हुए लड़की का मेडिकल गर्भपात करें। मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट में कहा गया था कि यदि गर्भावस्था को पूरा समय दिया जाए तो मां और बच्चे की जान को कोई तुरंत कोई खतरा नहीं है। इसके बावजूद कोर्ट ने कहा कि मां की इच्छा और उसका अपने शरीर पर अधिकार सबसे ज्यादा जरूरी है। अगर कोई महिला, खासकर नाबालिग प्रेग्नेंसी जारी नहीं रखना चाहती तो कोर्ट उसे मजबूर नहीं कर सकता। (अनंत ज्ञान)

# अफवाह और झूठ कांग्रेस का राजनीतिक चरित्र : जयराम

## कहा, कांग्रेस सरकार को जनता का ध्यान भटकाने और केंद्र पर दोषारोपण करने की आदत अब छोड़नी होगी

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, अनंत, मंडी।** मंडी में आयोजित एक विशेष जागरूकता अभियान और भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर तीखा प्रहार किया और स्पष्ट शब्दों में कहा कि अफवाह फैलाना, सफेद झूठ बोलना और जनता को सुनियोजित तरीके से गुमराह करना ही कांग्रेस का असली राजनीतिक चरित्र बन चुका है।

उन्होंने विशेष रूप से मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण और केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन-ग्रामीण' को लेकर कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम की कड़ी आलोचना करते हुए तथ्यों के साथ स्पष्ट किया कि राज्य की सुक्खू सरकार अपनी प्रशासनिक विफलताओं, विकास कार्यों की ठप पड़ी गति और गहरे आर्थिक कुप्रबंधन को छिपाने के लिए लगातार केंद्रीय बजट और दिल्ली की नीतियों के बारे में प्रदेशवासियों के बीच झूठ परोस रही है।



जनसमूह को संबोधित करते जयराम ठाकुर। अनंत ज्ञान

इस अवसर पर स्थानीय विधायक अनिल शर्मा, जिलाध्यक्ष निहाल चंद शर्मा, जिला प्रभारी बलदेव भंडारी, सह प्रभारी भीमसेन शर्मा और मेयर वीरेंद्र भट्ट सहित भाजपा के तमाम वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही जहां सभी ने एकजुट होकर कांग्रेस के इस दुष्प्रचार के खिलाफ जमीनी स्तर पर जन-अभियान चलाने का दृढ़ संकल्प लिया।

मंडी में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत के दौरान नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वे हर बात पर केंद्र सरकार को कोसने और भाजपा सांसदों को बेवजह घेरने के बजाय इस बात पर आत्मचिंतन करें कि हिमाचल को वर्तमान आर्थिक बदहाली से कैसे उबारा जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा बिलासपुर में दिए गए उस बयान का भी करारा जवाब दिया जिसमें सुक्खू ने जयराम ठाकुर के नेतृत्व में राजस्व अनुदान घाटा ग्रांट पर केंद्र के सामने हिमाचल का पक्ष रखने की बात कही थी।

जयराम ठाकुर ने दो टूक कहा कि वे प्रदेश हित के लिए मुख्यमंत्री के साथ कहीं भी, किसी भी समय चलने के लिए तैयार हैं और उन्हें इसमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन मुख्यमंत्री को पहले केंद्र के सामने अपना पक्ष प्रभावी ढंग से रखने की कला सीखनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस आरडीजी ग्रांट को लेकर केवल शोर मचा रही है, जबकि केंद्र सरकार ने बहुत पहले ही वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुरूप इस ग्रांट को धीरे-धीरे बंद करने के संकेत दे दिए थे। इसके विपरीत, वर्तमान केंद्रीय बजट में बहुत कुछ ऐसा है जिससे पर्वतीय राज्यों को अनेकों लाभ पहुंच रहे हैं, जिसमें टैक्स के स्टेट शेयर में 10 प्रतिशत की ऐतिहासिक बढ़ोतरी एक ताजा उदाहरण है। जयराम ने जोर देकर कहा कि सुक्खू सरकार को अपनी गारंटियों से मुकरने और जनता का ध्यान भटकाने के लिए केंद्र पर दोषारोपण करने की आदत अब छोड़नी होगी, क्योंकि हिमाचल की प्रबुद्ध जनता अब उनके इस छलावे को पहचान चुकी है।

### सराज त्रासदी की याद में छलके जयराम के आंसू

**दोपहर** बाद जयराम ठाकुर मंडी स्थित संस्कृत सदन में सराज छात्र कल्याण संघ के वार्षिक कार्यक्रम 'आद्यंत' में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे, तो वहां का माहौल अत्यंत भावुक हो गया। आयोजकों द्वारा किए गए भव्य स्वागत के बाद जब ठाकुर मंच से छात्र-छात्राओं को संबोधित करने खड़े हुए, तो 29 जून 2025 की उस भीषण प्राकृतिक त्रासदी का जिक्र करते हुए उनकी आंखें भर आईं और गला रुंध गया। उन्होंने भारी मन से कहा, 'सराज के इतिहास में वह एक ऐसी काली रात थी जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। सराज की जनता के प्रति अपना दर्द साझा करते हुए उन्होंने युवाओं से मार्मिक अपील की और विश्वास दिलाया कि जिस सराज को उन्होंने अपने शासनकाल में विकास के शिखर पर पहुंचाया था, उसे इस आपदा के जख्मों से उबारकर वे पुनः विकास के क्षितिज पर ले जाएंगे। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि युवा पीढ़ी के सहयोग और अपनी संस्कृति व संस्कारों की शक्ति से हम मिलकर सराज को फिर से एक 'आदर्श क्षेत्र' बनाएंगे।

# परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने अनुष्का से किया सीधा संवाद




### पहाड़ों से राष्ट्रीय मंच तक लाहुल की बेटी अनुष्का की उड़ान

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, केलांग।** स्कूली छात्रों को परीक्षा से जुड़े तनाव से मुक्त करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा 2026' आयोजित हुआ। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल उदयपुर की 10वीं कक्षा की छात्रा अनुष्का को प्रधानमंत्री से सीधे संवाद करने का अवसर मिला। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का प्रदेशभर के स्कूलों में प्रभावी प्रसारण सुनिश्चित करने के लिए समग्र शिक्षा की ओर से विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। इन निर्देशों और एससीईआरटी के सहयोग से हिमाचल प्रदेश के स्कूलों में छात्रों और शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी की।

अनुष्का हिमाचल प्रदेश से एकमात्र छात्रा थीं, जिन्हें परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री से सीधे संवाद का अवसर मिला। उनके साथ एस्कॉर्ट शिक्षिका पूनम आनंद मौजूद रहीं। अनुष्का के लिए यह अनुभव जीवन का सबसे अनूठा और अविस्मरणीय क्षण बन गया। कार्यक्रम में अनुष्का सहित देशभर से 36 चयनित छात्र शामिल हुए, जिन्होंने प्रधानमंत्री से सीधे संवाद किया।

### अनुष्का बोली- 'एग्जाम वारियर्स' से बदली सोच

**दिल्ली** में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री से संवाद करते हुए अनुष्का ने उनकी पुस्तक 'एग्जाम वारियर्स' का उल्लेख किया और बताया कि इस पुस्तक ने उन्हें परीक्षा के डर से बाहर निकलने में मदद की है। अनुष्का ने कहा कि पहले जब परीक्षा की डेटशीट जारी होती थी, तो उन्हें डर लगने लगता था, लेकिन एग्जाम वारियर्स पढ़ने के बाद उनका डर खत्म हो गया है। उन्होंने बताया कि इस पुस्तक का मूल संदेश यही है कि परीक्षा को बोझ नहीं, बल्कि उत्सव की तरह लेना चाहिए, जिससे आत्मविश्वास बढ़ता है।

### स्कूल व क्षेत्र में खुशी का माहौल

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उदयपुर की छात्रा अनुष्का (कक्षा दसवीं) को 'परीक्षा पे चर्चा-2026' में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का सम्मान मिला। देश के 36 विद्यार्थियों में चयनित होने पर विद्यालय व जनजातीय क्षेत्र में गर्व और खुशी का माहौल बना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कार्यक्रम में परीक्षा, तनाव प्रबंधन और सकारात्मक दृष्टिकोण पर चर्चा हुई। प्रधानाचार्य सुरेश विद्यार्थी ने अनुष्का की मेहनत और समर्पण की प्रशंसा की और उम्मीद जताई कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को प्रेरित करेगी।

# चंबा-किलाड़-लेह कॉरिडोर को मिले रणनीतिक दर्जा : हर्ष महाजन

अनंत ज्ञान



### राज्यसभा में गूंजी पांगी घाटी की पीड़ा

**राहुल सहगल, चंबा।** भाजपा नेता एवं राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने आज राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले की पांगी घाटी को हर मौसम में सड़क संपर्क से जोड़ने की जोरदार मांग उठाई।

उन्होंने कहा कि लगभग आठ महीने तक कटे रहने वाले इस जनजातीय बहुल क्षेत्र में सड़क कनेक्टिविटी की कमी से स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी सुविधाएं बुरी तरह प्रभावित होती हैं। चंबा-किलाड़ सड़क को ऑल-वेदर रोड में विकसित करने और करीब 8.5 किलोमीटर लंबी चेनी पास टनल के निर्माण से न केवल पांगी का भौगोलिक अलगाव खत्म होगा, बल्कि पर्यटन, स्थानीय रोजगार और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी नई रफ्तार मिलेगी।

हर्ष महाजन ने चंबा-किलाड़-लेह कॉरिडोर के सामरिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह मार्ग राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके विकसित होने से पठानकोट से लेह और कारगिल की दूरी में बड़ी कमी आएगी। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि इस पूरे कॉरिडोर को रणनीतिक रक्षा मार्ग घोषित कर इसके निर्माण और रखरखाव की जिम्मेदारी बॉर्डर रोड्स ऑर्गेनाइजेशन को सौंपी जाए।

### सुरंग से पांगी घाटी का होगा विकास : भरमौरी

**जिला** कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत भरमौरी ने राज्यसभा में सांसद हर्ष महाजन द्वारा उठाए गए चैनी पास सुरंग और किलाड़-लेह ऑल-वेदर कॉरिडोर के मुद्दे का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं पांगी घाटी को वर्षभर सुरक्षित संपर्क, बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और पर्यटन अवसर उपलब्ध कराएंगी। रणनीतिक दृष्टि से भी यह अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के पास सेना और आपदा प्रबंधन में मददगार होगी। भरमौरी ने केंद्र और राज्य से इन्हें रणनीतिक परियोजनाएं घोषित कर बीआरओ को निर्माण की जिम्मेदारी देने की मांग की।



# रक्षा मंत्री के पत्र से छावनी क्षेत्रों के नागरिकों को बड़ी राहत का मार्ग प्रशस्त : कश्यप

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आधिकारिक पत्र से देशभर की छावनी परिषदों में रहने वाले नागरिकों को बड़ी राहत मिलने की दिशा में ठोस पहल हुई है।



उन्होंने बताया कि छावनी परिषदों के अंतर्गत आने वाले नागरिक क्षेत्रों को अलग कर निकटवर्ती नगर निकायों में विलय करने की प्रक्रिया को लेकर रक्षा मंत्रालय ने महत्वपूर्ण प्रगति की पुष्टि की है। यह विषय उन्होंने लोकसभा में नियम 377 के तहत उठाया था, ताकि वर्षों से लंबित इस मांग को गति मिल सके।

सुरेश कश्यप ने बताया कि रक्षा मंत्रालय ने 38 छावनियों के लिए संबंधित पक्षों की समितियां गठित कर नागरिक क्षेत्रों को अलग करने और नगर निकायों में विलय की कार्यप्रणाली की समीक्षा की है। इनमें से 37 छावनियों, जिनमें हिमाचल प्रदेश की सभी छह छावनियां शामिल हैं, के प्रस्ताव राज्य सरकारों को सहमति के लिए भेज दिए गए हैं और अब उनकी औपचारिक स्वीकृति अपेक्षित है।

# राज्यपाल से एनसीसी गणतंत्र दिवस परेड प्रतिभागियों से की शिष्टाचार भेंट

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से लोक भवन में नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने वाले हिमाचल प्रदेश के एनसीसी बालक एवं बालिका कैडेट्स ने शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने सभी कैडेट्स को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने पर बधाई दी और उनके अनुशासन, समर्पण तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।

इस अवसर पर उन्होंने गणतंत्र दिवस शिविर में भाग लेने वाले हिमाचल के सभी एनसीसी कैडेट्स के उत्साहवर्धन हेतु 50,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की।



राज्यपाल के साथ एनसीसी गणतंत्र दिवस परेड के कैडेटस। अनंत ज्ञान

इस वर्ष हिमाचल प्रदेश के 21 एनसीसी कैडेट्स पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ निदेशालय के दल का हिस्सा रहे, जिनमें 10 बालक और 11 बालिकाएं शामिल थीं। दल में कुमारी कृतिका शर्मा भी सम्मिलित रहीं, जिन्होंने 18 मई 2025 को माउंट एवरेस्ट पर सफल आरोहण कर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया। भेंट के दौरान कैडेट्स ने राज्यपाल के साथ अपने अनुभव साझा किए।

कैडेट्स को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का विषय है कि राज्य के 21 कैडेट्स ने गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेकर अपनी प्रतिभा, अनुशासन और प्रतिबद्धता का परिचय दिया।

# बिलासपुर में सीएम सुक्खू के शक्ति प्रदर्शन में दिखी कांग्रेस की एकजुटता

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का एकदिवसीय बिलासपुर दौरा केवल सरकारी कार्यक्रमों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह दौरा कांग्रेस पार्टी की संगठनात्मक मजबूती, एकजुटता और विकास के स्पष्ट एजेंडे का खुला शक्ति प्रदर्शन बनकर सामने आया। लंबे समय से कांग्रेस संगठन में चल रही अंदरूनी खींचतान की चर्चाओं के बीच यह दौरा यह संदेश देने में सफल रहा कि पार्टी विकास के मुद्दे पर पूरी तरह एकजुट है।



मुख्यमंत्री सुक्खू के बिलासपुर पहुंचते ही राजनीतिक माहौल बदला हुआ नजर आया। कांग्रेस के सभी गुटों के नेता और कार्यकर्ता एक मंच पर दिखाई दिए। जिन नेताओं के बीच दूरी की चर्चाएं लंबे समय से चल रही थीं, वे भी मुख्यमंत्री के साथ मंच साझा करते नजर आए। यह दृश्य अपने आप में विपक्ष के लिए एक स्पष्ट राजनीतिक संकेत था कि कांग्रेस अब अंदरूनी मतभेदों को पीछे छोड़कर आगे बढ़ रही है।

दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने बिलासपुर जिले को करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी। सड़कों के शिलान्यास, स्वास्थ्य, शिक्षा और आधारभूत ढांचे से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यों के उद्घाटन और शिलान्यास किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास के मामले में किसी भी क्षेत्र के साथ भेदभाव नहीं करेगी और हर जिले को समान प्राथमिकता दी जाएगी।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने मंच से यह भी स्पष्ट किया कि कांग्रेस सरकार जनता के हितों को सर्वोपरि मानकर काम कर रही है। उन्होंने संकेत दिए कि जो ताकतें विकास में बाधा बनेंगी, उन्हें जनता खुद जवाब देगी। सीमावर्ती और रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बिलासपुर जिले में विकास कार्यों की घोषणा सरकार के आत्मविश्वास को दर्शाती है।

राजनीतिक जानकारों के अनुसार मुख्यमंत्री का यह दौरा कांग्रेस संगठन के लिए संजीवनी साबित हुआ है। कार्यकर्ताओं में उत्साह और नेताओं के बीच समन्वय साफ तौर पर नजर आया। संगठनात्मक मजबूती और विकास की स्पष्ट दिशा ने यह संकेत दिया है कि कांग्रेस अब किसी भी तरह की अंदरूनी अस्थिरता को स्वीकार करने के मूड में नहीं है। कुल-मिलाकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का बिलासपुर दौरा विपक्ष के लिए चेतावनी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए उत्साहवर्धक साबित हुआ। विकास की घोषणाओं और संगठन की एकजुटता ने यह साफ कर दिया कि बिलासपुर अब केवल राजनीतिक चर्चाओं का केंद्र नहीं, बल्कि सत्ता संतुलन और विकास का मजबूत केंद्र बनकर उभर रहा है।


### सीएम ने थपथपाई युवा और अनुभवी नेताओं की पीठ

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने बिलासपुर दौरे के दौरान कांग्रेस के जमीनी और सक्रिय नेताओं की खुले मंच से सराहना की। उन्होंने झंडूता विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता विवेक कुमार, सदर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता बंबर ठाकुर तथा घुमारवीं से सरकार में मंत्री राजेश धर्माणी की पीठ थपथपाते हुए संगठन और विकास कार्यों में उनकी भूमिका को अहम बताया। मुख्यमंत्री का यह संदेश साफ था कि पार्टी में मेहनत करने वाले युवा और अनुभवी नेताओं को सरकार पूरा सम्मान और भरोसा दे रही है।

# अब लोकसभा केवल शोर सभा बन गई है : शांता

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने लोकसभा की कार्यप्रणाली पर गहरी चिंता जताते हुए कहा है कि यह देश का सबसे बड़ा दुर्भाग्य है कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की लोकसभा का स्तर लगातार गिरता जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब लोकसभा दुर्भाग्यवश शोर सभा बनकर रह गई है।



शांता कुमार ने कहा कि हालिया घटनाक्रम ने विश्व पटल पर भारत के 140 करोड़ लोगों को शर्मसार किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सुरक्षा आशंकाओं के चलते प्रधानमंत्री लोकसभा में आकर अपना भाषण तक नहीं दे सके। सदन में आपत्तिजनक नारेबाजी और एक सदस्य को गद्दार कहे जाने जैसी घटनाएं लोकसभा के इतिहास में पहले कभी नहीं देखी गईं।

उन्होंने कहा कि अपने 92 वर्ष के जीवन में, जिसमें वे 33 वर्ष तक विधायक, लोकसभा व राज्यसभा सदस्य, दो बार मुख्यमंत्री और दो बार केंद्रीय मंत्री रहे, उन्होंने लोकसभा में ऐसा व्यवहार कभी नहीं देखा। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में मिले अनुभवों का उल्लेख करते हुए कहा कि कल का दृश्य देखकर उनकी आंखें शर्म से झुक गईं।

शांता ने कहा कि देश को गुलामी से मुक्त कराने के लिए हजारों देशभक्तों ने बलिदान दिए, फांसी के फंदों को चूमा, और लोकसभा में हुए इस व्यवहार को देखकर उनकी आत्माएं भी व्यथित होंगी। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से आत्ममंथन करने और लोकसभा की गरिमा बचाने की अपील की।

# बजट 2026-27 विकसित भारत का बूस्टर डोज : अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने शुक्रवार बड़ोदरा के आईसीएआई भवन में केंद्रीय बजट 2026-27 पर बुद्धिजीवियों और मीडियाकर्मियों के साथ संवाद करते हुए बजट के प्रावधानों, प्राथमिकताओं और दूरगामी प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने बड़ोदरा के एक प्राथमिक विद्यालय में छात्रों, स्थानीय सांसद हेमांग जोशी तथा अन्य गणमान्यों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को सुना और विद्यार्थियों से संवाद भी किया।



अनुराग ने कहा कि 2014 से अब तक मोदी सरकार की बजट दृष्टि समावेशी रही है, जिसमें किचन से लेकर कारखाने तक और गांव से लेकर शहर तक समाज के हर वर्ग की आकांक्षाओं को स्थान दिया गया है। उनके अनुसार यह बजट युवा-शक्ति संचालित बजट है, क्योंकि देश की 140 करोड़ आबादी में 65 प्रतिशत युवा हैं और 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की पूर्ति इन्हीं युवाओं की नेतृत्वकारी भूमिका से संभव होगी। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पूंजीगत व्यय का लक्ष्य बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपए किया गया है, जो पिछले वित्त वर्ष में 11.2 लाख करोड़ रुपए था। यह बजट मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान को नई गति देने वाला है तथा एमएसएमईएस, लघु और कुटीर उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए सशक्त करेगा। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में देश में अटल टिंकरिंग लैब, मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय, एम्स, एमबीबीएस और पीजी सीटों की संख्या में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है, जो भारत के ज्ञान-आधारित विकास का प्रमाण है। महिला सशक्तिकरण पर ठाकुर ने कहा कि बजट का 9.37 प्रतिशत हिस्सा महिलाओं और बालिकाओं के कल्याण के लिए आवंटित किया गया है, जिसमें पांच लाख करोड़ रुपए का प्रावधान है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 11.36 प्रतिशत अधिक है। कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय का संयुक्त बजट 4,35,779 करोड़ रुपए है, जिसमें कृषि का हिस्सा 1.32 लाख करोड़ रुपए है तथा किसानों की लागत घटाने के लिए 1.70 लाख करोड़ रुपए से अधिक की उर्वरक सब्सिडी प्रस्तावित की गई है। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया मिशन के विस्तार से जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं को बेहतर अवसर मिलेंगे और खेल विज्ञान व प्रौद्योगिकी का एकीकरण होगा।

**राहत** — पद विज्ञापित करने की तैयारी में संस्थान, बीओजी की बैठक में मिली अप्रूवल

# एनआईटी में फैकल्टी, टीचिंग, नॉन-टीचिंग की भर्ती का इंतजार खत्म

अनंत ज्ञान




विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। यहां स्थित सूबे के एकमात्र राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में फैकल्टी, टीचिंग और नॉन-टीचिंग के डेढ़ सौ से ज्यादा पदों को भरने की इंतजार खत्म हो गई है। बीओजी की बैठक में इसकी अप्रूवल मिलने के बाद संस्थान ने पदों को विज्ञापित करने के लिए तैयार किए जाने वाले टर्म्स एंड कंडीशन के अलावा आवेदन का स्वरूप तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

काबिले गौर यह है कि पिछले कई सालों से इस संस्थान में इन वर्गों की भर्ती नहीं हो पाई थी। अब संस्थान में स्टूडेंट्स की संख्या के मुताबिक इन पदों को भरने का प्रक्रिया शुरू होगी। हालांकि, बोर्ड आफ गवर्नर की जो बैठक हुई है उसके मिनिट्स अभी सार्वजनिक नहीं हुए हैं। लेकिन अप्रूवल बैठक में मिल जाने की वजह से भीतरी व्यवस्था में हलचल है। खुद संस्थान के डायरेक्टर भी इस प्रक्रिया को अंजाम देने के लिए बैठकों का दौर बने हुए हैं।

किसी भी संस्थान की फैकल्टी का हिस्सा सबसे महत्वपूर्ण रहता है। यहां पर स्टूडेंट की रेशो के मुताबिक टीचर्स की कमी पिछले कुछ सालों से महसूस हो रही थी। उम्मीद यह है कि तकरीबन 80 टीचर्स के पदों को भरने के लिए विज्ञापन जारी होगा। सही आंकड़ों का पता तो बैठक के मिनट्स सामने आने के बाद ही चल पाएगा, लेकिन इसके अलावा टेक्निकल स्टाफ की भी करीब दो दर्जन से ज्यादा भर्तियों को लेकर बैठक में चर्चा हुई है, जो एजेंडा उसमें शामिल किया गया था, उसमें नॉन-टीचिंग के भी तकरीबन तीन दर्जन से ज्यादा पदों को भरने के लिए हरी झंडी मिल चुकी है।

दरअसल में संस्थान को चेयरमैन देरी से मिला। जिस कारण बीओजी की बैठक काफी लंबे समय के बाद हुई है।

टीचर्स की भर्ती को लेकर यह संस्थान पिछली मर्तबा बर्खास्त डायरेक्टर विनोद यादव के समय खूब चर्चा में रहा था। तब मंत्रालय तक इसकी शिकायत हुई थी और जांच में भी इसका खुलासा हुआ था। मगर इस जांच के बाद असल स्थिति का अभी भी मुकम्मल तौर पर पर्दा नहीं उठ पाया है। जांच का एक हिस्सा अभी भी पेंडिंग चल रहा है और उस पर अंतिम फैसला कब होगा? इस पर भी सवाल निश्चित रूप में अभी भी खड़ा है, क्योंकि प्रदेश का यह सबसे महत्वपूर्ण संस्थान है और यहां पर बर्खास्त डायरेक्टर के समय संस्थान की भीतरी व्यवस्था में जो कोट पैदा हुआ उसका खामियाजा इसकी रैंकिंग ने खूब भुगता है।

रैंकिंग में अब थोड़ा-थोड़ा सुधार होना शुरू हुआ है। नहीं तो पिछले करीब 5 साल से संस्थान की रैंकिंग गिरने से यहां की पुरानी व्यवस्था पर काफी सवाल उठे थे। मगर मौजूदा डायरेक्टर के समय अब इन पदों को भरने की प्रक्रिया जैसे ही शुरू हुई है, उसकी तैयारी चालू हुई है। उम्मीद यही है कि संस्थान को टीचिंग के स्तर में सुधार मिलेगा। यही रैंकिंग को बढ़ाने के मामले में बुनियाद बनाता है।

### जल्दी शुरू होगी प्रक्रिया : डायरेक्टर

**संस्थान** के निदेशक डॉ. एचएम सूर्यवंशी का कहना है कि बैठक हो चुकी है और उसके मिनिट्स बहुत जल्दी सामने आ जाएंगे, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि फैकल्टी, टीचिंग और नॉन-टीचिंग के पदों को बढ़ाने के लिए विज्ञापन जारी करने से पहले उसका रूप स्वरूप तैयार किया जा रहा है। उस पर काम शुरू हो गया है। उम्मीद यही है कि डेढ़ सौ से ज्यादा पड़ इसमें भरे जाएंगे।



# विधायक निधि रोकने पर भड़का विपक्ष

## राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन, कहा-सरकार को जारी करें निर्देश

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश में विपक्ष पूरी तरह आक्रामक हो गया है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में भाजपा विधायक दल की सर्किट हाउस शिमला में हुई बैठक में सरकार के फैसलों को जनविरोधी बताते हुए आगे की रणनीति तय की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि सरकार पर संस्थागत और लोकतांत्रिक दबाव बढ़ाया जाएगा और हर मंच पर जनता से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा। इसी रणनीति के तहत भाजपा विधायक दल ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को विस्तृत ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि अक्तूबर 2025 के बाद से विधायक क्षेत्र विकास निधि पूरी तरह जारी नहीं की गई। बजट प्रावधान होने के बावजूद केवल आधी निधि जारी कर शेष राशि रोक दी गई, जिससे विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्य ठप हैं। प्राकृतिक आपदाओं और बुनियादी जरूरतों के समय यह निधि अत्यंत आवश्यक थी, लेकिन सरकार की उदासीनता ने हालात और कठिन बना दिए।



राज्यपाल शुक्ल से मिलते भाजपा विधायक। अनंत ज्ञान

जयराम ठाकुर ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में विपक्षी विधायकों की प्राथमिकताओं पर न तो डीपीआर बनाई गई और न ही उन्हें नाबार्ड को भेजा गया। जहां डीपीआर बनी भी, वहां उसे आगे बढ़ाने के बजाय रोक दिया गया। उनका कहना था कि यह रवैया समान विकास और लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ है और विपक्षी क्षेत्रों को योजनाबद्ध विकास से वंचित किया जा रहा है।

### सरकार को बैकफुट पर लाने की तैयारी

**भाजपा** विधायक दल ने राज्यपाल से आग्रह किया है कि सरकार को निर्देश दिए जाएं कि विधायक क्षेत्र विकास निधि और ऐच्छिक निधि तुरंत जारी की जाए तथा विपक्षी विधायकों की विकास प्राथमिकताओं की छक्कबनाकर नाबार्ड को भेजी जाए। विधायक दल ने साफ संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में योजना बैठकों और अन्य मंचों पर इन मुद्दों को और तीखे ढंग से उठाया जाएगा। कल की बैठक से लेकर आज के ज्ञापन तक विपक्ष की सक्रियता यह संदेश दे रही है कि भाजपा विधायक दल अब लगातार दबाव बनाकर सरकार को जवाबदेह बनाने के मूड में है।

# हिमाचल को नाबार्ड से उदार वित्तीय संबल, विकास को मिली नई रफ्तार

## तीन वर्ष लोक कल्याणकारी नीतियों, पारदर्शी प्रशासन व संरचनात्मक सुधारों के लिए समर्पित: सुक्खू

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार ने विकास की दिशा में एक निर्णायक और दूरगामी कदम बढ़ाया है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान नाबार्ड से 713.87 करोड़ रुपए की 73 योजनाओं की स्वीकृति यह दर्शाती है कि राज्य सरकार योजनाओं को केवल कागजों तक सीमित नहीं रखना चाहती, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारने के लिए पूरी गंभीरता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए विधायक प्राथमिकताओं के निर्धारण को लेकर ऊना, हमीरपुर और सिरमौर जिलों के विधायकों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि स्वीकृत योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि स्वीकृत योजनाओं में से 512.31 करोड़ रुपए की 55 योजनाएं लोक निर्माण विभाग से संबंधित हैं, जबकि 201.56 करोड़ रुपए की 18 योजनाएं जल शक्ति विभाग से जुड़ी हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि बजट का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित किया जाए तथा नाबार्ड कार्यालय में प्रतिपूर्ति दावे 15 मार्च 2026 से पहले जमा किए जाएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मार्च 2026 तक और अधिक विधायक प्राथमिकताओं को स्वीकृत करवाने के लिए प्रदेश सरकार लगातार प्रयासरत है।



सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू शिमला में नाबार्ड योजनाओं और विधायक प्राथमिकताओं को लेकर बैठक की अध्यक्षता करते हुए। अनंत ज्ञान

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार के तीन वर्ष लोक कल्याणकारी नीतियों, पारदर्शी प्रशासन और संरचनात्मक सुधारों के लिए समर्पित रहे हैं। सरकार का उद्देश्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना, युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाना, कमजोर वर्गों को सुरक्षा प्रदान करना और हिमाचल प्रदेश को हरित ऊर्जा संपन्न तथा आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर राज्य के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने दोहराया कि सरकार समावेशी और संतुलित विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**वित्त आयोग के फैसले पर सख्त रुख:** मुख्यमंत्री ने 16वें वित्त आयोग द्वारा संविधान के अनुच्छेद 275(1) के तहत मिलने वाले राजस्व घाटा अनुदान को बंद किए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वर्ष 1952 से 15वें वित्त आयोग तक यह अनुदान राज्यों की वित्तीय स्थिरता का आधार रहा है, लेकिन इसे बंद करना हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश पर्यावरण संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभाता है और देश को जल संसाधन उपलब्ध कराता है, इसके बावजूद इस प्रकार का निर्णय प्रदेश के हितों के विपरीत है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि 15वें वित्त आयोग ने हिमाचल प्रदेश के लिए 37,199 करोड़ रुपए के राजस्व घाटा अनुदान की सिफारिश की थी और कोरोना काल में पिछली सरकार को 11,431 करोड़ रुपए की सहायता प्राप्त हुई थी। अब अनुदान बंद होने से राज्य को लगभग 50 हजार करोड़ रुपए का नुकसान होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में राज्य सरकार को कुशल वित्तीय प्रबंधन के साथ-साथ राजस्व बढ़ाने के लिए कठोर निर्णय लेने पड़ेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के आगामी बजट में मध्यम वर्ग, किसानों और बागवानों की अपेक्षाओं की अनदेखी की गई है। हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था कृषि और बागवानी पर आधारित है, लेकिन बजट में न तो बागवानों के लिए सब्सिडी का प्रावधान है और न ही आधारभूत ढांचे के विकास का उल्लेख। उन्होंने भानुपल्ली-बिलासपुर और चंडीगढ़-बद्दी रेल परियोजनाओं के विस्तार को लेकर भी ठोस घोषणा न होने पर निराशा जताई और इसे सहकारी संघवाद की भावना के विपरीत बताया।

### ददाहू में कॉलेज भवन व बस स्टैंड के निर्माण तथा संगड़ाह में बिजली विभाग का डिविजन खोला जाए: विनय कुमार



**श्री** रेणुकाजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनय कुमार ने रेणुकाजी झील की डिसिल्टिंग, चिड़ियाघर में शेर लाने की प्रक्रिया तेज करने, सड़क नेटवर्क मजबूत करने और संगड़ाह स्वास्थ्य संस्थान की सेवाएं सुदृढ़ करने की मांग की। उन्होंने ददाहू में कॉलेज भवन और बस स्टैंड के निर्माण तथा संगड़ाह में बिजली विभाग का डिविजन खोलने का आग्रह किया।

### शिक्षण संस्थानों के निर्माणाधीन भवनों का कार्य शीघ्र पूरा करें: सुखराम चौधरी



**पांवटा** साहिब के विधायक सुखराम चौधरी ने शिक्षण संस्थानों के निर्माणाधीन भवनों का कार्य शीघ्र पूरा करने, हिमाचल और उत्तराखंड को जोड़ने वाले नावघाट पुल के निर्माण, सड़क नेटवर्क सुदृढ़ करने, गिरी सिंचाई नहरों की मरम्मत और औद्योगिक क्षेत्र में बिजली लोड सुधारने की मांग रखी।

### विधायकों के सुझावों से प्रदेश में विकास की गति और तेज होगी: भवानी सिंह पठानिया



**राज्य** योजना आयोग के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया ने विश्वास जताया कि विधायकों के सुझावों से प्रदेश में विकास की गति और तेज होगी। मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। बैठक में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### चिंतपूर्णी मंदिर विस्तार के लिए 130 करोड़ रुपए प्रदान: सुदर्शन बबलू



**चिंतपूर्णी** विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदर्शन बबलू ने चिंतपूर्णी मंदिर के विस्तार के लिए 130 करोड़ रुपए प्रदान करने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने स्तोथर पुल और चौकी-मन्यार कॉलेज का कार्य शीघ्र पूरा करने, जोल में सब फायर स्टेशन स्थापित करने और क्षेत्र में सड़कों के नेटवर्क को मजबूत करने की मांग रखी।

### गगरेट अस्पताल के लिए दो करोड़ रुपए की स्वीकृति : राकेश कालिया



**गगरेट** क्षेत्र के विधायक राकेश कालिया ने गगरेट अस्पताल के लिए दो करोड़ रुपये की स्वीकृति पर धन्यवाद जताते हुए शेष धनराशि जल्द जारी करने का आग्रह किया। उन्होंने भद्रकाली आईटीआई भवन और छह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं के भवन निर्माण कार्य पूर्ण करने, दौलतपुर चौक और मुबारकपुर में सीवरेज सुविधा तथा फ्लड प्रोटेक्शन के लिए पर्याप्त धनराशि की मांग की।

### ऊना नगर निगम में शामिल नए गांव को मूलभूत सुविधाएं मुहैया हों: सतपाल सिंह सत्ती



**ऊना** के विधायक सतपाल सत्ती ने नगर निगम ऊना में शामिल नए गांवों के लिए सीवरेज स्कीम बनाने, शहर की ड्रेनेज व्यवस्था सुदृढ़ करने, संतोषगढ़-ऊना पुल तथा बीडीओ कार्यालय के निर्माण कार्य को पूरा करने की मांग रखी। उन्होंने भभौर साहिब सिंचाई योजना को मजबूत करने पर भी जोर दिया।

### जल शक्ति विभाग की विभिन्न योजनाओं को करोड़ों रुपए स्वीकृत: विवेक शर्मा



**कुटलैहड़** के विधायक विवेक शर्मा ने जल शक्ति विभाग की विभिन्न योजनाओं के लिए 36.89 करोड़ रुपये और नई पेयजल योजना के लिए 14.93 करोड़ रुपए स्वीकृत करने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने बंगाणा में सीवरेज स्कीम का कार्य पूरा करने, बंगाणा-शांतला तथा थानाकलां-भाखड़ा सड़कों को सुदृढ़ करने और बंगाणा में सब जज कोर्ट खोलने की मांग रखी।

### भोरंज में क्रिटिकल केयर यूनिट के लिए 23.75 करोड़ रुपए मंजूर: सुरेश कुमार



**भोरंज** के विधायक सुरेश कुमार ने लदरौर-पट्टा पेयजल योजना शीघ्र आरंभ करने, नगर पंचायत की आधारभूत संरचना मजबूत करने, सब जज कोर्ट भवन और सीवरेज स्कीम बनाने की मांग की। उन्होंने भोरंज में क्रिटिकल केयर यूनिट के लिए 23.75 करोड़ रुपए देने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

### टौणीदेवी-ऊहल-कक्कड़-जंगलबैरी सड़क को अपग्रेड किया जाए: रणजीत सिंह



**सुजानपुर** के विधायक रणजीत सिंह ने सुजानपुर बीडीओ कार्यालय और पीएचसी चबूतरा के भवन निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने, टौणीदेवी-ऊहल-कक्कड़-जंगलबैरी सड़क को स्तरोन्नत करने और अस्पतालों में डॉक्टरों के रिक्त पद भरने की मांग रखी।

### दियोटसिद्ध से वोल्वो और बड़सर-एम्स बस सेवा हो शुरू: इंद्रदत्त



**बड़सर** के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने बड़सर और भोटा में नए बस अड्डों के निर्माण, स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने, रैली जजरी स्कूल के नए भवन और पीएचसी चकमोह को शुरू करने की मांग की। उन्होंने दियोटसिद्ध से वोल्वो बस और बड़सर-एम्स बस सेवा शुरू करने का आग्रह भी किया।

### हाब्बन घाटी, शिरगुल महाराज व भूरेश्वर महादेव मंदिर क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा दें: रीना कश्यप



**पच्छाद** की विधायक रीना कश्यप ने हाब्बन घाटी, शिरगुल महाराज और भूरेश्वर महादेव मंदिर क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने की मांग की। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हाब्बन का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया।

### नाहन मेडिकल कॉलेज में कॉर्डियोलॉजी विभाग खोलने स्टाफ नर्सों के पद भरने का आग्रह : अजय सोलंकी



**नाहन** के विधायक अजय सोलंकी ने नाहन मेडिकल कॉलेज में कॉर्डियोलॉजी विभाग खोलने, स्टाफ नर्सों के पद भरने, भोजपुर पुल के निर्माण और क्षेत्र में कम वोल्टेज की समस्या के समाधान का मुद्दा उठाया।

# कसौली हत्याकांड: पति के बाद भाई-भतीजी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के कसौली में पत्नी की हत्या मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासे किए। शनौगी गांव के आरोपी पति चतर सिंह के बाद उसके भाई नरेंद्र सिंह और भतीजी निकिता (19) को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इन दोनों पर आरोप है कि इन्होंने हत्या को आत्महत्या दर्शाने की कोशिश की।

पुलिस के अनुसार शनिवार रात चत्तर सिंह ने अपनी पत्नी सुमन (38) की गला दबाकर हत्या की। घटना के बाद घबराए चतर सिंह ने खुद को बचाने के लिए अपने भाई नरेंद्र सिंह और भतीजी निकिता के साथ मिलकर हत्या को आत्महत्या का रूप देने की साजिश रची।

आरोपियों ने सुमन के गले और शरीर पर कैंची से कई वार किए, ताकि यह लगे कि उसने खुद को नुकसान पहुंचाया है। इतना ही नहीं, साजिश को पुख्ता दिखाने के लिए चतर सिंह ने स्वयं को और निकिता को भी चाकू से हल्की चोटें पहुंचाईं। इसके बाद, मृतका के परिजनों को फोन कर झूठी कहानी सुनाई गई कि सुमन ने कमरे में खुद को बंद कर लिया था।

मृतका के पिता के कहने पर आरोपियों ने दरवाजा तोड़ने का नाटक भी किया, लेकिन पुलिस जांच में यह पूरी कहानी झूठी साबित हो गई। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के मुताबिक हत्या गला घोंटकर हुई है।

# सीयू का 9वां दीक्षांत समारोह 14 मार्च को, उपराष्ट्रपति होंगे मुख्यातिथि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय अपना 9वां दीक्षांत समारोह 14 मार्च को धर्मशाला में मनाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस संबंध में आधिकारिक कार्यालय आदेश जारी कर दिया है। इस वर्ष के दीक्षांत समारोह में भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उपराष्ट्रपति ने समारोह में शामिल होने की अपनी सहर्ष स्वीकृति प्रदान कर दी है। उनके साथ केंद्र एवं राज्य सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षाविद और अन्य गणमान्य अतिथि भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। दीक्षांत समारोह के दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न शिक्षण पाठ्यक्रमों के पात्र विद्यार्थियों को उनकी डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। साथ ही उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया जाएगा। सीयू के कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार सांख्यान द्वारा जारी आदेश के अनुसार दीक्षांत समारोह की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे आयोजन को सुव्यवस्थित, सुरक्षित और सफल बनाने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। विश्वविद्यालय प्रशासन का लक्ष्य इस दीक्षांत समारोह को एक यादगार और गरिमामयी आयोजन के रूप में स्थापित करना है।

# बाइक-टिप्पर की टक्कर, युवक घायल

अनंत ज्ञान

**बड़ूही (ऊना)।** उपमंडल बंगाणा के तहत चौकीमनयार-धमांदरी सड़क मार्ग पर दगरेडी गांव के समीप शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया। तीखे मोड़ पर बाइक और टिप्पर की आमने-सामने टक्कर में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।



घटनास्थल पर एकत्रित लोग। अनंत ज्ञान

जानकारी के अनुसार कुरयाला निवासी बीरबल पुत्र गुरमेल चंद अपने साथी मोहित शर्मा पुत्र रामप्रसाद के साथ बाइक नंबर एचपी 20जी-1398 पर सूरी पंचायत की ओर जा रहा था। इसी दौरान कैंट-अम्बेहड़ा सड़क निर्माण कार्य के लिए रेत-बजरी लेकर जा रहा टिप्पर नंबर एचपी 72 सी 7912 दगरेडी गांव के पास बाइक से टकरा गया। हादसे में बाइक चालक बीरबल की टांग टूट गई, जबकि पीछे बैठा मोहित शर्मा मामूली रूप से घायल हुआ। स्थानीय लोगों ने घायल को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धुसाड़ा पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे क्षेत्रीय अस्पताल ऊना रेफर कर दिया गया।

ग्रामीणों के अनुसार सड़क संकरी होने और तीखे मोड़ों के कारण इस मार्ग पर हादसों का खतरा बना रहता है। उन्होंने सड़क चौड़ी करने और सुरक्षा संकेतक लगाने की मांग की है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# भोरंज में सिंथेटिक ड्रग्स की ओवरडोज से युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। युवक का शव घर के एक कमरे में बिस्तर पर पड़ा मिला, जबकि उसकी नाक से खून बह रहा था। कमरे की तलाशी के दौरान पुलिस को खून से सनी इस्तेमाल की हुई सिरिंज और नशीला पदार्थ बरामद हुआ है। इससे आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत सिंथेटिक नशे की ओवरडोज से हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक नशे का आदी था। इसी कारण परिजनों ने पहले ही उसे संपत्ति से बेदखल कर दिया था। वह घर में अलग-थलग रह रहा था और परिवार से बातचीत भी नहीं करता था।

जानकारी के अनुसार युवक शादीशुदा था, जबकि उसकी पत्नी दिल्ली में नौकरी करती है। आशंका है कि उसकी मौत सुबह ही हो गई थी, लेकिन पूरे दिन किसी को इसकी जानकारी नहीं लगी। शाम करीब चार बजे परिजनों ने कमरे का दरवाजा खुला देखा और अंदर जाकर पाया कि युवक अचेत अवस्था में बिस्तर पर पड़ा है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। एसपी हमीरपुर बलबीर सिंह ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट हो पाएंगे।

# कांग्रेस से मिला सब कुछ, फिर भी विचारधारा से विश्वासघात : विनय

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा है कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा रवनीत सिंह बिट्टू को गद्दार कहना कोई भावनात्मक या व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं, बल्कि उनके पूरे राजनीतिक जीवन, नीयत और चरित्र का सटीक मूल्यांकन है।

उन्होंने कहा कि बिट्टू उन नेताओं में रहे हैं जिन्हें कांग्रेस ने बिना शर्त सम्मान, अवसर और पहचान दी, साधारण कार्यकर्ता से सांसद बनने तक का सफर पार्टी संगठन, कार्यकर्ताओं की मेहनत और राहुल गांधी जैसे नेताओं के भरोसे से तय हुआ। लेकिन सत्ता की चमक और निजी स्वार्थ के आगे उन्होंने विचारधारा बेच दी और भाजपा की शरण में जाकर कांग्रेस के विश्वास और निष्ठा को तोड़ दिया, जो केवल पार्टी छोड़ना नहीं बल्कि विचारों और नैतिकता से खुली गद्दारी थी।

विनय कुमार ने कहा कि कांग्रेस विचारधारा का घर है, लेकिन बिट्टू जैसे लोग यहां रहने नहीं, सिर्फ लेने आते हैं। उन्होंने कहा कि जिस दिन बिट्टू ने कांग्रेस छोड़ी, उसी दिन उनके दादा स्वर्गीय बेअंत सिंह की आत्मा को भी गहरी ठेस पहुंची होगी, जिन्होंने आतंकवाद के कठिन दौर में पंजाब और देश के लिए शहादत दी और कांग्रेस की गौरवशाली विरासत को अपने बलिदान से मजबूत किया।

दुखद विडंबना यह है कि जिस विचारधारा को बेअंत सिंह ने अपने खून-पसीने से सींचा, उसी को उनके पोते ने निजी महत्वाकांक्षा और सत्ता की हवस में बेच दिया। विनय कुमार ने कहा कि इतिहास में ऐसे अवसरवादी नेताओं का स्थान हमेशा छोटा रहा है।

# 'हिम चंडीगढ़ टाउनशिप' परियोजना के खिलाफ ग्रामीणों-किसानों का प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**सोलन।** प्रदेश सरकार की तरफ सोलन जिले के बद्दी क्षेत्र में प्रस्तावित 'हिम चंडीगढ़ टाउनशिप' परियोजना के खिलाफ ग्रामीणों और किसानों का विरोध तेज हो गया है। संयुक्त ग्रामीण किसान संघर्ष समिति के बैनर तले भारी संख्या में लोगों ने सोलन डीसी मनमोहन शर्मा को ज्ञापन सौंपा, जिसमें परियोजना रद्द करने की मांग की गई।

बद्दी के ग्रामीणों ने डीसी कार्यालय के बाहर जोरदार नारेबाजी की और सरकार पर बिना सहमति के सरकारी व निजी शामलात भूमि अधिग्रहण का आरोप लगाया। पूर्व प्रधान भाग सिंह, किसान संघर्ष समिति के कैशियर कृष्ण कुमार कौशल, हिमवेश संस्था के गुरदयाल सिंह व दीपू चंदेल जैसे नेताओं ने नेतृत्व किया। उन्होंने चेतावनी दी कि अधिसूचना वापस न हुई तो आंदोलन और तेज होगा।



डीसी को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। अनंत ज्ञान

**मुख्य मांगें:** उपजाऊ जमीन व चरागाहों का अधिग्रहण बंद हो।किसानों व ग्राम सभाओं से सहमति के बिना कोई कार्रवाई न हो।करीब 3428 बीघा भूमि पर लाखों पेड़ कटने से पर्यावरण व पशुधन को खतरा। पर्यावरण चिंताएंप्रतिनिधिमंडल ने कहा कि हजारों साल पुरानी वनस्पति नष्ट होने से प्रदूषण बढ़ेगा, वन्यजीव प्रभावित होंगे। उन्होंने इसे 'रेलवे प्रोजेक्ट जैसा धोखा' करार दिया और राज्यपाल व अदालत जाने की बात कही। पृष्ठभूमियह सुक्खू सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है, जो बद्दी के बाहरी इलाके में नया शहर बसाने का है। जनवरी से विरोध जारी है मलपुर व संडोली में बैठकें हुईं, मार्च निकाले गए। हालिया प्रदर्शन 5-6 फरवरी 2026 को हुआ। आगे की योजना ग्रामीणों ने संघर्ष को आर-पार बताया। डीसी ने शिकायत सुनी, लेकिन सरकारी प्रतिक्रिया का इंतजार। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहे हैं। यह किसानों की आजीविका व क्षेत्र के भविष्य से जुड़ा मुद्दा है।

**सूरत-ए-हाल** बढ़ती भीड़, लंबा इंतजार और रेफरल सिस्टम ने खड़े किए सवाल

# एम्स बिलासपुर में इलाज तो मिल रहा, लेकिन व्यवस्था अब भी अधूरी

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के पहले एम्स से जनता की उम्मीदें केवल इलाज तक सीमित नहीं थीं, बल्कि एक ऐसी स्वास्थ्य व्यवस्था की थी, जहां मरीज को भटकना न पड़े, बार-बार लाइन न लगानी पड़े और इलाज के साथ सम्मान भी मिले। एम्स बिलासपुर ने गंभीर बीमारियों के इलाज की दिशा में राहत जरूर दी है, लेकिन जमीनी हकीकत यह भी है कि यहां इलाज मिलने के बावजूद मरीजों की परेशानियां पूरी तरह खत्म नहीं हो पाई हैं। एम्स की ओपीडी में रोजाना सैकड़ों मरीज पहुंच रहे हैं। बिलासपुर के साथ-साथ हमीरपुर, ऊना, मंडी और दूरदराज के पहाड़ी इलाकों से भी लोग यहां इलाज के लिए आ रहे हैं। यह भरोसे का संकेत है, लेकिन इसी भरोसे ने सिस्टम पर भारी दबाव भी डाल दिया है।





एम्स बिलासपुर का प्रवेश द्वार। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

एम्स बिलासपुर में आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज की सुविधा उपलब्ध है, लेकिन मरीजों का कहना है कि प्रक्रियागत जटिलताएं, लंबा इंतजार और स्पष्ट जानकारी की कमी उनकी सबसे बड़ी परेशानी बन रही है।

कई मामलों में मरीजों को पहले ओपीडी, फिर अलग-अलग काउंटर और उसके बाद जांच की तारीखों का लंबा चक्र झेलना पड़ता है। गंभीर रोगी और बुजुर्ग मरीजों के लिए यह प्रक्रिया शारीरिक और मानसिक रूप से थकाने वाली साबित हो रही है। कुछ मरीजों को शुरुआती जांच के बाद यह भी बताया जा रहा है कि विशेष जांच या इलाज के लिए फिलहाल रेफरल की जरूरत पड़ेगी, जिससे एम्स तक पहुंचने के बाद भी उनका संघर्ष पूरी तरह खत्म नहीं होता।

### एम्स में इलाज, पर धैर्य की परीक्षा

**घुमारवीं** क्षेत्र के 58 वर्षीय रामलाल (नाम बदला हुआ) छाती में दर्द की शिकायत लेकर एम्स बिलासपुर पहुंचे। डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच कर इलाज की प्रक्रिया शुरू की, लेकिन परिवार का कहना है कि अलग-अलग काउंटर, कई तारीखें और लंबा इंतजार उनकी सबसे बड़ी परेशानी बन गया है। रामलाल के बेटे का कहना है कि एम्स आने से उम्मीद जगी थी, लेकिन इलाज के साथ-साथ रोज नई औपचारिकताएं सामने आ जाती हैं।

### एम्स पर बढ़ता मरीजों का दबाव

**एम्स** बिलासपुर में विशेषज्ञ डॉक्टर, प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ और अत्याधुनिक मशीनें उपलब्ध हैं, लेकिन मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण मानव संसाधन और सपोर्ट सिस्टम पर दबाव साफ नजर आने लगा है। सीमित समय में एक डॉक्टर को बड़ी संख्या में मरीज देखने पड़ रहे हैं, जिससे संवाद और मरीज संतुष्टि प्रभावित हो रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ की संख्या बढ़ाने, जांच प्रक्रियाओं को तेज करने और मरीज मार्गदर्शन प्रणाली को मजबूत करने पर ध्यान नहीं दिया गया, तो एम्स भी उसी दबाव में आ सकता है, जिससे राहत देने के उद्देश्य से इसकी स्थापना की गई थी।

### सवाल इलाज का नहीं, व्यवस्था की संवेदनशीलता का

**एम्स** बिलासपुर न तो असफल है और न ही निरर्थक। यह हिमाचल के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि नाम जितनी बड़ी उम्मीद देता है, व्यवस्था उतनी सहज अभी नहीं बन पाई है। इलाज मिल रहा है, पर मरीज चाहता है कि उसे रास्ता भी आसान मिले। अब सवाल सिर्फ सुविधाओं का नहीं, बल्कि सिस्टम की संवेदनशीलता और रफ्तार का है। क्या एम्स बिलासपुर आम आदमी के लिए सच में बिना भटकाव की अंतिम उम्मीद बनेगा, या फिर यहां भी मरीज को इलाज से पहले धैर्य की लंबी परीक्षा देनी पड़ेगी?

# बघाट बैंक के डिफॉल्टरों को एकमुश्त भुगतान का ऑफर, इसके बाद होगी सख्ती

अनंत ज्ञान

- 52 मामलों की सुनवाई एक को गिरफ्तारी के वारंट

**आर मोहन चौहान, सोलन।** बघाट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए सहकारिता विभाग ने डिफॉल्टरों के खिलाफ अब फिर से कार्रवाई शुरू कर दी है।

सहायक पंजीयक सहकारी समितियां सोलन गिरीश नड्डा ने स्पष्ट संकेत दे दिए हैं कि अब बकायेदारों के प्रति किसी भी तरह की नरमी नहीं बरती जाएगी। इसी कड़ी में हाल ही में एक विशेष और लंबी सुनवाई आयोजित की गई, जिसमें कुल 52 एग्जीक्यूशन मामलों पर विस्तार से विचार किया गया। इन मामलों में बैंक के करोड़ों रुपये लंबे समय से फंसे हुए हैं। वहीं, एनपीए मामलों की उच्च स्तरीय जांच अंतिम चरण में है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद जिम्मेदार अधिकारियों और दोषियों पर भी कार्रवाई की जाएगी। सुनवाई के दौरान एआरसीएस ने सभी बकायेदारों को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि उन्होंने तत्काल अपनी देनदारियों का निपटान नहीं किया, तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यह सुनवाई केवल औपचारिक प्रक्रिया नहीं रही, बल्कि डिफॉल्टरों के लिए एक कड़ा संदेश थी कि अब नोटिस और तारीखों का दौर समाप्त हो चुका है।

इस कार्रवाई का सबसे अहम और चौंकाने वाला पहलू एक ऋणी के खिलाफ जारी किया गया गिरफ्तारी वारंट रहा। संबंधित ऋणी द्वारा बार-बार भुगतान से बचने और विभागीय आदेशों की अवहेलना करने पर एआरसीएस ने सख्त रुख अपनाते हुए अरेस्ट वारंट जारी किया। इस कदम से जिले के बैंकिंग और सहकारी क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और अन्य बकायेदारों में भी चिंता बढ़ गई है।

इसके साथ ही विभाग ने शेष डिफॉल्टरों को बैंक की एकमुश्त निपटान योजना (ओटीएस) का अंतिम अवसर प्रदान किया है। अधिकारियों का कहना है कि यह योजना उन लोगों के लिए बेहतर मौका है, जो कानूनी कार्रवाई और पुलिस प्रक्रिया से बचते हुए सम्मानजनक तरीके से अपना खाता बंद करना चाहते हैं।

वहीं, चेक बाउंस से जुड़े मामलों के लिए 25 फरवरी की तारीख तय की गई है। एआरसीएस ने स्पष्ट किया है कि यदि तय समय तक चेक क्लियर नहीं हुए या राशि जमा नहीं करवाई गई, तो नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट के तहत सीधे अभियोग चलाया जाएगा।

# चामुंडा में बन रहा जिला का पहला 'शी हाट'

## ग्रामीण भंडार भवन को दिया गया नया रूप, रेस्टोरेंट सहित अन्य पर्यटन गतिविधियां होंगी संचालित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** श्री चामुंडा नंदिकेश्वर धाम के समीप जिला कांगड़ा के पहले शी हाट का निर्माण किया जा रहा है। जिस भवन को शी हाट का नाम दिया जा रहा है, उसे पहले ग्रामीण भंडार के नाम से जाना जाता था। यह भवन जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के अधीन था, जिसे रेनोवेट करके शी हाट का नाम दिया जा रहा है। शी हाट में रेस्टोरेंट सहित अन्य पर्यटन गतिविधियां का संचालन महिलाओं द्वारा किया जाएगा। यही नहीं धार्मिक स्थल होने के चलते श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम के साथ बहती बाणगंगा किनारे शी हाट के समीप घाट का निर्माण भी प्रस्तावित है।



चामुंडा नंदीकेश्वर धाम के समीप पहले शी हाट का निर्माण किया जा रहा है। अनंत ज्ञान

जानकारी के अनुसार ग्रामीण भंडार भवन को करीब 35 लाख रुपये की लागत से रेनोवेट करके शी हाट का नाम दिया जा रहा है। जिसका शुभारंभ इसी माह होने की संभावना है। गौरतलब है कि तीन मंजिला ग्रामीण भंडार भवन को मरम्मत की जरूरत थी, जिस पर प्रशासन ने इस भवन का जीर्णोद्धार कर इसे महिलाओं के रोजगार से जोडने् की पहल की है, उसी कड़ी में भवन को शी हाट का नाम दिया जा रहा है।

### क्या कहते हैं बीडीओ



**बीडीओ** धर्मशाला अभिनीत कात्यायन ने बताया कि श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम के साथ स्थित ग्रामीण भंडार को रेनोवेट करके शी हाट का नाम दिया गया है। इस भवन को शी हाट का नाम इसलिए दिया गया है, क्योंकि इसमें विभिन्न गतिविधियों का संचालन स्वयं सहायता समूहों, विलेज आर्गेनाजेशन व कलस्टर लेवल फेडरेशन की महिलाओं द्वारा किया जाएगा। जिला कांगड़ा का यह पहला शी हाट होगा, जिसका संचालन इसी माह शुरू किया जाएगा। इसमें श्रद्धालुओं व पर्यटकों के ठहरने के लिए कमरों, रेस्टोरेंट, पार्क व पार्किंग की सुविधा रहेगी। शी हाट का संचालन करने वाली महिलाएं स्थानीय व्यंजनों को तरजीह देंगी। शी हाट के पास बहती बाणगंगा के किनारे घाट निर्माण भी प्रस्तावित है, जिससे कि श्रद्धालु बाणंगा में स्नान करके देवी दर्शन कर सकें।

# स्वां खड्ड जंडौर में पुलिस की दबिश, पोकलेन व टिप्पर जब्त

- पंजाब-हिमाचल सीमा पर सख्ती, खनन कारोबारियों में हड़कंप
- डीएसपी का संदेश–सीमा क्षेत्र में अब नहीं चलेगा अवैध खनन

अनंत ज्ञान

**पिंकी, डाडासीबा।** पंजाब–हिमाचल सीमा से सटी स्वां खड्ड जंडौर में वीरवार देर रात अवैध खनन के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई कर खनन माफिया को बड़ा झटका दिया। रात करीब 11:30 बजे स्थानीय लोगों की सूचना व सहयोग से संसारपुर टैरस पुलिस ने मौके पर दबिश देकर खनन में लगी एक पोकलेन मशीन और एक टिप्पर को कब्जे में ले लिया। सूत्रों के अनुसार सीमा क्षेत्र में लंबे समय से अवैध खनन की गतिविधियों की शिकायतें मिल रही थीं। वीरवार रात जब स्वां खड्ड में मशीनों की आवाज गूंजी तो स्थानीय लोग सतर्क हो गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी।

थाना प्रभारी संजय शर्मा अपनी टीम सहित मौके पर पहुंचे और रंगे हाथों कार्रवाई करते हुए दोनों वाहनों को जब्त कर लिया। सीमावर्ती खड्डों में अवैध खनन न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि पर्यावरण संतुलन पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से खनन कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

डीएसपी डाडासीबा राजकुमार ने पुष्टि करते हुए बताया कि जब्त किए गए पोकलेन और टिप्पर का कोर्ट में चालान किया गया है। उन्होंने दो टूक कहा कि अवैध खनन पर पुलिस का शिकंजा आगे भी जारी रहेगा और कानून तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। अब सवाल यह है कि सीमा क्षेत्र में सक्रिय खनन नेटवर्क पर यह कार्रवाई कितनी कारगर साबित होती है। फिलहाल पुलिस की इस आधी रात की दबिश ने साफ संदेश दे दिया है सीमा पर अब अवैध खनन नहीं चलेगा।

## हैप्पी बर्थडे



जोगिंद्रनगर के जागृत भंगालिया को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## नई जोड़ी



भनबाड की अनू को और हटगड पाली के देशराज को परिणय सूत्र मे बधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### पासू व भटेड़ में में 9 को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल नंबर-2 धर्मशाला रमेश चंद ने बताया कि विद्युत लाइनों के सामान्य रखरखाव के चलते 11 केवी दाड़ी फीडर के क्षेत्रों पासू, भटेड़, पंतेहड़, मनेड़ तथा साथ लगते क्षेत्रों में 9 फरवरी को प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे या कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। खराब मौसम की स्थिति में, यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।

### नूरपुर पुलिस ने दो उद्घोषित अपराधी पकड़े



**अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, नूरपुर।** जिला पुलिस नूरपुर द्वारा उद्घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की गई है। एसपी कुलभूषण वर्मा के निर्देशन में पीओ सेल टीम ने दो उद्घोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पहली कार्रवाई में उद्घोषित अपराधी सरवन अली पुत्र रुस्तम, निवासी गांव जुगियाल, डाकघर शाहपुरकंडी, तहसील धारकलां, जिला पठानकोट (पंजाब), उम्र 34 वर्ष, को नाभा (ज़ीरकपुर) से गिरफ्तार किया गया। उसके विरुद्ध पुलिस थाना नूरपुर में दर्ज थी। वहीं दूसरी कार्रवाई में थाना डमटाल पुलिस ने करन महाजन पुत्र सुरेश कुमार, निवासी वीपीओ दौरंगाला, जिला गुरदासपुर (पंजाब) को गांव दौरंगाला से गिरफ्तार किया। उसके विरुद्ध एफआईआर संख्या 121/21 के तहत मामला दर्ज था। एएसपी धर्म चंद वर्मा ने बताया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### अंशिका ने इंग्लिश में नेट परीक्षा की उत्तीर्ण



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा शहर के मेन बाजार की अंशिका भारती ने अंग्रेजी विषय में 300 में से 172 नंबर लेकर नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की। अंशिका भारती ने अपनी स्कूली शिक्षा माउंट कार्मेल से (2019), सेक्रेड हार्ट (2021) की और स्नातक पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स (सेकंड 42) पीयू से संबद्ध (2024) में और वर्तमान में ईएफएल विश्वविद्यालय, हैदराबाद में अंग्रेजी विषय में एम.ए द्वितीय वर्ष में हैं। अंशिका ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता नीलम तथा भारती और अपने अध्यापकों शक्ति पाठक तथा रजनी सहगल को दिया। अंशिका भारती की इच्छा है कि वह जल्द ही कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्य करें।

### 5 डोगरा रेजिमेंट ने मनाया स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** उपमंडल बैजनाथ के बीड़ में शुक्रवार को 5 डोगरा रेजिमेंट द्वारा अपना 64वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया, जिसमें रेजीमेंट के सभी सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों और सिपाहियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि सेवानिवृत मेजर रमेश चंद कटुयीया ने शिरकत की। इस दौरान, सेवानिवृत्त कैप्टन जगदीश चंद, सेवानिवृत्त कैप्टन हरबंस लाल, सेवानिवृत्त कैप्टन बुद्धि सिंह, सेवानिवृत्त सूबेदार मनोहर जस्वाल और सेवानिवृत्त हवलदार करतार सिंह और बीड़ स्कूल के प्रधानाचार्य बीएम शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पधारे सभी सेवानिवृत्त सहयोगियों को मफलर पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम बीड़ विद्यालय की छात्र-छात्राओं और क्योर महिला मंडल की महिलाओं द्वारा प्रस्तुत किए गए।

### कैंसर के लक्षणों व इलाज की दी जानकारी



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घिरथौली में खंड चिकित्सा अधिकारी महांकाल डॉक्टर दिलावर देओल के दिशा निर्देशानुसार कैंसर जागरूकता दिवस के अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य विनय शर्मा की अध्यक्षता में मनाया गया। इस मौके पर डॉक्टर अभिषेक ठाकुर, खंड स्वास्थ्य पर्यवेक्षक रवि स्याल, स्वास्थ्य कार्यकर्ता शबनम,सीएचओ सुमित कौर तथा आशा अपस्थित रहीं। रवि स्याल ने कहा कि कैंसर भारत में तेजी से बढ़ता हुआ रोग है। उन्होंने बच्चों को इस रोग के लक्षणों को शीघ्र पहचानने, रोग से बचाव तथा समय पर सही इलाज लेने के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

### नशे के खिलाफ सहयोग करेंगे निखिल



**अनंत ज्ञान, योल।** जिला कांगड़ा के एंटी करप्शन मीडिया इन्वेस्टिगेशन के नए प्रेसिडेंट बने निखिल कौंडल, ये सिद्धपुर योल (धर्मशाला) के रहने वाले हैं। निखिल ने कहा कि आने वाले समय में देश और बढ़ते नशे के लिए सहयोग करेंगे। स्टेट चेयरमैन आयुष कौशल ने इनकी सराहना करते हुए आने वाले समय में अच्छा काम करने के लिए कहा है।

### जिला कांगड़ा पेंशनर्स संघ की बैठक कल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पेंशनर्स संघ, खंड कांगड़ा की एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं निर्णायक बैठक 8 फरवरी को हैलिक्स कॉन्वेंट स्कूल, कंडी रोड, दौलतपुर में आयोजित की जा रही है। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष सरदार पुरुषोत्तम सिंह धन्ना करेंगे। इस बैठक की विशेष उपस्थिति में कल्याण भंडारी, राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन उपस्थित रहेंगे, जो पेंशनर्स से जुड़े ज्वलंत मुद्दों, अधिकारों की रक्षा, लंबित मांगों तथा भविष्य की रणनीति पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। बैठक में पेंशनर्स की लंबित देयताओं, महंगाई राहत, चिकित्सा सुविधाओं, सम्मानजनक पेंशन व्यवस्था सहित अन्य अहम विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा तथा आगामी आंदोलनात्मक व संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी।

# फतेहपुर में पेंशनर्स फोरम की बैठक में लंबित वित्तीय लाभों पर फूटा आक्रोश

- स्मार्ट मीटर लागू नहीं होने देने का किया ऐलान

अनंत ज्ञान

**रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** जिला कांगड़ा के फतेहपुर में हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड पेंशनर फोरम फतेहपुर यूनिट की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता यूनिट की उपाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता वीर सिंह ठाकुर ने की।

इस अवसर पर यूनिट के मुख्य सलाहकार एवं सेवानिवृत्त सहायक अभियंता धर्म कपूर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में धर्म कपूर ने अपने संबोधन में विद्युत बोर्ड के प्रबंधन वर्ग एवं प्रदेश सरकार पर पेंशनरों को मिलने वाले वित्तीय लाभों को जारी करने में अनावश्यक देरी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बार–बार ज्ञापन सौंपने और मांगें उठाने के बावजूद पेंशनरों की जायज़ समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। इसे लेकर पेंशनर फोरम ने हिमाचल सरकार और विद्युत बोर्ड प्रबंधन के खिलाफ गहरा रोष व्यक्त करते हुए सभी लंबित वित्तीय लाभ शीघ्र जारी करने की मांग की।

पेंशनर फोरम ने बताया कि मार्च 2024 के बाद सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अब तक लीव इनकैशमेंट और ग्रेच्युटी का भुगतान नहीं किया गया है। वहीं 01 जनवरी 2016 से 31 मार्च 2022 की अवधि के दौरान सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को भी संशोधित लीव इनकैशमेंट और ग्रेच्युटी की राशि आज तक नहीं मिली है। इसके अतिरिक्त 70 और 75 वर्ष आयु वर्ग के पेंशनरों की बकाया राशि भी लंबे समय से लंबित पड़ी हुई है। फोरम ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा 25 जनवरी को 31 जनवरी तक एरियर जारी करने की घोषणा की गई थी, लेकिन आज तक उस पर अमल नहीं हो पाया है। फोरम ने दो टूक शब्दों में कहा कि किसी भी कीमत पर स्मार्ट मीटर प्रदेश में लागू नहीं होने दिए जाएंगे। पेंशनरों ने आरोप लगाया कि सरकार चहेती कंपनियों को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से यह योजना थोप रही है, जिसका सीधा नुकसान आम उपभोक्ताओं को उठाना पड़ेगा। स्मार्ट मीटर लगने से विद्युत बोर्ड में कार्यरत कर्मचारियों के बेरोजगार होने का खतरा भी बना रहेगा। साथ ही रिचार्ज आधारित व्यवस्था के कारण ग्रामीण और दूरदराज़ क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। फोरम ने साफ शब्दों में कहा कि प्रदेश में पुराने मीटरों को कबाड़ नहीं बनने दिया जाएगा।

# बिजली संशोधन विधेयक के विरोध में 12 को टूल और पेन डाउन स्ट्राइक का आह्वान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** बिजली संशोधन विधेयक–2025 एवं इसके प्रावधानों को लागू किए जाने के विरोध में धर्मशाला में संयुक्त एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ज्वाइंट एक्शन कमेटी (जेएसी) के कन्वीनर इंजीनियर सूर्य प्रकाश जैन ने की। बैठक में हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड कर्मचारी यूनियन के उप महासचिव अश्वनी ठाकुर, महासचिव संजीव ठाकुर, ईश्वर लाल, जॉइंट सेक्रेटरी कुलदीप, पेंशनर्स प्रतिनिधि, धर्मशाला यूनिट के सभी सचिव सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान बिजली संशोधन विधेयक–2025 से उत्पन्न होने वाले दुष्प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा इस विधेयक के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष को तेज करने का निर्णय लिया गया। विशेष रूप से 12 फरवरी 2026 को प्रस्तावित टूल डाउन–पेन डाउन को पूर्ण रूप से सफल बनाने के लिए आवश्यक रणनीति, सहयोग और संगठनात्मक मजबूती पर विचार–विमर्श किया गया। सभी वक्ताओं ने कर्मचारियों, पेंशनर्स एवं आम जनता से आह्वान किया कि वे इस जनविरोधी विधेयक के खिलाफ प्रस्तावित आंदोलन में बढ़–चढ़कर भाग लें और बिजली क्षेत्र के निजीकरण के प्रयासों का पुरजोर विरोध करें। बैठक में निर्णय लिया गया कि 12 फरवरी 6 को आयोजित होने वाले टूल डाउन–पेन डाउन के अतिरिक्त भोजन अवकाश के दौरान शांतिपूर्ण प्रदर्शन भी किया जाएगा।

# डाइट प्रशिक्षुओं ने देखा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** शुक्रवार को आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को डाइट धर्मशाला में स्टाफ सहित प्रशिक्षुओं ने देखा। इस दौरान संस्थान के 130 प्रशिक्षु उपस्थित रहे। परीक्षा पे चर्चा के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा कही बातों को प्रशिक्षुओं ने ध्यानपूर्वक सुना। इस दौरान डिप्टी डायरेक्टर क्वालिटी कंट्रोल कम डीपीओ (एसएस) भाग सिंह, डाइट प्रिंसिपल राकेश शर्मा, डिंपल कंवर सहित स्टाफ व टीचर ट्रेनी उपस्थित रहे।

# सुभाषपुर गांव का युवक चरस संग गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा क्षेत्र के गांव सुभाषपुर (डाकखाना त्यामल) से जुड़े 24 वर्षीय युवक मंजीत सिंह, पुत्र जोगिंद्र सिंह को जोगिंद्रनगर पुलिस ने 148 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया था। इस खबर के फैलते ही त्यामल व आसपास के क्षेत्रों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान बाइक पर आ रहे युवक को जांच के लिए रोका। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 148 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत आरोपी को हिरासत में लेकर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े युवक के इस मामले में पकड़े जाने से स्थानीय लोग स्तब्ध हैं। शांत माने जाने वाले पहाड़ी इलाकों में नशे की दस्तक ने अभिभावकों और समाजसेवियों की चिंता बढ़ा दी है। घटना के बाद डाडासीबा पुलिस भी सतर्क हो गई है और क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने की तैयारी है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी यह खेप कहां से लाया और किसे पहुंचाने वाला था। इस गिरफ्तारी ने एक बार फिर संकेत दिया है कि नशे के खिलाफ सख्त अभियान की जरूरत अब गांव–गांव तक है।

# सीयू को छठी बार मिली राष्ट्रीय स्तरीय चैंपियनशिप की मेजबानी, ऑल इंडिया इंटर जोनल वुमन कबड्डी 9 से

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** भले ही सेंट्रल यूनिवर्सिटी के पास अपना स्थायी भवन नहीं है। इसके बावजूद यूनिवर्सिटी प्रशासन पिछले पांच वर्षों से लगातार अखिल भारतीय स्तर की चैंपियनशिप का सफल आयोजन करवाता आ रहा है।

बेहतर प्रबंधन व खिलाड़ियों को उपलब्ध करवाई जाने वाली सुविधाओं के बूते ही इस मर्तबा छठी बार सेंट्रल यूनिवर्सिटी हिमाचल प्रदेश को आल इंडिया इंटर जोनल वुमन कबड्डी चैंपियनशिप की मेजबानी मिली है। जिसका आयोजन धर्मशाला में 9 से 12 फरवरी तक किया जाएगा। जिसमें देश भर की विभिन्न यूनिवर्सिटीज के 224 से अधिक खिलाड़ी और ऑफिशियल भाग लेने धर्मशाला आएंगे। सेंट्रल यूनिवर्सिटी के स्पोटर्स डायरेक्टर सुमन शर्मा की देखरेख में इस बार भी चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है।



प्रो. सत प्रकाश बंसल प्रेसवार्ता करते हुए। अनंत ज्ञान

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. सत प्रकाश बंसल ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि चैंपियनशिव का आयोजन 9 से 12 फरवरी तक किया जाएगा। चैंपिशनशिप में भाग लेने 224 कबडडी खिलाड़ी देश भर से धर्मशाला आएंगे।

9 फरवरी को उदघाटन समारोह में प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद डा. राजीव भारद्वाज शिरकत करेंगे। प्रो. बंसल ने कहा कि हाल ही में आयोजित महिला कबड्डी

- धर्मशाला आएंगे देशभर के 224 खिलाड़ियों सहित ऑफिशियल

वर्ल्ड कप की विजेता भारतीय टीम का हिस्सा रही हिमाचल प्रदेश की खिलाड़ी भी धर्मशाला में आयोजित की जा रही आल इंडिया इंटर जोनल वुमन कबडडी चैंपियनशिप में शिरकत करेंगी। इसके अलावा हरियाणा के अर्जुन अवार्डी व कबड्डी की पुरुष टीम के कैप्टन दीपक हुडडा भी चैंपियनशिप में धर्मशाला में मौजूद रहेंगे।

# नौकरी लेने के लिए 9 को आईटीआई गंगथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) गंगथ में 9 फरवरी, 2026 को एचआर इंडस्ट्री, जालंधर द्वारा कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने बताया कि इस साक्षात्कार के माध्यम से 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग के 100 युवाओं का चयन किया जाएगा। संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी सुरिंदर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कैंपस साक्षात्कार में वे सभी अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं, जिन्होंने वर्ष 2020 से 2025 के बीच मशीनिस्ट, फिटर, वेल्डर, टर्नर, टूल एंड डाई मेकर, ग्राइंडर, इलेक्ट्रोप्लेटिंग, इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिक डीजल, एमएमवी, प्लंबर आदि ट्रेडों में आईटीआई उत्तीर्ण की हो। चयनित अभ्यर्थियों को 18,693 रुपये मासिक वेतन के साथ नि:शुल्क आवास सुविधा भी प्रदान की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी 9 फरवरी को प्रात: 10:00 बजे अपने साथ दसवीं, जमा दो, आईटीआई प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की फोटोकॉपी तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो लेकर आईटीआई गंगथ, जिला कांगड़ा में उपस्थित हो सकते हैं। जानकारी के लिए 98159–99210, 97794–61331 नंबर पर संपर्क करें।

# काठगढ़ मेधावी छात्रवृत्ति परीक्षा में छाए तृप्ता स्कूल के 11 छात्र



मेधावी छात्रवृत्ति परीक्षा में छाए तृप्ता स्कूल के छात्र। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ज्वाली।** तृप्ता पब्लिक स्कूल के 11 विद्यार्थियों ने काठगढ़ मेधावी छात्रवृत्ति परीक्षा 2025–26 को उत्तीर्ण कर मुख्य मेरिट सूची में अपना स्थान हासिल किया है। इन सभी छात्रों महा शिवरात्रि के पावन उपलक्ष्य पर प्राचीन शिन मंदिर कमेटी काठगढ़ द्वारा सम्मानित किया जाएगा। यह परीक्षा 28 दिसंबर को आयोजित की गई जिसमें इलाके के 17 परीक्षा केंद्रों में 2582 विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जिसमें तृप्ता स्कूल चलवाड़ा के विद्यार्थियों ने अपना स्थान बनाया है। इस परीक्षा में विद्यालय के कक्षा दसवीं के समर्थ डडवाल ने 72 अंक नवृत्ती 66 अंक नव्या 63 अंक केशव 60 अंक और शौर्यवीर ने 60 प्राप्त कर छात्रवृत्ति हासिल की है कक्षा बारहवीं में नॉन मेडिकल के मयंक कुमार ने 66 अंक दिव्यांशी 65 अंक और आश्रित गुलेरिया ने 65 अंक मेडिकल में मयंक नरियाल ने 79 अंक अच्युत राणा ने 73 अंक कक्षा पांचवीं की सान्वी ने 85 अंक लेकर विद्यालय एवं अपने माता पिता का नाम रोशन किया है।

इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और स्कूल प्रधानाचार्य राकेश राणा ने बच्चों को बधाई देते हुए अपने संदेश में कहा है कि विद्यालय से बाहर आयोजित होने वाली परीक्षा में अपना स्थान बनाना और विद्यालय एवं अपने माता पिता का नाम रोशन करना प्रसन्नता का विषय है इस उपलक्ष्य पर समस्त स्टाफ ने सभी बच्चों को बधाई दी है।

# अब 18–19 को होगा न्यूअस का जॉब फेयर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** न्यूअस धर्मशाला में युवाओं के लिए रोजगार के सुनहरे अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से यूथ एम्प्लॉयमेंट जॉब फेयर–2026 का आयोजन अब 18 एवं 19 फरवरी को किया जाएगा। न्युअस धर्मशाला में विभिन्न 12 आईटी व आईटीएस कंपनियों की ओर से 150 से 200 के करीब लोगों को रोजगार प्रदान किया जाएगा। न्यूअस धर्मशाला के डायरेक्टर दिनेश शर्मा ने बताया कि अब 19 से 20 फरवरी को इंटरव्यू किए जाएंगे। रजिस्ट्रेशन फीस भी 599 से घटाकर अब 299 कर दी गई है। अब तक धर्मशाला में आईटी–आईटीएस के लिए 57 के करीब युवाओं ने रजिस्ट्रेशन करवाई है। न्युअस की ओर से युवाओं को इंडस्ट्री के लिए तैयार करने के प्रयास किए जा रहे हैं। दिनेश शर्मा ने बताया कि इसके लिए कांगड़ा सहित समस्त हिमाचल से युवा आईटी व आईटीएस के लिए आवेदन कर सकते हैं। साथ ही अब बिना आईटी व आईटीएस वाले युवाओं को भी नौकरी प्रदान किए जाने के लिए कंपनी ने हामी भरी है। जॉब फेयर में 10 से 12 प्रतिष्ठित आईटी एवं आईटीईएस कंपनियां भाग लेंगी, जिनमें एक 200 के करीब पदों पर भर्ती की जाएगी। प्रमुख पदों में डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई, फुल स्टैक डेवलपर, वेब डेवलपर, टेक्निकल सपोर्ट, सेल्स एवं मार्केटिंग, डिजिटल मार्केटिंग और ग्राफिक डिजाइनिंग जैसे क्षेत्र शामिल हैं।



# बिजली विधेयक से उपभोक्ता-कर्मचारी सेवा होगी प्रभावित

## बैठक में रणनीति तय, एचपीएसईबी कर्मचारी व पेंशनर्स ने 12 को पेन डाउन-टू डाउन हड़ताल का लिया निर्णय

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड ज्वाइंट एक्शन कमेटी जिला हमीरपुर की मीटिंग संयोजक कामेश्वर दत्त शर्मा की अध्यक्षता में हमीरपुर में आयोजित की गई। इस मीटिंग में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित बिजली संशोधन विधेयक-2025 व उसके प्रावधानो को लागू करने के लिए की जा रही स्मार्ट मीटर के संदर्भ में चर्चा की गई, क्योंकि बिजली क्षेत्र देश की बुनियादी सार्वजनिक सेवा है जिसका सीधा संबंध हर घर, किसान, छोटे व्यापारी, उद्योग, कर्मचारी और आम नागरिक के जीवन से है।

प्रस्तावित बिजली संशोधन विधेयक में ऐसे कई प्रावधान शामिल है, जिनसे बिजली कंपनियों का निजीकरण कर उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढने तथा कर्मचारियों, पेंशनरों की सेवा व सामाजिक सुरक्षा प्रभावित होगी। संयोजक कामेश्वर दत ने बताया कि प्रदेश के बिजली कर्मचारी व अभियंताओं द्वारा इस संशोधन विधेयक व इसमें निहित निजीकरण के प्रावधानों को लागू करने के लिए की जा रही स्मार्ट मीटरिंग के खिलाफ एनसीसीओईईई के राष्ट्रीय अवाहन पर 12 फरवरी को समूचे प्रदेश में पेन डाउन-टू डाउन की हड़ताल व भोजन अवकाश के दौरान बोर्ड कार्यालयों के बाहर पेंशनर्ज व आम जनता का सहयोग लेते हुए विरोध प्रदर्शन करने का फैसला लिया है। प्रस्तावित बिजली संशोधन विधेयक, 2025 व उसके प्रावधानो को लागू होने से निजी कंपनियों को वितरण क्षेत्र में प्रवेश का रास्ता आसान होगा। एचपी विद्युत पेंशनर्स फोरम के कुलदीप सिंह खरवाड़ा ने कहा कि लाभ कमाने के उद्देश्य से काम करने वाली कंपनियां सस्ती और लाभ सब्सिडी वाली बिजली देने के बजाए मुनाफे को प्राथमिकता देगी, जिससे घरेलू कृषि और छोटे उपभोक्ताओं की बिजली महंगी होगी। कॉस सब्सिडी व्यवस्था पर असर पड़ेगा क्योंकि, वर्तमान व्यवस्था में बड़े उपभोक्ताओं से अधिक दर लेकर गरीब व कमजोर वर्गों को रियायती दर पर बिजली दी जाती है। संशोधन के बाद यह व्यवस्था कमजोर पड़ेगी जिससे किसानों, गरीब परिवारों और ग्रामीण उपभोक्ताओं को सीधा आर्थिक झटका लगेगा। स्मार्ट मीटरिंग से प्रदेश के उपभोक्ताओं पर इसके भारी भरकम खर्चे का बोझ पड़ेगा।



बैठक में उपस्थित कर्मचारी और पेंशनर्स। अनंत ज्ञान

इसके साथ प्रीपेड व्यवस्था से गरीब और सीमित आय वाले उपभोक्ताओं को बिजली उपयोग से पहले भुगतान करने का दबाव होगा। इससे बिजली जैसी आवश्यक सेवा भी रीचार्ज आधारित सुविधा बन जाएगी। मल्टी लाइसेंसी व्यवस्था से निजी कंपनियां लाभ वाले क्षेत्रों को चुनेंगी, जबकि घाटे वाले ग्रामीण व दुर्गम क्षेत्र सरकारी दबाव होगा। इससे बिजली जैसी आवश्यक सेवा भी रिचार्ज आधारित सुविधा बन जाएगी। मल्टी लाइसेंसी व्यवस्था से निजी कंपनियां लाभ वाले क्षेत्रों को चुनेंगी, जबकि घाटे वाले ग्रामीण व दुर्गम क्षेत्र सरकारी कंपनियों पर छोड़ दिए जाएगें। इससे बिजली बोर्ड आर्थिक रुप से कमजोर हो जाएगा जिसका सीधा असर इसके कर्मचारियों, पेंशनर्ज व उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। निजीकरण और ढांचागत बदलावों से कर्मचारियों की नौकरी, सेवा शती, पेंशन और भविष्य की सुरक्षा पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ेगा।

वहीं स्मार्ट मीटरिंग से आउटसोर्स कर्मचारियों के साथ 2 नियमित कर्मचारियों की सेवाएं भी प्रभावित होगी। इस मीटिंग में यह निर्णय लिया गया कि ज्वाइंट एक्शन कमेटी जिला हमीरपुर के समस्त कर्मचारी व अभियन्ता 12 फरवरी को पेन डाउन-टू डाउन को अमलीजामा देते हुए काम का बहिष्कार करेंगे व दोपहर 1.00 बजे भोजन अवकाश के दौरान पेंशनर्ज सहित मुख्य अभियंता (परि) (ई. एस.) मटन सिद्ध के कार्यालय के बाहर इक्कठा होंगे व विरोध प्रदर्शन को कामयाब बनाएंगें।

इस मीटिंग में इंजीनियर राहुल कपिल, ग्रेजुएट इंजीनियर एसोसिएशन, इंजीनियर डी. एस. डटवालिया, पेंशनर्ज वैलफेयर एसोसिएशन, कुलदीप सिंह खरवाड़ा एच. पी. विद्युत पेंशनर्स फोरम, इंजीनियर मनोहर लाल डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन, इंजीनियर प्रशांत, जूनियर इंजीनियर डिप्लोमा एसोसिएशन, नितीश भारद्वाज, प्रदेशाध्यक्ष एचपीएसइबी इम्पला सी. एस चंदेल व ई दीपक चौहान, ई अशोक शर्मा, ई पंकज राणा, ई. सुनील दत्त, राजकुमार, कृष्णपाल, विधि चन्द, प्रेमचंद, परमजीत राजेश सह संयोजक व अन्य ने भाग लिया।

# कक्कड़ में खाई में गिरी बारात से लौट रही कार, एक की मौत और दो घायल

अनंत ज्ञान



**सुजानपुर।** थाना सुजानपुर के तहत कक्कड़ में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। ऊहल से भेरड़ा बारात लेकर लौट रही एक आल्टो कार (एचपी-24बी-1876) अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा ऊहल, टौणीदेवी सड़क पर शाम करीब आठ बजे हुआ। यह हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए। घायल यात्रियों की हालत भी गंभीर बताई जा रही है। घायलों में किन्नौर के विकी और राजस्थान के राजू बताए गए हैं। मृतक पूर्व सैनिक था तथा अब दुकान करता था तथा घायल हुए दोनों लोग उसके पास काम करते थे। तीनों शादी समारोह में शामिल होने कार में गए थे कि यह हादसा हो गया। मृतक की पहचान देशराज (55) निवासी गांव झौखर, डाकघर गवारड़ू, तहसील टौणीदेवी के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस और होमगार्ड के जवान मौके पर पहुंचे। गहरी खाई होने के कारण शव और घायलों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। स्थानीय लोगों ने भी बचाव कार्य में सहयोग किया। घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल सुजानपुर पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। तहसीलदार टौणीदेवी सौरव कुमार ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन की ओर से राहत एवं बचाव दल मौके पर भेजा गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। फिलहाल एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। उधर सुजानपुर अस्पताल के कार्यवाहक बीएमओ डॉ राज कुमार ने बताया कि एक घायल को हमीरपुर अस्पताल रेफर किया गया है। जबकि एक का सुजानपुर में इलाज जारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### 7 तक बिजली बिल जमा करवाएं उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-1 हमीरपुर के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 7 फरवरी तक का समय दिया गया है। सहायक अभियंता सुनील कुमार ने कहा कि उपमंडल के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों सलासी, झनियारी, खग्गल, दड़ूही, कुठेड़ा, नालटी, बाड़ी फरनोल, मसियाणा, डुढाणा, ब्राहलड़ी, धनेड और अन्य गांवों के जिन विद्युत उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान 7 फरवरी तक उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें। उन्होंने बताया कि इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे। उन्होंने उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### मध्यस्थता से करवाएं केसों का निपटारा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अदालतों में लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए मध्यस्थता, सुलह एवं आपसी सहमति एक प्रभावी माध्यम है। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव कुलदीप शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा शुरू किए गए 'मध्यस्थता राष्ट्र के लिए 2.0' अभियान के तहत 31 मार्च तक संबंधित अदालतों में आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अदालतों में कई मामले वर्षों तक लंबित रहते हैं, जिससे दोनों पक्षों का समय और धन व्यर्थ होता है। मध्यस्थता के माध्यम से मामलों का समाधान सौहार्दपूर्ण ढंग से किया जा सकता है और इसके लिए कोई शुल्क भी नहीं लिया जाएगा। कुलदीप शर्मा ने बताया कि वैवाहिक विवाद, चेक बाउंस, दुर्घटना से जुड़े मामले, कंपाउंडेबल अपराध, बीमा व भूमि अधिग्रहण से संबंधित केस मध्यस्थता से निपटाए जा सकते हैं। उन्होंने लोगों से इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

### पंचायत चुनावों से भाग रही सुक्खू सरकारः राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने सुक्खू सरकार पर पंचायत चुनाव जानबूझकर टालने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के बीच जाने से डर रही है और इसी कारण कभी हाईकोर्ट तो कभी सुप्रीम कोर्ट का सहारा ले रही है। जारी प्रेस बयान में राणा ने कहा कि पंचायती राज लोकतंत्र की नींव है, लेकिन कांग्रेस सरकार इसे कमजोर करने में लगी है। तीन वर्षों के कार्यकाल में किसानों, कर्मचारियों, युवाओं, महिलाओं और व्यापारियों को केवल झूठी गारंटियां दी गईं। राणा ने डिजास्टर एक्ट के नाम पर चुनाव टालने को बहाना बताते हुए सवाल उठाया कि ट्राइबल क्षेत्रों को छोड़ अन्य स्थानों पर कहां आपदा है।

### पलक ने यूजीसी नेट परीक्षा की उत्तीर्ण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर के एमए हिंदी के चतुर्थ सत्र की छात्रा पलक ने अपनी मेहनत और लगन से पहले ही प्रयास में यूजीसी नेट परीक्षा पास की है। पलक ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ-साथ अपनी हिंदी विभाग की प्राध्यापिका, नीना कुमारी, को भी दिया है। पलक का मानना है कि प्राध्यापिका नीना कुमारी ने हमेशा उन्हें मार्गदर्शन और प्रोत्साहन दिया, जिससे उनकी सफलता संभव हो सकी। इस उपलब्धि पर राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर के प्राचार्य, डॉ. सतीश सोनी ने पलक को हार्दिक बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। डॉ. सोनी ने कहा कि पलक की सफलता न केवल महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है, बल्कि यह अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है।

### बणी में बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) ने आईटीआई बणी में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया। इस अवसर पर आरसेटी के निदेशक अजय कतना ने आईटीआई के प्रशिक्षणार्थियों को पंजाब नेशनल बैंक की विभिन्न ऋण एवं जमा योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने पीएमईजीपी, मुद्रा लोन, शिक्षा ऋण, हिमाचल प्रदेश सरकार की डॉ. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना व अन्य योजनाओं के अलावा बैंक उपभोक्ताओं के अधिकारों, डिजिटल बैंकिंग, पीएम जन धन योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और अन्य योजनाओं से भी अवगत करवाया। अजय कतना ने आरसेटी की ओर से आयोजित किए जा रहे विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में भी बताया। कार्यक्रम के दौरान वित्तीय साक्षरता सलाहकार जीसी भट्टी, आईटीआई के प्रधानाचार्य अनिल और अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।

# राज्यहित में अनुराग ठाकुर का खुला प्रस्ताव सुक्खू सरकार राजनीति में उलझी: लखनपाल

अनंत ज्ञान

**बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता इंदरदत्त लखनपाल ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और प्रदेश सरकार को साथ बैठकर हिमाचल के वित्तीय संकट का समाधान निकालने का दिया गया खुला प्रस्ताव राज्यहित में एक जिम्मेदार, सकारात्मक और रचनात्मक पहल है। उन्होंने इसे मुख्यमंत्री सुक्खू के निराधार आरोपों और झूठे प्रचार का करारा जवाब बताया। लखनपाल ने कहा कि अनुराग ठाकुर राजनीति नहीं, बल्कि हिमाचल के व्यापक हित में आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनुराग ठाकुर सहित हिमाचल के सभी भाजपा सांसदों ने केंद्र सरकार, वित्त मंत्रालय और प्रधानमंत्री कार्यालय के समक्ष राज्य के आर्थिक मसलों को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए मिलकर प्रयास करने की मित्रवत और सहयोगात्मक पेशकश की है। यह प्रस्ताव राजनीतिक टकराव के बजाय संवाद, समन्वय और समाधान की भावना का प्रतीक है। लखनपाल ने कांग्रेस सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू नेतृत्व वाली



सरकार वित्तीय अनुशासन, योजनाबद्ध विकास और केंद्र के साथ समन्वय के बजाय केवल बयानबाजी, आरोप-प्रत्यारोप और राजनीति में उलझी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने राज्य के गंभीर वित्तीय संकट को न तो गंभीरता से लिया और न ही इसे सुलझाने के लिए ठोस और पारदर्शी कदम उठाए हैं, जिससे आम जनता और विकास कार्य दोनों प्रभावित हो रहे हैं। लखनपाल ने अंत में कहा कि भाजपा हमेशा हिमाचल के विकास, वित्तीय स्थिरता और जनता के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रही है और भविष्य में भी राज्यहित में हर सकारात्मक कदम का समर्थन करती रहेगी।

## 'अनुराग पर लगे आरोप निराधार साबित, अदालत का फैसला स्वागतयोग्य'

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा जिला हमीरपुर के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने जिला पदाधिकारियों के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर को बीसीसीआई गतिविधियों में भाग लेने से लगे प्रतिबंध के हटाए जाने पर हार्दिक बधाई दी और इस निष्पक्ष निर्णय के लिए सर्वोच्च न्यायालय का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह फैसला इस बात का प्रमाण है कि अंततः सत्य की ही विजय होती है और अनुराग ठाकुर पर लगाए गए आरोप निराधार सिद्ध हुए हैं। राकेश ठाकुर ने कहा कि अनुराग सिंह ठाकुर के नेतृत्व में भारतीय क्रिकेट ने अभूतपूर्व प्रगति की है। उनके कार्यकाल में बीसीसीआई अधिक पारदर्शी, व्यवस्थित और जवाबदेह संस्था बनी। उन्होंने जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को निखारने, खिलाड़ियों के कल्याण, महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने और घरेलू क्रिकेट संरचना को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाए। उनके प्रयासों से भारत न केवल विश्व क्रिकेट की महाशक्ति बना, बल्कि खेल प्रशासन के क्षेत्र में भी एक आदर्श मॉडल के रूप में उभरा।

# कदमताल कर लौटी बारी गांव की एनसीसी कैडेट अनुराधा चौहान का किया स्वागत

अनंत ज्ञान

**संजीव चौहान, टौणी देवी।** रिपब्लिक डे परेड में कर्तव्य पथ, नई दिल्ली पर कदमताल कर लौटी टौणी देवी क्षेत्र के बारी गांव की एनसीसी कैडेट अनुराधा चौहान का क्षेत्र में भव्य स्वागत किया गया। अनुराधा वर्तमान में चंडीगढ़ में अध्ययनरत हैं। देशसेवा की मजबूत पारिवारिक परंपरा से जुड़ी अनुराधा के दादा स्वर्गीय अन्नत राम भारतीय सेना में सेवाएं दे चुके हैं, जबकि पिता सुनील चौहान पूर्व सैनिक हैं। माता अर्चना चौहान राजनीति में सक्रिय रहते हुए महिला सशक्तिकरण की मिसाल पेश कर रही हैं।

कर्तव्य पथ पर रिपब्लिक डे परेड का हिस्सा बनना अनुराधा के जीवन का सबसे गर्व का पल रहा। देश के सामने परेड का हिस्सा बनना हर एनसीसी कैडेट का सपना होता है। अनुराधा अपनी इस सफलता का श्रेय अपने दादा, पिता और माता को देती है



परेड में आर्मी अधिकारी सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

जिनके संस्कार, अनुशासन और प्रेरणा ने उसे यहां तक पहुंचाया। परिवारिक सेना और समाजसेवा से जुड़ा माहौल मुझे देश, अनुशासन और जिम्मेदारी के प्रति हमेशा सजग रखता है। अनुराधा का कहना है कि बेटियां किसी से कम नहीं हैं, अगर लक्ष्य साफ हो और मेहनत सच्ची हो तो हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। अनुराधा देशसेवा से जुड़े क्षेत्र में आगे बढ़ कर एनसीसी के मूल्यों को जीवन में अपनाए रखना चाहती है।

# डीपीसी व प्रमोशन को समय पर करें पूरा

## राज्य विद्युत बोर्ड तकनीकी कर्मचारी संघ ने मुख्य अभियंता से की मांग

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** राज्य विद्युत बोर्ड तकनीकी कर्मचारी संघ जिला हमीरपुर का एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला अध्यक्ष दिनेश ठाकुर की अध्यक्षता में मुख्य अभियंता इलेक्ट्रिकल सिस्टम व ऑपरेशन एवं अन्य उच्चाधिकारियों से भेंट की।



मुख्य अभियंता को वार्षिक कैलेंडर भेंट करते हुए। अनंत ज्ञान

इस शिष्टाचार भेंट के दौरान संघ का वार्षिक कैलेंडर मुख्य अभियंता को भेंट किया गया और कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों की विभिन्न मांगें उनके समक्ष रखी जिसमें समयबद्ध पदोन्नति कर्मचारियों की रुकी हुई डीपीसी और प्रमोशन को समय पर पूरा करना।

इसके अलावा फील्ड में काम करने वाले तकनीकी कर्मचारियों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले सुरक्षा उपकरण सुनिश्चित करना। मुख्य अभियंता ने बताया कि वर्तमान में सभी लंबित डीपीसी को अप्रूव कर दिया गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी पदोन्नति की प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएगी। प्रतिनिधि मंडल ने अधीक्षण अभियंता (ऑपरेशन सर्कल हमीरपुर )को भी कैलेंडर भेंट किया। इस दौरान उपमंडल भोरंज के कार्यालय भवन की स्थिति पर विशेष चर्चा हुई। उपमंडल भोरंज कार्यालय के भवन की जर्जर हालत को देखते हुए इसके सुधार का आग्रह किया गया। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि वाटर प्रूफिंग का कार्य शुरू करने के निर्देश दे दिए गए हैं और जल्द ही भवन मरम्मत का कार्य आरंभ हो जाएगा। अन्य मुख्य मांगों में फ्यूज वायर हैंड ग्लव्स और सेफ्टी बेल्ट और वोल्टेज डिटेकटर इंस्ट्रूमेंट मुख्य मांगे थी। अधीक्षण अभियंता ने तकनीकी कर्मचारियों को बताया कि सभी मांगे हायर अथॉरिटी को दे दी गई है बहुत जल्द आपकी मांगों को पूरा कर दिया जाएगा। जिला प्रधान दिनेश ठाकुर ने बोर्ड मैनेजमेंट का भी धन्यवाद किया। इस अवसर पर दिनेश ठाकुर प्रदेश सचिव व जिला हमीरपुर अध्यक्ष, राहुल शर्मा जिला सचिव, रजत पुंडीर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व जिला हमीरपुर उपाध्यक्ष, संदीप शर्मा जिला सह-सचिव, मनोज ठाकुर वित्त सचिव उपस्थित रहे।

## भोरंज नगर पंचायत के लिए एक करोड़ 6 लाख की धनराशि जारी

**अनंत ज्ञान, जाहू।** शहरी विकास विभाग द्वारा विभिन्न विकास कार्यों के लिए भोम नगर पंचायत को एक करोड़ 6 लाख 82 हजार रुपए की धनराशि जारी कर दी गई है। इस धनराशि से भोरंज नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलेगी। शीघ्र नगर पंचायत में पक्के रास्ते,स्ट्रीट लाइट, जनसुविधा शौचालय व कूड़ा निस्तारण संयंत्र सहित अन्य सुविधाओं का कार्य शुरू किया जाएगा। नगर पंचायत कार्यालय के तौर पर 'नगर टाउन हॉल' के लिए भी भूमि का चयन किया जा रहा है जिसमे संपुर्ण कार्यालय स्थापित किया जाएगा। सुलभ शौचालय निर्माण के लिए बस्सी चौक व तर्कवाड़ी बाजार में स्थल चयन कर लिया गया है और निर्माण कार्य का टेंडर भी जारी कर दिया गया है जल्द ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

विधायक सुरेश कुमार ने ने बताया कि भोरंज नगर पंचायत को एक करोड़ 6 लाख 82 हजार रुपए की पहली किस्त जारी हो चुकी है। उन्होंने प्रशासन से निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा स्थानीय जनता से सहयोग की अपील की है ताकि भोरंज के शहरीकरण और सौंदर्यकर्ण को गति मिल सके। उन्होंने कहा कि भोरंज में वरिष्ठ नागरिक केंद्र, रिक्रेशन सेंटर और इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। भोरंज मुख्यालय में एक खेल मैदान का निर्माण कार्य प्रगति पर है और जल्द इसे लोगों की सुविधा के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

# वर्तमान बस स्टैंड पर 50 करोड़ से बनेगा बहुमंजिला शॉपिंग कांप्लेक्स

अनंत ज्ञान

- ऑडिटोरियम, पार्किंग और अन्य सुविधाएं का भी होगा प्रावधान
- सीएम के निर्देशानुसार नगर निगम तैयार कर रही है योजना का खाका

**हमीरपुर।** अपने गृह जिले के मुख्यालय को नगर निगम का दर्जा देकर और यहां लगभग 125 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक बस स्टैंड का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर आरंभ करवाने के बाद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हमीरपुर शहर को एक और बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। यह सौगात होगी, एक भव्य शॉपिंग कांप्लेक्स की। निर्माणाधीन नए बस स्टैंड का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद हमीरपुर शहर के वर्तमान बस स्टैंड को एक भव्य बहुमंजिला शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का रूप दिया जाएगा, जिसमें शॉपिंग मॉल, ऑडिटोरियम, पार्किंग और कई अन्य सुविधाओं का प्रावधान किया जाएगा।

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार इस बहुमंजिला शॉपिंग कांप्लेक्स के लिए व्यापक योजना तैयार की जा रही है। सबसे पहले, वर्तमान बस स्टैंड की जमीन को शहरी विकास विभाग को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया आरंभ की जाएगी और नए बस स्टैंड का कार्य पूर्ण होते ही वर्तमान बस स्टैंड की जगह भव्य शॉपिंग कांप्लेक्स का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इस कांप्लेक्स में सभी आधुनिक सुविधाओं का प्रावधान किया जाएगा। नगर निगम के आयुक्त राकेश शर्मा ने बताया कि इस प्रस्तावित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के लिए लगभग 50 करोड़ रुपए की एक बड़ी योजना का खाका तैयार किया गया है। इस योजना में शहरवासियों, कारोबारियों और प्रतिदिन बाहर से बड़ी संख्या में आने वाले लोगों की सुविधाओं तथा हमीरपुर शहर की भविष्य की जरुरतों के अनुसार सभी आवश्यक प्रावधान किए जा रहे हैं। आयुक्त ने बताया कि इस क्षेत्र को एक बड़े सिटी सेंटर की तर्ज पर विकसित करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। हमीरपुर शहर के लिए यह बड़ी सौगात होगी।

# विधायक रंजीत के निर्देश पर चौकी जंबाला वर्षाशालिका में लगी नई टिन

अनंत ज्ञान

- ग्रामीणों की सुविधा सुनिश्चित विधायक की तत्परता से निर्माण कार्य में आई गुणवत्ता

**सुजानपुर।** चौकी जंबाला में प्रस्तावित वर्षाशालिका के निर्माण कार्य में सामने आई गंभीर अनियमितता पर विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने त्वरित और सख्त कार्रवाई करते हुए यह स्पष्ट कर दिया कि जनहित के कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कुछ दिन पूर्व विधायक कैप्टन रंजीत सिंह ने चौकी जंबाला में निर्माणाधीन वर्षाशालिका का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान यह तथ्य सामने आया कि निर्माण कार्य में नई सामग्री के स्थान पर पुरानी व उपयोग की हुई टिन का इस्तेमाल किया जा रहा था, जो न केवल निर्माण मानकों के विरुद्ध था बल्कि सरकारी धन के दुरुपयोग की ओर भी इशारा करता था।

औचक निरीक्षण के समय विधायक ने मौके पर मौजूद अधिकारियों और ठेकेदार से इस विषय पर तुरंत जवाब-तलब किया। विधायक कैप्टन रंजीत सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वर्षाशालिका आम जनता, विशेषकर ग्रामीणों, महिलाओं, बुजुर्गों और विद्यार्थियों के उपयोग के लिए बनाई जा रही है। ऐसे में घटिया या पुरानी सामग्री का प्रयोग जनता के विश्वास के साथ धोखा है। उन्होंने मौके पर ही पुरानी टिन को तत्काल उखाड़ने और उसकी जगह नई, गुणवत्तापूर्ण टिन लगाने के सख्त निर्देश दिए। विधायक के निर्देशों की पालना करते हुए संबंधित ठेकेदार द्वारा पूरी पुरानी टिन को उखाड़ दिया गया है तथा अब वर्षाशालिका में नई टिन लगाई जा चुकी है। निर्माण कार्य को दोबारा सही मानकों और गुणवत्ता के अनुसार शुरू किया गया है। इस कार्रवाई से यह संदेश साफ है कि विधायक कैप्टन रंजीत सिंह अपने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों पर स्वयं नजर बनाए हुए हैं और किसी भी स्तर पर लापरवाही या भ्रष्टाचार को स्वीकार नहीं करेंगे।

**कार्यक्रम** हिम अकादमी स्कूल विकासनगर हमीरपुर में सम्मान समारोह का किया आयोजन

# बारहवीं कक्षा के छात्रों ने साझा किया अनुभव

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर हमीरपुर में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के सम्मान में एक गरिमामय एवं भावनात्मक आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के शैक्षणिक जीवन के एक महत्वपूर्ण अध्याय के समापन और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं का सजीव प्रतीक बना। समारोह में विद्यालय परिवार के वरिष्ठ पदाधिकारियों, शिक्षकगण एवं कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और भी बढ़ा दिया।

इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन प्रो. आरसी लखनपाल, चेयरपर्सन सीपी लखनपाल, निदेशक इंजीनियर पंकज लखनपाल, प्रधानाचार्य इंजीनियर नैना लखनपाल, अकादमिक प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा, उपप्रधानाचार्य अश्वनी शर्मा, सहित विद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



विदाई समारोह के दौरान बारहवीं कक्षा के छात्र-छात्राएं। अनंत ज्ञान

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसने पूरे वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिकता से भर दिया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को भावविभोर कर दिया। गीत, नृत्य और भावपूर्ण प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने विद्यालय में बिताए अपने अनुभवों, संघर्षों और उपलब्धियों को सजीव रूप में प्रस्तुत किया।

प्रधानाचार्य नैना लखनपाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर परिश्रम अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अकादमिक प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा ने भी विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर आदर्श मन्हास ( छात्र प्रमुख) एवं अर्शिया सिंह चौहान ( छात्रा प्रमुख) ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यालय में बिताए गए अविस्मरणीय पलों को स्मरण किया। उन्होंने शिक्षकों के मार्गदर्शन, सहयोग और स्नेह के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय ने उन्हें केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की सही दिशा भी दी है। सुसज्जित परिधानों में विद्यार्थियों ने समूह छाया चित्रों के माध्यम से इन सुनहरे पलों को स्मृतियों में संजोया।

कार्यक्रम का सफल एवं सुनियोजित संचालन विद्यार्थियों द्वारा पारुल सौंधी (पीजीटी रसायन विज्ञान) के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। समारोह का समापन पारंपरिक धाम भोज के साथ हुआ। नम आंखों और भावुक हृदय के साथ विद्यार्थियों ने अपने प्रिय विद्यालय को विदा कहा। आशीर्वाद, शुभकामनाएं और जीवन मूल्यों को साथ लेकर वे आत्मविश्वास के साथ नए भविष्य की ओर अग्रसर हुए।

# अधिवक्ता संधू को मिला 'शान-ए-हमीरपुर' अवॉर्ड

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** कानूनी क्षेत्र में योगदान और जन-जागरूकता के लिए एडवोकेट दिनेश संधू को प्रतिष्ठित 'शान-ए-हमीरपुर' पुरस्कार से नवाजा गया है। करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में आयोजित एक भव्य सांस्कृतिक एवं सम्मान समारोह के दौरान हिमाचल एकता मंच द्वारा उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया।

यह पुरस्कार उन्हें उनके उत्कृष्ट पेशेवर करियर और समाज के प्रति उनकी कर्तव्यनिष्ठा के लिए दिया गया है। न्यायालय की दहलीज से बाहर निकलकर दिनेश संधू ने डिजिटल माध्यम से भी समाज को सशक्त करने का बीड़ा उठाया है। यह 'लीगल मेंटर' नामक प्लेटफॉर्म के संस्थापक हैं। वर्तमान में सोशल मीडिया पर उनकी 60,000 से अधिक फॉलोअर्स की एक बड़ी कम्युनिटी है। अपने वीडियो के माध्यम से वे आम जनता को उनके कानूनी अधिकारों, नई धाराओं और जटिल कानूनों के बारे में सरल हिंदी भाषा में शिक्षित करते हैं। अधिवक्ता दिनेश संधू पिछले चार वर्षों से जिला



- हिमाचल एकता मंच ने कानूनी क्षेत्र में सेवाओं के लिए किया सम्मानित

न्यायालय हमीरपुर और उप-मंडल न्यायालय परिसर भोरंज में निरंतर वकालत कर रहे हैं। ड्राफ्टिंग और कानूनी बारीकियों पर उनकी पकड़ को देखते हुए क्षेत्र के वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने भी उनकी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है। सम्मान प्राप्त करने के उपरांत दिनेश संधू ने कहा, 'यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि उन हजारों लोगों के भरोसे का है जो 'लीगल मेंटर' के माध्यम से हम पर विश्वास करते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### राज्यपाल ने परीक्षा पे चर्चा में लिया भाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने लोक भवन से वर्चुअल माध्यम के जरिए 9वें 'परीक्षा पे चर्चा 2026' कार्यक्रम में सहभागिता की। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के विद्यार्थियों से सीधा संवाद करते हुए परीक्षा से जुड़े तनाव, समय प्रबंधन और जीवन कौशल जैसे अहम विषयों पर अपने अनुभव साझा किए और विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया मार्गदर्शन न केवल परीक्षा की तैयारी में बल्कि पूरे जीवन में उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे आत्मविश्वास, अनुशासन और ईमानदारी के साथ अपने शैक्षणिक और व्यक्तिगत जीवन में इन मूल्यों को आत्मसात करें। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव सी. पी. वर्मा सहित लोक भवन के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### रेवन्यू डेफिसिट ग्रांट दिलवाएं सभी सांसदः डॉ. दिनेश

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व मीडिया को-ओरडीनेटर डॉक्टर दिनेश कुमार ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के बयान कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू रिफॉर्म लेकर दिल्ली पहुंचे भाजपा के हिमाचली सांसद उनके साथ वित्त मंत्रालय चलेंगे पर टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसे समय में उनका यह बयान केवल हिमाचल के लोगों का ध्यान भटकाने के लिए ही है और अगर वह सचमुच प्रदेश की जनता की फिक्र करते है तो केंद्र सरकार की वित्तमंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट मे हिमाचल की पूर्णतः अनदेखी के कारण, जो वित्तीय आपातकालीन स्थिति बनी है। उसमें प्रदेश सरकार को सहयोग दें।

### राज्यपाल से कुलदीप पठानिया ने की शिष्टाचार भेंट



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से लोक भवन में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों के बीच प्रदेश से जुड़े समसामयिक विषयों, लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका तथा जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में विधानसभा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने राज्यपाल के मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधानसभा के माध्यम से जनता की अपेक्षाओं को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। यह भेंट सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें संवैधानिक संस्थाओं के बीच आपसी समन्वय और सहयोग पर बल दिया गया।

### राज्यसभा में नकली बीजों पर सख्ती की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने राज्यसभा में नकली बीज कंपनियों के विरुद्ध कार्रवाई और दंड से जुड़ा मुद्दा उठाया। उन्होंने कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री से पूछा कि नकली बीजों पर सख्त कार्रवाई कैसे सुनिश्चित की जा रही है, पारंपरिक बीज प्रणाली की हिफाजत कैसे होगी और बाजार में केवल अधिकृत लोगों की भागीदारी के लिए बीज कंपनियों, डीलरों और पौधशालाओं के अनिवार्य पंजीकरण के मानदंड क्या होंगे। साथ ही आपातकाल में कीमतों पर नियंत्रण और छोटे किसानों तक सस्ते, उच्च गुणवत्ता वाले बीज पहुंचाने के उपायों पर भी सवाल किया। कृषि व किसान कल्याण राज्य मंत्री राम नाथ ठाकुर ने जवाब में बताया कि बीज अधिनियम 1966, बीज नियम 1968 और बीज (नियंत्रण) आदेश 1983 के तहत राज्य सरकारों को निरीक्षण, सैंपलिंग, लाइसेंस रद्द करने, स्टॉक जब्ती और मुकदमे जैसी प्रवर्तन शक्तियां दी गई हैं। आपूर्ति श्रृंखला में पारदर्शिता और नकली बीजों पर लगाम के लिए साथी पोर्टल के माध्यम से एंड-टू-एंड डिजिटल ट्रेसेबिलिटी लागू की गई है। उन्होंने कहा कि बीज कारोबार करने वालों के लिए लाइसेंस अनिवार्य है, बागवानी नर्सरियों का पंजीकरण राज्य कानूनों के तहत होता है और बीटी कॉटन हाइब्रिड बीजों के लिए अधिकतम विक्रय मूल्य तय किए जाते हैं।

# जनहित से जुड़े कार्यों में ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी : रोहित ठाकुर

## जुब्बल-कोटखाई में विकास योजनाओं की गहन समीक्षा, समयबद्ध पूर्णता पर सख्त रुख

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** जनहित को सर्वोपरि बताते हुए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में चल रही विकास एवं अवसंरचना परियोजनाओं की गहराई से समीक्षा की और स्पष्ट शब्दों में कहा कि काम की रफ्तार और गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। लोक निर्माण और जल शक्ति विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में मंत्री ने जल आपूर्ति, सिंचाई, सीवरेज, सड़कों और सार्वजनिक अवसंरचना से जुड़े कार्यों का सूक्ष्म जायजा लिया। उन्होंने कहा कि विकास वही है जो वक्त पर ज़मीन पर नज़र आए और आम आदमी की ज़िंदगी में सहूलियत बनकर उतरे।

बैठक में बताया गया कि जल शक्ति विभाग के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र में लगभग 250.25 करोड़ रुपये की 94 योजनाएं क्रियान्वयन में हैं, जबकि 152.34 करोड़ रुपये की लागत वाली 20 नई योजनाएं स्वीकृति के अंतिम चरण में हैं।

शिक्षा मंत्री ने इन योजनाओं को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने और फील्ड स्तर पर समन्वय मजबूत करने के निर्देश दिए, ताकि पानी और सिंचाई से जुड़ी बुनियादी जरूरतें स्थायी रूप से पूरी हो सकें। मंत्री ने बताया कि न्यू डेवलपमेंट बैंक के अंतर्गत 38 करोड़ रुपये की पब्बर लिफ्ट पेयजल आपूर्ति योजना पर कार्य जारी है। इसके पूरा होने से 27 पंचायतों को सीधा लाभ मिलेगा और क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था में ठोस सुधार आएगा। इसिह परियोजना को 31 मार्च, 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि वर्ष 2017 में तत्कालीन ब्रिक्स के तहत शिमला जिले के लिए स्वीकृत यह एकमात्र परियोजना थी, जिसका क्रियान्वयन वर्ष 2022 में आरंभ हुआ और अब इसे तय समयसीमा में मुकम्मल करना अनिवार्य है।

### एडीबी और पीएमजीएसवाई सड़कों से विकास को मिलेगी गति



**एशियन** डेवलपमेंट बैंक के अंतर्गत जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के लिए 22.82 करोड़ रुपये की लागत की नौ योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इसके साथ ही पीएमजीएसवाई-चतुर्थ चरण के तहत 112 करोड़ रुपये की लागत से 18 सड़क परियोजनाओं को मंजूरी मिली है, जिससे दूर-दराज़ क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और सेवाओं तक पहुंच आसान बनेगी।

### समग्र विकास की तस्वीर के तहत इमारतें, सेवाएं व समन्वय पर जोर

**वर्ष** 2023-24 से 2025-26 की अवधि में विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल 553.74 करोड़ रुपये के विकास कार्य आरंभ किए गए हैं। इसी दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, पशुपालन, आयुर्वेद, तकनीकी शिक्षा, बागवानी और पुलिस विभागों में 40.71 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। लोक निर्माण विभाग के अनुसार विभिन्न सरकारी विभागों के 25 भवन जनता को समर्पित किए जा चुके हैं, जबकि 15 भवन निर्माणाधीन हैं। बैठक के अंत में शिक्षा मंत्री ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि लंबित कार्यों की बाधाएं तत्काल दूर की जाएं, योजनाएं समयबद्ध पूरी हो।

# ई-टैक्सी अपनाने पर 40 फीसदी तक सब्सिडी



रामपुर में आरटीओ ने जानकारी दी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने टैक्सी चालकों को प्रोत्साहित करने के लिए राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना (स्टेज-4) के तहत बड़ा कदम उठाया है। रामपुर के आरटीओ नरेश वर्मा ने शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि पुरानी डीजल या पेट्रोल टैक्सी को इलेक्ट्रिक टैक्सी (ई-टैक्सी) में बदलने पर 40 प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह योजना प्रदेश को स्वच्छ और हरित ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

प्रेस वार्ता का मुख्य विषय सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा रहा। इस योजना का उद्देश्य टैक्सी चालकों को आत्मनिर्भर बनाना, वायु प्रदूषण कम करना तथा पर्यावरण-अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देना है। आरटीओ ने बताया कि राज्यपाल द्वारा अधिसूचित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत पात्र लाभार्थियों का चयन पारदर्शी तरीके से किया जाएगा।

# नगर निगम की नीतियों के खिलाफ सैहब कर्मी शिमला में करेंगे हड़ताल

अनंत ज्ञान

◆ **नियमितीकरण, समान वेतन और क्यूआर कोड योजना रद्द करने की प्रमुख मांग**

**ब्यूरो, शिमला।** सैहब सोसाइटी वर्करज़ यूनियन (सीटू) के बैनर तले सैहब सोसाइटी के गार्बेज कलेक्टरों, सुपरवाइजरों, रोड़ स्वीपिंग स्टाफ सहित सैकड़ों कर्मियों ने कालीबाड़ी हॉल शिमला में आम सभा आयोजित कर 12 फरवरी को हड़ताल पर जाने का फैसला लिया। सभा में नगर निगम प्रशासन की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ निर्णायक आंदोलन का ऐलान किया गया। यूनियन ने स्पष्ट किया कि जब तक मजदूरों की मांगों का समाधान नहीं होता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। आम सभा में सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, जिला सचिव विवेक कश्यप, यूनियन अध्यक्ष जसवंत सिंह, महासचिव ओमप्रकाश गर्ग, रोड़ स्वीपिंग कर्मचारी यूनियन अध्यक्ष प्रमोद कुमार सहित बड़ी संख्या में सैहब कर्मी मौजूद रहे।

सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सैहब सोसाइटी, आउटसोर्स और सफाई कर्मियों की मांगें यदि तुरंत नहीं मानी गईं तो नियमितीकरण, क्यूआर कोड योजना रद्द करने, आउटसोर्स प्रथा समाप्त करने और नियमित कर्मियों के बराबर वेतन देने जैसी मांगों को लेकर आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# विकसित भारत बजट व मतदाता शुद्धिकरण अभियान पर संवाद

## जिला अध्यक्ष अरुण ने की बैठक की अध्यक्षता, मतदाता सूची शुद्धिकरण व संगठनात्मक मजबूती पर मंथन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा जिला महासू ने ठियोग क्षेत्र में आयोजित चौपाल में संगठन को अधिक सशक्त बनाने व मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान पर विस्तार से चर्चा की गई। चौपाल की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अरुण फालटा ने की।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक बलबीर वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा सहित पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध और अद्यतन रखना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है, इसलिए इस अभियान को बूथ स्तर तक सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने केंद्रीय बजट 2026-27 को विकसित भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि यह बजट जनकल्याण, रोजगार सृजन और आत्मनिर्भरता पर केंद्रित है। वहीं, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक बलबीर वर्मा ने विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन को ग्रामीण क्षेत्रों के लिए परिवर्तनकारी पहल बताया। चौपाल के अंत में यह निर्णय लिया गया कि बजट जनजागरण, मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान और ग्रामीण विकास योजनाओं को लेकर क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा।



भाजपा जिला महासू की चौपाल में विचार-विमर्श करते पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

# जोगिंद्रनगर के सेंसई राकेश ने शितो रियू कराटे में हासिल की चौथी डिग्री ब्लैक बेल्ट

अनंत ज्ञान



**जोगिंद्रनगर।** हेमांग मार्शल आर्ट अकादमी जोगिंद्रनगर के प्रमुख कराटे प्रशिक्षक सेंसई राकेश कुमार ने शितो रियू कराटे शैली में चौथी डिग्री ब्लैक बेल्ट की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

हेमांग मार्शल आर्ट अकादमी जोगिंद्रनगर के प्रमुख कराटे प्रशिक्षक राकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि हेमांग इंटरनेशनल कराटे फेडरेशन के तत्वावधान में हेमांग मार्शल आर्ट एकेडमी मंडी में तीन दिवसीय कराटे प्रशिक्षण एवं कलर व ब्लैक बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस शिविर में मंडी तथा आसपास के क्षेत्रों से लगभग 22 कराटेकाओं ने भाग लिया। जोगिंद्रनगर के कराटे प्रशिक्षक सेंसई राकेश कुमार ने भी शिविर में सहभागिता करते हुए अपनी तकनीकी दक्षता, अनुशासन और आत्मरक्षा कौशल का प्रदर्शन किया। शिविर का संचालन हेमांग मार्शल आर्ट अकादमी व हेमांग इंटरनेशनल कराटे फेडरेशन के चीफ इंस्ट्रक्टर एवं तकनीकी निदेशक क्योशी जोगिंदर सिंह आजाद के मार्गदर्शन में किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को शितो रियू कराटे शैली की उन्नत तकनीकें, प्रभावी सेल्फ डिफेंस तथा पारंपरिक व प्रतियोगी काता का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया।क्योशी जोगिंदर सिंह आजाद ने प्रशिक्षण के दौरान अनुशासन, आत्मविश्वास और शारीरिक व मानसिक संतुलन पर विशेष बल देते हुए कराटे की मूल भावना से प्रशिक्षुओं को अवगत कराया। शितो रियू कराटे शैली की ब्लैक बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा में सेंसई राकेश कुमार ने चौथी डिग्री ब्लैक बेल्ट की परीक्षा उत्तीर्ण कर शिविर की गरिमा बढ़ाई। इस अवसर पर हेमांग इंटरनेशनल कराटे फेडरेशन के चीफ इंस्ट्रक्टर एवं तकनीकी निदेशक जोगिंदर सिंह आजाद, अध्यक्ष डॉ. केपी शर्मा, वाइस चेयरमैन मुरारी शर्मा, शिहान देवेंद्र कुमार आजाद, बृजलाल चौहान, संतोष कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने सेंसई राकेश कुमार को इस उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# आईएसओ पीडीएस सर्टिफाइड मॉडल पर खुलेंगी उचित मूल्य की दुकानें : डॉ. कत्याल

अनंत ज्ञान

**ऊना।** जिला ऊना में आईएसओ पीडीएस सर्टिफाइड मॉडल दुकानें खोली जाएंगी, ताकि खाद्य सामग्री के उचित रख-रखाव के साथ-साथ तथा गर्मियों में राशन कार्डधारकों को भी राशन लेने में कोई परेशानी न हो।

यह बात शुक्रवार को राज्य खाद्य सुरक्षा आयोग के अध्यक्ष डॉ. सत्य प्रकाश कत्याल ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बताया कि उनके जिला ऊना के चार दिवसीय प्रवास का उद्देश्य राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम तथा पोषण से संबंधित केंद्र व राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं के जिले में प्रभावी कार्यान्वयन की मॉनिटरिंग करना है। इसी कड़ी में गत रोज राशन वितरण, खाद्यान्नों की गुणवत्ता, शिकायत निवारण प्रणाली जांच व त्वरित निवारण की कार्रवाई, स्कूलों में बच्चों को दिए जा रहे मिड डे मील की उपलब्धता, डाइट चार्ट, आहार गुणवत्ता, शौचालयों की स्थिति, आंगनवाड़ियों में शिशु देखभाल व पोषण, गर्भवती व धात्री महिलाओं तथा नवजात शिशुओं के नियमित स्वास्थ्य जांच व पोषण, स्कूलों में मिड डे मील, उपलब्धता, न्यूट्रिशियन गार्डन की उपलब्धता व उपयोगिता सभी सुविधाओं बारे सम्बन्धित विभागों से विस्तृत की गई तथा आवश्यक फीडबैक भी ली गई। डॉ. कत्याल ने जानकारी दी कि आज इन योजनाओं की धरातल पर मॉनिटरिंग करने के लिए विभिन्न सेवा प्रदाता संस्थानों का विजिट किया गया। एनएफएसए के तहत आटा मिल, मिड-डे मील, आंगनबाड़ी केंद्रों व उचित मूल्य की दुकानों पर जाकर मौके पर स्थितियों की परख की गई। आटे की आपूर्ति करने वाली आटा मिल में मैदा और सूजी का मिश्रण किया जा रहा है। इसके लिए विभाग को आवश्यक जांच व कार्रवाई करने के निर्देश मौके पर ही दे दिए गए। बंगाणा, ऊना और हरोली ब्लॉक के स्कूलों में जाकर एक संस्थान को छोड़कर मिड डे मील का जायजा लेने पर स्थिति संतोषजनक पाई गई। एक स्कूल में मिड डे स्कूल में पर्याप्त राशन न पाये जाने पर मिड डे मील इंजार्च को मौके पर ही बदलने के निर्देश दिये गये ताकि ऐसी स्थिति न उत्पन्न हों।

# दिव्यांग खिलाड़ी सिंघानिया यूनिवर्सिटी से खुश, सरकार से नाराज

## प्रदेश के लिए नाम कमाने के बावजूद सुविधाओं के अभाव का अफसोस

अनंत ज्ञान



**सरकाघाट।** राजस्थान के पचेरी कलां, झुंझुनू स्थित सिंघानिया विश्वविद्यालय, पचेरी बेरी में पैरा थ्रोबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित पैरा थ्रोबॉल नेशनल फेडरेशन कप 2026 सह ट्रायल चयन (द्वितीय एशियन पैरा थ्रोबॉल चैंपियनशिप 2026 हेतु) का तीन दिवसीय आयोजन भव्य समापन समारोह के साथ संपन्न हुआ।

समारोह की शुरुआत पौधरोपण से हुई तथा अतिथियों को शॉल व स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। डिसेबल्ड स्पोर्ट्स एसोसिएशन, हिमाचल प्रदेश के बैनर तले प्रदेश से सात दिव्यांग खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंचे। यह हिमाचल प्रदेश के लिए पहला अवसर था, जब टीम ने पैरा थ्रोबॉल में भाग लिया। टीम में अंतरराष्ट्रीय सिटिंग वॉलीबाल खिलाड़ी व डिसेबल्ड स्पोर्ट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष, टीम मैनेजर एवं कोच कैप्टन अनिल कुमार बिलासपुर, वाइस कैप्टन बृज मोहन मंडी, शशि पाल बिलासपुर, कृष्ण कुमार कुल्लू, सुनील कुमार, रमेश चंद भारद्वाज मंडी और हिमांशु बिलासपुर शामिल रहे। टीम के कुछ खिलाड़ियों का एशियन पैरा थ्रोबॉल चैंपियनशिप 2026 के लिए चयन हुआ है, जिसकी आधिकारिक पुष्टि शेष है। डिसेबल्ड स्पोर्ट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष एवं हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति के प्रदेश महासचिव रमेश चंद भारद्वाज ने सिंघानिया यूनिवर्सिटी, उसके स्टाफ, सिंघानिया हॉस्पिटल के डॉक्टरों और विभाग प्रमुखों की भूमिका की सराहना की। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकारों से खिलाड़ियों के लिए 11,000 प्रति खिलाड़ी प्रोत्साहन राशि, यात्रा सुविधा, विजेता टीमों के लिए नकद पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी सम्मान और एशिया कप चयनित खिलाड़ियों को फ्री कोचिंग व यात्रा सुविधा देने की मांग रखी। पैरा थ्रोबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष व वर्ल्ड पैरा थ्रोबॉल फेडरेशन के सेक्रेटरी जनरल डॉ. वी. अल्बर्ट प्रेमकुमार ने हिमाचल के खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। पहली ही भागीदारी में बिना कोचिंग के खिलाड़ियों ने दो मैच जीतकर सराहनीय प्रदर्शन किया और यह साबित किया कि दिव्यांग खिलाड़ी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

# इंडस ग्लोबल स्कूल में आशीष व सक्षम मिस्टर फेयरवेल, वंशिका मिस फेयरवेल



इंडस ग्लोबल स्कूल में विदाई समारोह में मौजूद विद्यार्थी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**मंडी।** इंडस ग्लोबल स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सभी 11वीं कक्षा के छात्रों ने 12वीं कक्षा के छात्रों को इस विदाई समारोह में आमंत्रित करके उनका स्वागत किया। सभी बच्चे भिन्न-भिन्न पोशाक में बहुत सुंदर दिख रहे थे। सभी ने पार्टी का आनंद लिया।

छात्रों ने नाच गाने के साथ समा बांधा। उसके बाद सभी बच्चों ने पार्टी का खूब आनंद लिया। छात्रों ने अपने अनुभव सभी के साथ साझा किए। आशीष व सक्षम मिस्टर फेयरवेल, वंशिका मिस फेयरवेल, चैतन्य मिस्टर पर्सनलिटी लोहिता सिंह, मिस पर्सनलिटी पारंगत, इंडस किंग राधिका इंडस क्वीन चुनी गई। इस भावुक और खुशी भरे माहौल में प्रधानाचार्या सोनिया पवार ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं।

# स्वयंसेवी शिक्षक ग्रामीण लोगों को साक्षर बनाने के लिए तैयार

अनंत ज्ञान

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की अनुपालना में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा खंड बालीचौकी में असाक्षर लोगों को साक्षर बनाने के लिए स्वयंसेवी शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इसकी अध्यक्षता खंड परियोजना अधिकारी एवं प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बालीचौकी मेहर चंद ने की। इस दौरान खंड बालीचौकी के लगभग 100 स्वयंसेवी शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जो अपने-अपने गांवों में जाकर पूर्व में चिह्नित 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के असाक्षर लोगों को साक्षर बनाने का कार्य करेंगे, प्रशिक्षण शिविर में मोहन सिंह सकलानी और दुनी चंद वर्मा ने मास्टर ट्रेनिंग की भूमिका निभाई, जबकि खंड समन्वयक नीके राम ने कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए प्रतिभागियों का स्वागत किया। मुख्यातिथि ने प्रतिभागियों को समाज के असाक्षर लोगों को साक्षर करने, जीवन कौशल सिखाने और अभियान को सफल बनाने के लिए मार्गदर्शन दिया तथा हिमाचल प्रदेश व देश को पूर्ण साक्षर बनाने में योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर उल्लास कार्यक्रम के उद्देश्य व घटकों जैसे आधारभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान, जीवन कौशल, वित्तीय व डिजिटल साक्षरता, स्वास्थ्य जागरूकता, परिवार कल्याण, व्यावसायिक कौशल और निरंतर शिक्षा पर विस्तृत जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि सभी स्वयंसेवी शिक्षक अवैतनिक रूप से कार्य करेंगे, देवधार गांव से भारती देवी ने अपने मात्र 15 दिन के बच्चे के साथ सहभागिता कर प्रेरणा दी। अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा सरकार से उनकी सेवाओं के सम्मान में मानदेय देने की मांग भी रखी गई, ताकि सामाजिक सरोकार और जनहित के इस कार्य को मजबूती मिल सके और भविष्य में यह अभियान और अधिक प्रभावी रूप से आगे बढ़े।




नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत बालीचौकी में स्वयंसेवी शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न। अनंत ज्ञान

# द्रंग विकास खंड में बीपीएल सूची के चतुर्थ चरण का सर्वे शुरू, 17 तक होंगे आवेदन

अनंत ज्ञान

**पधर, कविता।** ग्रामीण विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार द्रंग विकास खंड की सभी पंचायतों में गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) परिवारों के चयन के लिए चतुर्थ चरण (फेज-IV) की सर्वेक्षण प्रक्रिया 1 फरवरी 2026 से आरंभ हो गई है।

चतुर्थ चरण में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण के दौरान प्राप्त सभी आवेदनों पर पुनः विचार किया जाएगा। इसके साथ ही नए आवेदन भी 17 फरवरी 2026 तक स्वीकार किए जाएंगे। इच्छुक परिवार अपना आवेदन घोषणा-पत्र सहित संबंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। बीपीएल चयन प्रक्रिया के लिए उप-मंडलाधिकारी (नागरिक) पधर द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत स्तरीय सत्यापन समिति का गठन किया गया है, जिसमें पंचायत सचिव, पटवारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल हैं। यह समिति प्रथम से तृतीय चरण के दौरान प्राप्त आवेदनों के साथ-साथ नए आवेदनों की छंटनी कर 20 फरवरी 2026 तक मौके पर जांच करेगी तथा पात्र बीपीएल परिवारों की प्राथमिकता सूची तैयार करेगी। चतुर्थ चरण में विशेष रूप से उन परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिनके परिवार प्रमुख को 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता है, जिन परिवारों के सभी वयस्क सदस्यों ने पिछले वित्तीय वर्ष में मनरेगा के अंतर्गत न्यूनतम 80 दिन कार्य किया है, अथवा जिनके कमाने वाले सदस्य किसी दुर्घटना में रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट के कारण स्थायी रूप से अशक्त या बिस्तर पर आश्रित (बेड रिडन) हो गए हैं।

इसके अतिरिक्त उप-मंडलाधिकारी (नागरिक) की अध्यक्षता में खंड स्तरीय सत्यापन समिति का भी गठन किया गया है, जिसमें खंड विकास अधिकारी तथा पंचायत निरीक्षक/उप-निरीक्षक सदस्य के रूप में शामिल हैं। यह समिति दस्तावेजों की जांच कर साक्ष्यों के आधार पर पात्र परिवारों के समावेशन तथा अपात्र परिवारों के बहिष्करण को स्वीकृति देगी। खंड विकास अधिकारी द्रंग, विनय चौहान ने बताया कि बीपीएल चयन की पूरी प्रक्रिया 25 फरवरी 2026 तक पूर्ण कर ली जाएगी।

**व अदालत तहसीलदार प्रथम श्रेणी एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा।**
मिसल न. /2026(RMS)
ता.दा. 06-01-2026
ता. पेशी 07-03-2026
**अनुमान मुकदमा**
प्रार्थी श्री मति कमला देवी पुत्री लोकू राम निवासी गांव कीरचम्वा डाकघर हटवास, तहसील नगरोटा वगवां, जिला कांगड़ा
....प्रार्थी पक्ष
**वनाम**
**आम जनता** ....प्रत्यार्थी पक्ष
**विषयः प्रार्थना पत्र जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 की जेर धारा 13(3) अन्तर्गत कमला देवी की जन्म तिथि तिथि 22-10-1945 ग्राम पंचायत कवाडी के रिकार्ड में दर्ज करने वारे।**
**अखवारी ईस्तहार**
प्रार्थाया श्री मति कमला देवी पुत्री लोकू राम निवासी गांव कीरचम्बा डाकघर हटवास, तहसील नगरोटा वगवां जन्म तिथि पंजीकरण वारे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र पेश किया है कि मेरा जन्म दिनांक 22-10-1945 को ग्राम पंचायत कवाडी में हुआ था परन्तु किसी कारणवस संबंधित ग्राम पंचायत के रिकॉर्ड में दर्ज करवा न सके। दर्ज करने का आग्रह किया है।
अतः इस अदालती नोटिस अखवारी ईस्तहार द्वारा आम जनता व सगे सम्बन्धियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी को भी इस मृत्यु तिथि पंजीकरण करने बारे कोई एतराज हो तो वह स्वयं बजरिया कौंसल एतराज दिनांक-07.03.26 अदालत में पेश कर सकते हैं। हाजिर ना आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाएगी। और नियमानुसार मृत्यु तिथि पंजीकरण के आदेश पारित कर दिए जाएगें।
आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुए।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा, हि.प्र.**

**जब** तुम दु:खों का सामना करने से डर जाते हो और रोने लगते हो, तो मुसीबतों का ढेर लग जाता है, लेकिन जब तुम मुस्कराने लगते हो, तो मुसीबतें सिकुड़ जाती हैं। **–सुधांशु महाराज**

## संपादकीय

# विधायक निधि की सियासत

हिमाचल प्रदेश में बजट सत्र की तैयारियों के साथ ही प्रदेश की राजनीति में अचानक गर्माहट आ गई है। एक ओर राज्य सरकार सीमित संसाधनों, बढ़ते कर्ज और केंद्र से अपेक्षित सहयोग न मिलने की स्थिति में बेहतर बजट पेश करने की जद्दोजहद में जुटी है, वहीं दूसरी ओर विपक्षी भारतीय जनता पार्टी बजट सत्र से पहले सरकार को घेरने का कोई मौका छोड़ना नहीं चाहती। केंद्रीय बजट में हिमाचल की कथित अनदेखी और विधायक क्षेत्र विकास निधि को लेकर उठा विवाद इस राजनीतिक टकराव का केंद्र बन गया है।

पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश की आर्थिक परिस्थितियां किसी से छिपी नहीं हैं। यहां आय के स्रोत सीमित हैं और बुनियादी ढांचे के विकास पर मैदानी राज्यों की तुलना में अधिक खर्च आता है। ऐसे में राजस्व घाटा अनुदान राज्य का अधिकार है, न कि कोई राजनीतिक कृपा। बावजूद इसके, केंद्र सरकार के हालिया बजट में हिमाचल को अपेक्षित सहयोग नहीं मिला। प्रदेश के आम नागरिक भी यह महसूस कर रहे हैं कि हिमाचल के साथ न्याय नहीं हुआ। इस पृष्ठभूमि में भाजपा की ओर से केंद्र के बजट को पूरी तरह सही ठहराना सवाल खड़े करता है। यदि राज्य को नुकसान हो रहा है, तो विपक्ष का दायित्व बनता है कि वह राज्यहित में आवाज उठाए।

इसी बीच विधायक क्षेत्र विकास निधि और ऐच्छिक निधि का मुद्दा राजनीतिक बहस का नया केंद्र बन गया है। भाजपा का आरोप है कि प्रदेश सरकार ने अक्तूबर के बाद से विधायक क्षेत्र विकास निधि जारी नहीं की, जिससे विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्य ठप हो गए हैं। पार्टी का यह भी कहना है कि चालू वित्तीय वर्ष में विधायकों को केवल आधी निधि दी गई, जबकि बजट में इसका पूरा प्रावधान किया गया था। भाजपा ने इस मसले को लेकर राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग की और सरकार पर भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया।

भाजपा विधायकों ने राज्यपाल से आग्रह किया कि सरकार को निर्देश दिए जाएं ताकि विधायक क्षेत्र विकास निधि और ऐच्छिक निधि तुरंत जारी हो सके। साथ ही यह मांग भी रखी गई कि विपक्षी विधायकों की विकास प्राथमिकताओं की डीपीआर बनाकर नाबार्ड को भेजी जाए, जिससे सभी क्षेत्रों में संतुलित विकास हो सके। देखने में ये मांगें विकास से जुड़ी प्रतीत होती हैं, लेकिन इनके पीछे की राजनीतिक मंशा पर भी सवाल उठ रहे हैं।

प्रदेश सरकार ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। सरकार का कहना है कि भाजपा विधायकों को यदि वास्तव में विकास कार्यों की चिंता थी, तो उन्हें यह मुद्दा सीधे मुख्यमंत्री के समक्ष उठाना चाहिए था। राज्यपाल के पास जाना न तो संवैधानिक रूप से उचित है और न ही व्यावहारिक, क्योंकि वित्तीय निर्णय लेने या निधि जारी करने का अधिकार राज्यपाल के पास नहीं होता। ऐसे में यह कदम समाधान से अधिक राजनीतिक दबाव बनाने की रणनीति जैसा लगता है।

सरकार यह भी स्पष्ट कर चुकी है कि वह किसी भी विधायक के विकास कार्यों में बाधा नहीं डाल रही है। बजट सत्र से पहले विधायकों से उनकी विकास प्राथमिकताएं मांगी जा रही हैं। ऊना, हमीरपुर और सिरमौर जिलों के विधायकों के साथ बैठक कर उनकी प्राथमिकताओं पर चर्चा की गई और जहां संभव हुआ, मौके पर ही फंड जारी किए गए। जिन योजनाओं के लिए डीपीआर की आवश्यकता है, वहां प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह तथ्य दर्शाता है कि सरकार विकास को लेकर गंभीर है।


दरअसल, विधायक निधि को लेकर उपजा यह विवाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच संवाद की कमी को उजागर करता है। विपक्ष हर फैसले को दुर्भावना से प्रेरित बता रहा है, जबकि सरकार विपक्ष पर बेवजह मुद्दों को तूल देने का आरोप लगा रही है। इस राजनीतिक खींचतान में सबसे अधिक नुकसान आम जनता का हो रहा है, जिनके लिए ये निधियां निर्धारित की गई हैं। हिमाचल प्रदेश इस समय गंभीर वित्तीय चुनौतियों से गुजर रहा है। सीमित संसाधन, प्राकृतिक आपदाओं का प्रभाव और केंद्र से अपेक्षित सहयोग का अभाव राज्य की अर्थव्यवस्था पर दबाव बना रहा है। ऐसे में सरकार और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है कि वे राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर राज्यहित में सहयोग करें। विधायक क्षेत्र विकास निधि कोई राजनीतिक हथियार नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम है। इसे सत्ता और विपक्ष की लड़ाई का जरिया बनाना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। बहरहाल, बजट सत्र से पहले हिमाचल में जिस तरह विधायक निधि और ऐच्छिक निधि को लेकर सियासत गरमाई है, वह चिंताजनक है। आवश्यक है कि सरकार और विपक्ष संवाद और सहयोग के माध्यम से इस मुद्दे का समाधान निकालें। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

# खिलाड़ी से महाबली भीम तक

**प्रवीण** कुमार सोबती भारतीय सिनेमा और टेलीविजन के जाने-माने अभिनेता होने के साथ-साथ एक उत्कृष्ट एथलीट भी थे। उन्हें व्यापक पहचान बीआर चोपड़ा के ऐतिहासिक टीवी धारावाहिक 'महाभारत' में भीम की भूमिका निभाने से मिली, जिसने उन्हें घर-घर में प्रसिद्ध कर दिया।



**प्रवीण कुमार सोबती**
**जन्म :** 6 दिसंबर, 1947
**मृत्यु :** 7 फरवरी, 2022

अभिनय जगत में आने से पहले प्रवीण कुमार खेलों के क्षेत्र में भारत का नाम रोशन कर चुके थे। वे हैमर थ्रो और डिस्कस थ्रो के अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी थे। उन्होंने 1968 के मैक्सिको ओलंपिक और 1972 के म्यूनिख ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ गेम्स में उन्होंने देश के लिए कुल चार पदक (दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य) जीते। खेल के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें वर्ष 1967 में प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनकी खेल उपलब्धियों के कारण ही उन्हें सीमा सुरक्षा बल (BSF) में डिप्टी कमांडेंट का पद भी मिला।

70 के दशक के उत्तरार्ध में प्रवीण कुमार ने अभिनय की दुनिया में कदम रखा। उनकी पहली फिल्म रविकांत नागाइच के निर्देशन में बनी थी, जिसमें उनका कोई संवाद नहीं था। 1981 की फिल्म 'रक्षा' के बाद उन्होंने बॉलीवुड में पहचान बनानी शुरू की। अमिताभ बच्चन की सुपरहिट फिल्म 'शहंशाह' में मुख्तार सिंह के किरदार ने उन्हें एक सशक्त विलेन के रूप में स्थापित किया। उन्होंने लोहा, खुदगर्ज, इलाका, सिंहासन सहित 50 से अधिक फिल्मों में काम किया। 80 के दशक के अंत में 'महाभारत' में भीम की भूमिका उनके जीवन का सबसे यादगार अध्याय बनी। बाद में उन्होंने राजनीति में भी हाथ आजमाया और आम आदमी पार्टी तथा बाद में भारतीय जनता पार्टी से जुड़े, हालांकि उन्हें चुनावी सफलता नहीं मिली। प्रवीण कुमार सोबती का निधन 7 फरवरी 2022 को 74 वर्ष की आयु में हुआ। वे लंबे समय से बीमारी और आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहे थे। ■



कविता

## याराना

डॉ.राजीव डोगरा, गांव जनयानकड़ (कांगड़ा)
rajivdograv@gmail.com

**हर** लम्हा सुहाना होगा, तेरा हंसना और फिर
देखकर तुम्हें, मेरा मुस्कुराना होगा।
माना कि हम कुछ भी नहीं, मगर तुम्हारे सिर के ताज पर
हर पल हमारा पहरा होगा।
मैं हार भी जाऊं, तुम्हें जीतने के लिए
तो भी तेरे सपनों में, एक अफसाना होगा।
एक तलब है तुम्हें हर पल, मुस्कुराते देखने की
अगर मैं मिट भी जाऊं, तो भी ये मेरा याराना होगा।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# विदेश नीति : भरोसा, मानवता और राष्ट्रीय हित की परीक्षा

भारत सरकार के केंद्रीय बजट 2026-27 में विदेश मंत्रालय के लिए 22,118 करोड़ रुपए का आवंटन किया है। इस बजट में नेपाल को 800 करोड़ रुपए, श्रीलंका को 400 करोड़ रुपए, भूटान को सबसे भरोसेमंद पड़ोसी मानते हुए 2,289 करोड़ रुपए तथा अफगानिस्तान को 150 करोड़ रुपए मानवीय सहायता के रूप में दिए जाने का प्रावधान किया गया है।



**डॉ. अनिल कुमार निगम**
**स्वतंत्र टिप्पणीकार**
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

यह तथ्य भारत की विदेश नीति की कूटनीतिक प्राथमिकताओं को तो रेखांकित करता है, साथ ही कई गंभीर प्रश्न भी खड़े करता है। क्या यह आवंटन घरेलू जरूरतों के अनुरूप है? क्या भरोसे के आधार पर किया गया निवेश ठोस परिणाम देगा?

विदेश के लिए 22,118 करोड़ रुपए का आवंटन यह संकेत देता है कि भारत वैश्विक मंच पर अधिक सक्रिय और प्रभावशाली भूमिका निभाने की महत्वाकांक्षा रखता है। 'पड़ोसी पहले', 'एक्ट ईस्ट', 'इंडो-पैसिफिक' और 'वैश्विक दक्षिण' जैसी नीतियां इस आकांक्षा का वैचारिक आधार हैं, परंतु हमें यह देखना भी आवश्यक है कि क्या यह बढ़ा हुआ व्यय केवल कूटनीतिक विस्तार का प्रतीक है या वास्तव में राष्ट्रीय हितों में ठोस परिणाम देगा? भूटान को 2,289 करोड़ रुपए का आवंटन यह दर्शाता है कि भारत उसे अपना सबसे भरोसेमंद पड़ोसी मानता है। भारत-भूटान संबंध पारंपरिक रूप से मित्रतापूर्ण और स्थिर रहे हैं। जलविद्युत परियोजनाओं, सुरक्षा सहयोग और आर्थिक सहायता के माध्यम से भारत ने भूटान के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

हालांकि, आलोचक यह प्रश्न उठाते रहे हैं कि क्या लगातार बड़ी आर्थिक सहायता से भूटान की आत्मनिर्भरता प्रभावित नहीं होती? क्या यह रिश्ता सहयोग से आगे बढ़कर निर्भरता की ओर तो नहीं जा रहा? यदि सहायता का उपयोग केवल बुनियादी ढांचे तक सीमित रह जाए और स्थानीय क्षमता निर्माण पर ध्यान न दिया जाए, तो दीर्घकाल में यह भारत और भूटान- दोनों के लिए चुनौती बन सकता है, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि यहां भारत एक अच्छे पड़ोसी की भूमिका निभा रहा है।

नेपाल को 800 करोड़ रुपए का आवंटन भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति का प्रमुख उदाहरण है। भारत और नेपाल के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संबंध अत्यंत गहरे हैं। खुली सीमा और पारिवारिक रिश्ते इस संबंध को विशिष्ट बनाते हैं। हालांकि यह इसमें सचाई है कि नेपाल में चीन की बढ़ती दखलंदाजी भारत के लिए रणनीतिक चिंता का विषय रही है।




प्रश्न यह है कि क्या आर्थिक सहायता से नेपाल में भारत के प्रति विश्वास और सहयोग स्थायी रूप से बढ़ा है? पूर्व में नेपाल की आंतरिक राजनीति में भारत-विरोधी स्वर उभरते रहे हैं, जिससे यह संदेह पैदा होता है कि केवल वित्तीय सहायता कूटनीतिक विश्वास स्थापित करने के लिए पर्याप्त नहीं है। सहायता के साथ-साथ सम्मानजनक संवाद और आपसी हितों का संतुलन भी आवश्यक है।

श्रीलंका को 400 करोड़ रुपए का आवंटन उसके हालिया आर्थिक संकट की पृष्ठभूमि में देखा जा सकता है। संकट के समय भारत ने सहायता देकर एक जिम्मेदार पड़ोसी की भूमिका निभाई, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा भी गया। यह सहायता मानवीय दृष्टि से उचित प्रतीत होती है, लेकिन प्रश्न यह है कि यह सहायता दीर्घकालिक रणनीतिक लाभ में परिवर्तित होगी? श्रीलंका में चीन की आर्थिक और रणनीतिक उपस्थिति पहले से मजबूत है। यदि भारतीय सहायता केवल संकट-प्रबंधन तक सीमित रह जाती है तो इससे भारत के भू-राजनीतिक हितों को अपेक्षित मजबूती नहीं मिल पाएगी।

अन्य पड़ोसी देश अफगानिस्तान को 150 करोड़ रुपए की मानवीय सहायता भारत की नैतिक और मानवीय प्रतिबद्धता को दर्शाती है। राजनीतिक अस्थिरता, आर्थिक संकट और मानवीय त्रासदी के बीच अफगान जनता को सहायता देना अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारी के अनुरूप है। भारत की घरेलू परिस्थितियां देखें तो देश आज भी शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि और सामाजिक सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। सरकारी स्कूलों और अस्पतालों की स्थिति, युवाओं में बेरोजगारी और महंगाई का दबाव आम नागरिक की रोजमर्रा की चिंता है।

ऐसे में विदेश मंत्रालय के लिए 22,118 करोड़ रुपये और पड़ोसी देशों को दी जा रही बड़ी सहायता यह सवाल उठाती है कि क्या प्राथमिकताओं का संतुलन सही है? लोकतंत्र में सरकारी व्यय की वैधता पारदर्शिता और जवाबदेही पर निर्भर करती है। विदेश सहायता के मामलों में यह और भी आवश्यक हो जाता है, क्योंकि इसका प्रत्यक्ष लाभ आम नागरिक को तुरंत दिखाई नहीं देता। इसलिए यह स्पष्ट होना चाहिए कि इन राशियों का उपयोग किन परियोजनाओं में होगा, उनकी निगरानी कैसे होगी और असफलता की स्थिति में जिम्मेदारी किसकी होगी।

वास्तविकता तो यह है कि 2026-27 के बजट में विदेश मंत्रालय को 22,118 करोड़ रुपए का आवंटन और उसमें नेपाल, श्रीलंका, भूटान तथा अफगानिस्तान के लिए निर्धारित सहायता भारत की सक्रिय और महत्वाकांक्षी विदेश नीति को दर्शाती है। आशा है कि भारत सरकार की यह नीति क्षेत्रीय स्थिरता, मानवीय जिम्मेदारी और रणनीतिक हितों के बीच संतुलन साधने का सार्थक प्रयास है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# विश्व के वर्तमान परिदृश्य में भारत-अमेरिका संबंध और बदलती वैश्विक राजनीति

विश्व के वर्तमान परिदृश्य में बहुत ही आर्थिक और राजनीतिक बदलाव हो रहे हैं विश्व की आर्थिक महाशक्ति अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी आर्थिक नीतियों के कारण विश्व का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है।



**वीरेन ठाकुर**
**गांव भैला, तहसील लडभड़ोल जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश**
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

एक अप्रत्याशित और सुनियोजित रणनीति के तहत अमेरिकी ट्रंप ने भारत पर 31 जुलाई, 2025 को 25% टैरिफ लगाने का ऐलान किया था, और जिसे बाद में बढ़ाकर 50% कर दिया था। ट्रंप का कहना था कि भारत रूस के लिए वॉर मशीन के रूप में काम कर रहा है। इस कदम का असली उद्देश्य भारत और रूस की बढ़ती आर्थिक और राजनीतिक नजदीकियों को कम करना था, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया क्योंकि भारत की इच्छाशक्ति व विदेश नीति सुदृढ़ है। भारत ने इसका करारा जवाब देते हुए रूस से तेल आ आयात जारी रखा और बाद में ईयू के साथ मदर ऑफ ऑल डील्स की जिससे अमेरिका पर राजनीतिक दबाव बढ़ा । अमेरिका को लगा कि कहीं यूरोपीय बाजारों की महत्ता बढ़ न जाए और भारत कहीं अमरीकी बाजार पर अपनी निर्भरता को कम न कर दे इसलिए शुरुआत में तो अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधियों ने भारत ईयू समझौते की कड़ी आलोचना की और ईयू के बारे में कहा कि उसने ऐसे समय में वैश्वीकरण को बढ़ावा दिया है। जब अमेरिका अपनी टैरिफ नीति के जरिए इसे नियंत्रित करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन अमेरिका को आर्थिक असुरक्षा का आभास हुआ और वह अपनी रणनीति बदलने के लिए मजबूर हुआ । इसके बाद अमेरिका को भारत पर लगे टैरिफ 25% को घटाकर 18% करना पड़ा। ट्रंप ने बिना देर किए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात करने के कुछ देर बाद ही इसका ऐलान किया अमेरिकी राष्ट्रपति ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर सहमति बनने की



आधिकारिक जानकारी दी। उन्होंने पीएम मोदी की तारीफ की और कहा कि भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा। उन्होंने कहा कि भारत अब ज्यादा तेल अमेरिका और वेनेजुएला से खरीदेगा। अमेरिका का यह परिदृश्य व निर्णय अपनी व्यापारिक महत्ता को बनाए रखने के उद्देश्य से प्रेरित है। तभी अब ट्रंप के सुर बदले बदले नजर आए। ट्रंप ने अपनी पोस्ट में लिखा कि भारत के प्रधानमंत्री मोदी से बात करना मेरे लिए सम्मान की बात थी। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के तारीफों के पुल बांधे कि वे मेरे सबसे करीबी दोस्तों में से एक हैं और अपने देश के एक शक्तिशाली और सम्मानित नेता हैं । कहा कि हमने ट्रेड और रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने सहित कई मुद्दों पर बात की। भारत रूस से तेल की खरीद को बंद करने के साथ-साथ अमेरिका और वेनेजुएला से अधिक तेल खरीदने पर सहमत हुआ है।

उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ दोस्ती और सम्मान के नाते और उनके अनुरोध पर तुरंत प्रभाव से, हम संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत के बीच एक ट्रेड डील पर सहमत हुए हैं। इसके तहत अमेरिका रेसिप्रोकल टैरिफ को कम करके 25% से 18% कर देगा। भारत भी इसी प्रकार अमेरिका के खिलाफ अपने टैरिफ और गैर-शुल्क बाधाओं को शून्य करने की दिशा में आगे बढ़ेगा। इससे स्पष्ट है कि अमेरिका की विदेश नीति मुख्यत: व्यापारिक परिदृश्य पर ही केंद्रित है। भारत की वर्तमान विदेश नीति की प्रमुख विशेषता यह है कि भारत अपने पुराने रिश्तों को मजबूत करके आगे बढ़ रहा है ।

साथ ही भारत बिना किसी एक गुट से बंधे बिना विभिन्न गुटों के साथ रणनीतिक साझेदारी कर रहा है। यही कारण है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी कहा है कि भारत की विकास दर में जो वृद्धि हुई है वह प्रौद्योगिकी से संबंधित निवेश और लचीली अर्थव्यवस्था के मिश्रण से समर्थित है। भारत की इच्छाशक्ति, सुनियोजित विदेश नीति, स्वतंत्र निर्णय क्षमता , साकारात्मकता और कूटनीति के परिणामस्वरूप आज ट्रंप और अमेरिका को भी अपनी जिद को त्यागकर भारत की शक्ति का लोहा मानना पड़ा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# शिक्षित युवा, सशक्त लोकतंत्र : रैलियों से ऊपर उठकर सोचें

लोकतंत्र में राजनीतिक रैलियां जनसंपर्क और संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम मानी जाती हैं। नेताओं के लिए यह अपनी नीतियां और उपलब्धियां जनता तक पहुंचाने का अवसर होता है, परंतु हाल के वर्षों में एक चिंताजनक प्रवृत्ति सामने आई है- स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों को इन रैलियों में बुलाना या संबंधित अधिकारियों पर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने का दबाव बनाना। यह स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब परीक्षाएं निकट हों। परीक्षा के दिनों में हर घंटा महत्वपूर्ण होता है।



**मनीष कुमार 'निष्पक्ष'**
**स्वतंत्र लेखक, जयसिंहपुर जिला कांगड़ा (हि.प्र.) मो.8091388243**
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

जब पूरा दिन यात्रा, इंतजार और भीड़ में बीत जाता है, प्रश्न यह है कि यदि विद्यार्थी इसी उधेड़बुन में फंसे रहेंगे तो परीक्षाओं की तैयारी कब करेंगे। परीक्षा सिर पर हो और विद्यार्थी रैली में बैठने को मजबूर हों-यह स्थिति कहीं न कहीं प्राथमिकताओं के उल्टे चश्मे को दर्शाती है। विद्यार्थी जीवन का मूल उद्देश्य शिक्षा, व्यक्तित्व निर्माण और भविष्य की तैयारी है। परीक्षा का समय उनके लिए मानसिक एकाग्रता, अनुशासन और निरंतर अध्ययन की मांग करता है। ऐसे समय में रैलियों में उपस्थिति की अपेक्षा न केवल उनकी पढ़ाई में व्यवधान डालती है, बल्कि अनावश्यक मानसिक तनाव भी उत्पन्न करती है। कई बार विद्यार्थी अपनी इच्छा के विरुद्ध केवल औपचारिक उपस्थिति दर्ज कराने को विवश होते हैं, जिससे शिक्षा की प्राथमिकता पीछे छूट जाती है। साथ ही साथ ऐसे विशाल जनसभा में धक्का-मुक्की और चोट लगने की घटनाओं की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

हाल ही में सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सुलह



रैली की कुछ तस्वीरें वायरल हुईं, जिनमें कुर्सियों पर अधिकतर एनएसएस स्वयंसेवियों को बैठे हुए साफ देखा जा सकता है, जबकि यह सर्वविदित है कि प्रदेश शिक्षा बोर्ड द्वारा मार्च महीने में सत्र की अंतिम परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं। इसके अलावा समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर सरकार द्वारा आयोजित रैलियों में कॉलेज विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु कॉलेज प्रबंधन द्वारा रैली में अनुपस्थित होने पर जुर्माना करने की सूचनाएं जारी की जाती हैं, जिससे छात्र-छात्राएं को आर्थिक नुकसान से बचने के लिए मजबूरी में जनसभा में भाग लेना ही पड़ता है। लोकतंत्र में राजनीतिक जागरूकता आवश्यक है और युवा वर्ग की राजनीति में सक्रियता भी अति आवश्यक है पर इसका अर्थ यह नहीं कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक समय का उपयोग भीड़ जुटाने के लिए किया जाए। जागरूक नागरिक बनने की प्रक्रिया कक्षा, बहस, संवाद और रचनात्मक गतिविधियों आदि में भाग लेना भी महत्वपूर्ण है। शिक्षण संस्थानों का दायित्व होना चाहिए कि वे विद्यार्थियों के हितों को सर्वोपरि रखें और उन्हें किसी भी प्रकार के गैर-शैक्षणिक दबाव से बचाएं। अंतत:, संतुलन ही सबसे बड़ा समाधान है। राजनीति और शिक्षा दोनों समाज के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, पर एक की प्राथमिकता दूसरे पर हावी नहीं होनी चाहिए। विद्यार्थियों के हित, उनका समय और उनका भविष्य सर्वोपरि है। जब हम शिक्षा को सर्वोच्च स्थान देंगे, तभी एक सशक्त, जागरूक और जिम्मेदार समाज का निर्माण संभव होगा। आवश्यक है कि प्रशासन और राजनीतिक दल विद्यार्थियों के शैक्षणिक कैलेंडर का सम्मान करें। यदि संवाद करना ही है, तो उसे स्वैच्छिक, शैक्षणिक और समयानुकूल बनाया जाए।

आखिरकार, राष्ट्र का भविष्य कक्षाओं में तैयार होता है, रैलियों की भीड़ में नहीं। यदि विद्यार्थी रैलियों की भीड़ गिनते रहेंगे, तो किताबों के पन्ने कब पलटेंगे? हमें यह समझना होगा कि यह समय विद्यार्थियों को रेलिया में झोंकने का नहीं बल्कि उनकी शैक्षणिक चुनौतियों के समाधान पर ध्यान देने का है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# ऑनलाइन गेम की लत से बच्चों का जान गंवाना बेहद चिंताजनक

आज के डिजिटल युग में मोबाइल फोन और इंटरनेट बच्चों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। पढ़ाई, मनोरंजन और जानकारी के नाम पर बच्चों के हाथ में स्मार्टफोन थमा दिया गया है, लेकिन इसी के साथ एक गंभीर खतरा भी तेजी से बढ़ रहा है-ऑनलाइन गेम की लत।



**केशव शर्मा रसिक**
**स्वतंत्र लेखक, गांव कोटला घुमारवीं, जिला बिलासपुर**
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हाल के वर्षों में देश के विभिन्न हिस्सों से ऐसी अनेक दुखद खबरें सामने आई हैं, जिनमें ऑनलाइन गेमिंग की लत के कारण बच्चों ने अपनी जान तक गंवा दी। यह स्थिति न केवल परिवारों के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए गहरी चिंता का विषय बन गई है।

ऑनलाइन गेम, विशेषकर बैटल और चैलेंज आधारित गेम, बच्चों के मनोविज्ञान पर गहरा असर डाल रहे हैं। ये गेम बच्चों को आभासी दुनिया में इस कदर उलझा देते हैं कि वे वास्तविक जीवन की समस्याओं, रिश्तों और जिम्मेदारियों से कटने लगते हैं। कई गेम ऐसे टास्क और लेवल तय करते हैं, जिन्हें पूरा न कर पाने पर बच्चे तनाव, गुस्सा और हीन भावना का शिकार हो जाते हैं। धीरे-धीरे यह तनाव अवसाद में बदल जाता है, जो कई बार आत्मघाती कदम तक ले जाता है।

मनोवैज्ञानिकों के अनुसार, कम उम्र में बच्चे भावनात्मक रूप से परिपक्व नहीं होते। वे हार-जीत, वर्चुअल और रियल दुनिया के फर्क को पूरी तरह समझ नहीं पाते। ऑनलाइन गेम में मिलने वाली असफलता उन्हें वास्तविक जीवन की हार लगने लगती है। इसके अलावा गेमिंग की लत से बच्चों की नींद, खान-पान, पढ़ाई और सामाजिक व्यवहार पर भी बुरा असर पड़ता है।

कई बच्चे घंटों तक स्क्रीन के सामने बैठे रहते हैं, जिससे उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत दोनों प्रभावित होती है। इस समस्या के लिए केवल बच्चे ही नहीं, बल्कि अभिभावक और समाज भी कहीं न कहीं जिम्मेदार हैं। व्यस्त जीवनशैली के



चलते कई माता-पिता बच्चों को समय नहीं दे पाते और मोबाइल को ही उनका साथी बना देते हैं। बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर निगरानी की कमी, उम्र के हिसाब से अनुपयुक्त कंटेंट तक आसान पहुंच और संवाद की कमी इस खतरे को और बढ़ा रही है।

सरकार और संबंधित एजेंसियों को भी इस दिशा में सख्त कदम उठाने की जरूरत है। ऑनलाइन गेम्स के लिए स्पष्ट नियम, उम्र-सीमा का सख्ती से पालन, चेतावनी संदेश और लत से जुड़ी जानकारी को अनिवार्य करना समय की मांग है। स्कूलों में भी डिजिटल साक्षरता और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए, ताकि बच्चे और अभिभावक दोनों इस खतरे को समझ सकें। सबसे अहम भूमिका परिवार की है। माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों से खुलकर बात करें, उनके साथ समय बिताएं, खेल-कूद और रचनात्मक गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित करें। मोबाइल और गेम का सीमित और नियंत्रित उपयोग सुनिश्चित किया जाए। यदि बच्चे के व्यवहार में चिड़चिड़ापन, अकेलापन या अत्यधिक गुस्सा दिखे, तो इसे नजरअंदाज न कर विशेषज्ञ की मदद लें। ऑनलाइन गेम अपने आप में बुरे नहीं हैं, लेकिन जब वे बच्चों की जिंदगी से ज्यादा अहम बन जाएं और जान लेने लगें, तो यह पूरे समाज के लिए चेतावनी है।

समय रहते यदि हम सचेत नहीं हुए, तो यह डिजिटल लत भविष्य की पीढ़ी को गंभीर नुकसान पहुंचा सकती है। इसलिए जरूरी है कि हम सब मिलकर बच्चों को सुरक्षित, संतुलित और खुशहाल बचपन देने की दिशा में ठोस कदम उठाएं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### शैक्षणिक सत्र की शुरुआत पर डीएवी में हवन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** शीतावकाश के पश्चात नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के उपलक्ष्य पर प्रधानाचार्य नसीब ठाकुर के मार्गदर्शन में डीएवी अंबुजा विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल दाड़लाघाट में विधिवत हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हवन का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक उन्नति हेतु ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त करना तथा विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालय में कार्यरत समस्त कर्मचारियों के उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और मंगलमय भविष्य की कामना करना रहा। इस अवसर पर प्लांट अध्यक्ष ए सी एल संदीप सीरह, मानव संसाधन अध्यक्ष ए सी एल पद्मनाभ शर्मा सहित अनेक अभिभावक भी उपस्थित रहे। हवन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अग्नि में आहुतियाँ अर्पित की गईं, जिससे विद्यालय परिसर सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। हवन उपरांत प्रधानाचार्य नसीब ठाकुर ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं दीं तथा आशा व्यक्त की कि हवन के सकारात्मक प्रभाव से सभी विद्यार्थी लगन, अनुशासन और परिश्रम के साथ अध्ययन कर अपने लक्ष्यों को प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष एल एम सी मुकेश सक्सेना एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी (नॉर्थ) ए सी एल ने भी प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों को नववर्ष एवं नए सत्र की शुभकामनाएं दीं तथा ईश्वर के आशीर्वाद से निरंतर सफलता की ऊंचाइयों को छूने की कामना की।

### धीरज गुप्ता तीन दिवसीय राजगढ़ प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने जारी बयान में कहा कि भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज गुप्ता आज से पछाद विधानसभा चुनाव क्षेत्र राजगढ़ मंडल के तीन दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। उनके साथ भाजपा जिला महामंत्री रणवीर ठाकुर भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत भी साथ रहेंगे। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज गुप्ता भाजपा कार्यकर्ताओं को अपना बूथ सबसे मजबूत कैसे किया जाए। इस पर विशेष रूप से प्रकाश डालेंगे इसके अतिरिक्त भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज गुप्ता संगठन की अन्य गतिविधि भी भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ साझा करेंगे ताकि पार्टी और संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान की जा सके इसके साथ-साथ भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज गुप्ता विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण एवं एस आई आर पर भी विस्तृत रूप से भाजपा कार्यकर्ताओं को जागरूक करेंगे ताकि भाजपा कार्यकर्ता भी अपने-अपने बूथों पर लोगों को जागरूक कर सके। रावत ने बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज गुप्ता 7 जनवरी को ग्राम केंद्र भडोली की बैठक में शिरकत करेंगे तथा 8 जनवरी को देवठी मजगांव ग्राम केंद्र की बैठक में भाग लेंगे तथा 9 जनवरी को ग्राम केंद्र सनोरा एवं ग्राम केंद्र चंदोल की बैठक में शिरकत करेंगे। रावत ने बताया कि इन ग्राम केदो की बैठकों में बूथ अध्यक्ष बूथ पालक बी एल ए बूथ समिति के सभी लोग भाग लेंगे इसके अतिरिक्त इन बूथो से प्रदेश जिला मंडल मोर्चे एवं प्रकोष्ठों के सभी पदाधिकारी भी भाग लेंगे।

### सिरमौर जिला के संगड़ाह के टीकरी की रहने वाली सीमा देवी ने पास किया यूजीसी-नेट



**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला के उपमंडल मुख्यालय संगड़ाह से सटे गांव टीकरी की रहने वाली सीमा देवी ने यह साबित कर दिया है कि मजबूत इरादों और परिवार के सहयोग से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। दो बच्चों की परवरिश की जिम्मेदारी निभाते हुए सीमा ने पहले ही प्रयास में यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर एक प्रेरणादायक सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। सीमा का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। बचपन में ही पिता का साया सिर से उठ जाने के बाद उनकी पढ़ाई पर संकट आ गया था, लेकिन उनकी मां ने कभी हालात को हावी नहीं होने दिया। मां के संबल और प्रेरणा से सीमा ने पढ़ाई जारी रखी और शुरू से ही मेधावी छात्रा रहीं। बड़ग जमा दो विद्यालय में पढ़ाई के दौरान उनका नाम +2 की टॉपर सूची में शामिल रहा, जिसके लिए उन्हें सरकार की ओर से लैपटॉप भी प्रदान किया गया था। वर्ष 2018 में विवाह के बाद भी सीमा ने अपने सपनों को पीछे नहीं छोड़ा। उन्होंने राजकीय महाविद्यालय संगड़ाह से वर्ष 2019 में स्नातक की डिग्री हासिल की। इसके बाद उन्होंने जेबीटी, बीएड और हिंदी में स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की। इस पूरे सफर में उन्हें अपने किसान पति रामानंद का भरपूर सहयोग मिला, जिन्होंने हर कदम पर उनका हौसला बढ़ाया। दो छोटे बच्चों की जिम्मेदारी के साथ पढ़ाई करना आसान नहीं था, लेकिन सीमा ने समय का सही प्रबंधन कर यह कर दिखाया। हाल ही में घोषित यूजीसी नेट परीक्षा परिणाम में उनकी सफलता की खबर मिलते ही परिवार, रिश्तेदारों और क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोग उन्हें लगातार बधाई दे रहे हैं और उनकी मेहनत की सराहना कर रहे हैं।

### केंद्रीय बजट किसानों की आय बढ़ाने वालाः रिपु

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भाजपा सोलन शहरी मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष रिपु दमन सिंह चौहान ने 2026 के केंद्रीय बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, खेती को लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने वाला है। उन्होंने कहा कि बजट में कृषि अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, फसल बीमा योजनाओं, किसानों को सस्ती ऋण व्यवस्था तथा आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने के प्रावधान केंद्र सरकार की किसान-हितैषी नीति को दर्शाते हैं। एमएसपी व्यवस्था को मजबूत करने से किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित होगा। रिपु सिंह दमन ने विशेष रूप से कहा कि हिमाचल प्रदेश में बादाम और अखरोट जैसी नकदी फसलों को प्रोत्साहन देने की बजटीय व्यवस्था राज्य के किसानों के लिए बड़ी सौगात है।

### सब्जी बीज उत्पादन पर उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, सोलन।** 'सतत उत्पादकता हेतु सब्जी बीज उत्पादन' विषय पर 10 दिवसीय उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के सब्जी विज्ञान विभाग के अंतर्गत संचालित उन्नत संकाय प्रशिक्षण केंद्र (सब्जियां) में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न राज्य कृषि विश्वविद्यालयों तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के संस्थानों से चयनित 14 वैज्ञानिक भाग ले रहे हैं। प्रतिभागी आंध्र प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, केरल एवं तेलंगाना राज्यों से हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. मनीष कुमार, अधिष्ठाता, औद्यानिकी महाविद्यालय द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सब्जी बीज उत्पादन के क्षेत्र में वैज्ञानिकों की व्यावसायिक दक्षताओं को सुदृढ़ करना है। प्रशिक्षण के दौरान कुकुरबिट्स, मटर एवं बीन में बीज उत्पादन; कोल फसलों में संकर विकास हेतु सीएमएस लाइनों का उपयोग; अदरक एवं हल्दी में रोपण सामग्री उत्पादन; पर्यावरण-अनुकूल बीज उत्पादन तकनीकें; बीज गुणवत्ता संवर्धन; तथा कीट-रोगों का समन्वित प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया जाएगा।

# बिना परमिट के दौड़ रही 'सफेद प्लेट' गाड़ियां

## सोलन में अवैध निजी वाहनों के खिलाफ शूलिनी ऑटो यूनियन ने खोला मोर्चा

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** शूलिनी ऑटो रिक्शा ऑपरेटर्स यूनियन सोलन ने शहर के निजी स्कूलों में निजी वाहनों (सफेद नंबर प्लेट) द्वारा किए जा रहे बच्चों के अवैध और असुरक्षित परिवहन पर कड़ा आक्रोश जताया है। यूनियन के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने यूनियन प्रधान धर्मपाल ठाकुर की अध्यक्षता में अतिरिक्त जिलाधिकारी सोलन से मुलाकात की और उन्हें एक औपचारिक शिकायत पत्र सौंपकर इन वाहनों के खिलाफ तत्काल सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। तर्क दिया जा रहा कि निजी वाहनों में स्कूली बच्चों को गैर कानूनी तरीके से बिठाया जा रहा है। इससे सरकार को राजस्व की चपत भी लग रही है। यूनियन के प्रधान धर्मपाल ठाकुर ने कहा कि सोलन के प्रमुख स्कूलों में दर्जनों निजी वाहन बिना किसी कमर्शियल परमिट, फिटनेस सर्टिफिकेट और टैक्स चुकाए धड़ल्ले से बच्चों को ढो रहे हैं। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि 'ये वाहन न केवल मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन कर रहे हैं, बल्कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए जारी अनिवार्य दिशा-निर्देशों की भी खुली अवहेलना है। इन वाहनों में न तो अग्निशमन यंत्र हैं और न ही फर्स्ट-एड किट। ऐसे में किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में बच्चों की सुरक्षा का जिम्मेदार कौन होगा ?

अनंत ज्ञान मुद्दा

**प्रतिनिधिमंडल में शामिल पदाधिकारी:** प्रशासन को ज्ञापन सौंपने के दौरान यूनियन की एकजुटता दिखी। इस मौके पर यूनियन के वरिष्ठ उपप्रधान सुनील बंसल, उपप्रधान सुरेश ठाकुर, महासचिव राजेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष निदेश शर्मा, अतिरिक्त महासचिव भूपेंद्र सिंह, संगठन सचिव मोहन लाल, चन्दर प्रकाश, संजय कुमार, कार्यालय एवं प्रेस सचिव संजीव कुमार सहित अन्य कई पदाधिकारी और सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।




एडीसी सोलन राहुल जैन को ज्ञापन सौंपते ऑटो यूनियन के पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

**एडीसी सोलन राहुल जैन ने बताया कि ऑटो रिक्शा ऑपरेटर्स यूनियन प्रशासन के समक्ष अपनी मांगे रखी है। इस पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।**

### प्रशासन को चेतावनी और प्रमुख मांगें

**यूनियन** ने प्रशासन के समक्ष निम्नलिखित मांगें रखी हैं। इसमें आरटीओ और पुलिस प्रशासन तुरंत स्कूलों के बाहर विशेष नाका लगाकर अवैध वाहनों की जांच करें। साथ ही कमर्शियल इस्तेमाल में पाए जाने वाले निजी वाहनों को तुरंत जब्त किया जाए।

### स्कूलों की जवाबदेही

**स्कूल** परिसरों में ऐसे अवैध वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण पाबंदी लगाई जाए। रणनीति और अल्टीमेटम यूनियन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द ही इन अवैध वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कदम नहीं उठाए, तो शूलिनी ऑटो यूनियन चक्का जाम और उग्र प्रदर्शन जैसी रणनीति बनाने को मजबूर होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

### पंयायत चुनाव टालने का हो रहा प्रयास



**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने राज्य की सुक्खू सरकार को ढोंगी सरकार करार दिया है । उन्होंने मीडिया को जारी बयान में बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और उनके मंत्री अनेक मंचों से बार-बार यह कहकर ढोंग करते रहे कि हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज और स्थानीय निकायों के चुनाव निर्धारित समय पर करवाए जाएंगे परंतु अंदर खाते इन चुनाव को टालने का षड्यंत्र रचकर प्रदेशवासियों के साथ धोखा करते रहे। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने पंचायतीराज चुनाव टालकर लोकतंत्र का गला घोट दिया है और गावों की विकास प्रक्रिया को पूर्णविराम लगा दिया है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा 30 अप्रैल से पहले पंचायती राज चुनाव कराने के स्पष्ट आदेशों के बावजूद भी इस सरकार ने ना तो मतदाता सचिया तैयार करवाई और ना ही चुनाव करवाने की प्रक्रिया शुरू की।

## दर्दनाक सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक की मौत, छोटा भाई घायल

अनंत ज्ञान

**नाहन।** सिरमौर के संगड़ाह पुलिस थाना क्षेत्र में हरिपुरधार के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसका 18 वर्षीय छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा गुरुवार देर शाम को कजवा क्षेत्र के नजदीक खरोटियो खाला के पास पेश आया। पुलिस के अनुसार जितेंद्र पुत्र स्व. लायक राम निवासी गांव पंजाह (तहसील संगड़ाह) के बयान पर केस दर्ज किया गया है।

बयान में बताया गया कि वह निजी कार्य से नौहराधार गया हुआ था और वापसी के दौरान उसने देखा कि मोटरसाइकिल नंबर (एच.पी.79-4037) हरिपुरधार की ओर जाते समय अचानक दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क से लगभग 30 मीटर नीचे जंगल की तरफ जा गिरी। दुर्घटना के समय मोटरसाइकिल पर दो सगे भाई सवार थे। मृतक की पहचान अरुण कुमार (22) पुत्र राजेंद्र निवासी गांव लालग, डाकघर बडोल, तहसील संगड़ाह के रूप में हुई है, जबकि उसका छोटा भाई रमन (18) गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर 108 एम्बुलेंस को बुलाया गया, जिसकी मदद से दोनों घायलों को हरिपुरधार अस्पताल पहुंचाया गया।

अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने अरुण कुमार को मृत घोषित कर दिया, जबकि रमन की गंभीर हालत को देखते हुए उसे उच्च चिकित्सा संस्थान के लिए रैफर किया गया है। हादसे की पुष्टि करते हुए एसपी सिरमौर एनएस नेगी ने बताया कि पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दुर्घटना के समय मोटरसाइकिल अरुण कुमार चला रहा था।

### भारतीय जीवन बीमा निगम के सीनियर डिवीजनल मैनेजर ने नाहन शाखा का किया भ्रमण

**अनंत ज्ञान, नाहन, एसपी जैरथ।** भारतीय जीवन बीमा निगम के सीनियर डिवीजनल मैनेजर दिनेश शर्मा ने आज नाहन शाखा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने निगम के विकास अधिकारियों, सीएलआईए और एजेंटों के साथ एक विशेष बैठक आयोजित कर कार्यप्रणाली की समीक्षा की। बैठक में दिनेश शर्मा ने निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के लिए एजेंटों को आवश्यक मार्गदर्शन और महत्वपूर्ण टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि बेहतर योजना, निरंतर संपर्क और सकारात्मक सोच के साथ ही लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि भारतीय जीवन बीमा निगम केवल एक बीमा संस्था ही नहीं, बल्कि सुरक्षा कवर के माध्यम से समाज सेवा का कार्य भी कर रही है।

## माता पद्मावती कॉलेज ऑफ नर्सिंग नाहन में विश्व कैंसर दिवस आयोजित

अनंत ज्ञान

**नाहन।** माता पद्मावती कॉलेज आफ नर्सिंग नाहन द्वारा विश्व कैंसर दिवस का आयोजन किया गया। डॉ. वाई.एस. परमार मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल नाहन और टांडा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के ऑन्कोलॉजी विभाग और सामुदायिक क्षेत्र जामली में विश्व कैंसर दिवस 2026 को सफलतापूर्वक मनाया गया। इस वर्ष की थीम यूनाइटेड बाई यूनिक रही, जो प्रत्येक व्यक्ति की कैंसर यात्रा को विशिष्ट मानते हुए एकजुटता और समान सहयोग के महत्व को दर्शाती है। इस अवसर पर नर्सिंग की छात्राओं ने उपस्थित जनसमूह को कैंसर के बारे में अवगत कराया। छात्राओं द्वारा लोगों को बताया गया कि कैंसर जानलेवा रोगों में से एक है किसी भी उम्र के व्यक्ति में कैंसर का खतरा हो सकता है कैंसर से ग्रसित होने वाले लोगों में कुछ मुख्य लक्षण होते हैं जैसे कि अकस्मात वजन घटना, मुंह से खून आना, व लगातार बलगम वाली खांसी आना व किसी जख्म का जल्दी ना भरना भी हो सकता है। छात्राओं द्वारा लोगों को बताया गया कि हमें किस तरह से कैंसर से रोकथाम करनी चाहिए धूम्रपान व शराब का सेवन नहीं करना चाहिए, व्यायाम, पौष्टिक भोजन का सेवन करना चाहिए व नियमित रूप से अपनी जांच करवानी चाहिए। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी स्वास्थ्य विभाग के कार्यकर्ताओं द्वारा व लोगों द्वारा इस कार्यक्रम की जमकर प्रशंसा की गई । इसके अलावा अस्पताल में सभी श्रोताओं में छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक सना और छात्रों की प्रयास की सराहना की।



कार्यक्रम में हिस्सा लेती नर्सिंग छात्राएं। अनंत ज्ञान

## पुलिस ने 18.59 ग्राम हेरोइन बरामद की

अनंत ज्ञान

**सोलन।** जिला सोलन पुलिस की एसआईयू टीम द्वारा प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर सनवारा टोल प्लाज़ा पर नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान एक स्विफ्ट कार को जांच के लिए रोका गया, जिसमें सवार तीन युवकों के कब्जे से 18.59 ग्राम हेरोइन बरामद की गई।

मामले में संलिप्त आरोपियों की पहचान *सचिन राठौर पुत्र बलबीर राठौर निवासी गाँव पुन्दर, डाकखाना देहा, तहसील ठियोग, जिला शिमला (हि.प्र.), उम्र 27 वर्ष, नवनीत उर्फ सन्नी पुत्र लोकेंद्र सिंह निवासी गाँव पुन्दर, डाकखाना देहा, तहसील ठियोग, जिला शिमला (हि.प्र.), उम्र 29 वर्ष, तथा मनीष कुमार पुत्र तपेंद्र निवासी गाँव चौकर, तहसील नौराधार, जिला सिरमौर (हि.प्र.) उम्र 25 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस टीम द्वारा मौके पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

इस संबंध में पुलिस थाना सदर, सोलन में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया है। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान मामले में संलिप्त कार को जब्त कर पुलिस कब्जे में ले लिया गया है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करके चार दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। मामले में आगे की जांच जारी है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

## पुन्नरधार की बेटी सरीना ने उत्तीर्ण की यूजीसी नेट परीक्षा

अनंत ज्ञान

**राजगढ़ ।** निरंतर प्रयास और कड़ी मेहनत के फलस्वरूप सरीना कुमारी ने वाणिज्य विषय में यूजीसी नेट अर्थात राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा उतीर्ण करके अपने माता पिता और रेणुका व राजगढ़ क्षेत्र का नाम रोशन किया है । गौर रहे कि सरीना मूलतः नौहराधार तहसील के गांव पुन्नरधार की रहने वाली है ।

इनके पिता राजेन्द्र सिंह राजगढ़ बाजार में दुकान करते हैं जबकि इनकी माता राधा देवी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर सेवारत है । सरीना की इस उपलब्धि से इनके पैतृक गांव पुन्नरधार में प्रसन्ता का महौल है । यह उपलब्धि न केवल उनके लिए, बल्कि क्षेत्र के युवाओं के लिए भी प्रेरणादायक है। सरीना कुमारी ने बताया कि वह वाणिज्य विषय में प्रोफेसर बनना उनका जीवन लक्ष्य है जिसके लिए इन्होंनें बिना किसी कोचिंग के यूजीसी नेट की परीक्षा उतीर्ण करके सफलता की पहली सीढ़ी पार कर ली है ।

सरीना ने बताया कि वर्ष 2019 में उन्होने 12वीं की परीक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला राजगढ़ से उतीर्ण की है जबकि वर्ष 2022 में बीकॉम की डिग्री राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ से हासिल की है । तदोपरांत सरीना ने वर्ष 2025 में केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला से वाणिज्य विषय में स्नातकोत्तर डिग्री (एमकॉम ) उतीर्ण की है । सरीना की सफलता पर उनके शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास का प्रतिफल है। शिक्षकों के अनुसार, सरीना की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को भी उच्च लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

◆ **कॉमर्स विषय में प्रोफेसर बनना सरीना का प्रमुख लक्ष्य**



## दाड़लाघाट के दयोठी गांव के रास्तों की साफ-सफाई का अभियान चलाया

अनंत ज्ञान

**दाड़लाघाट ।** पंचायत दाड़लाघाट के दयोठी में वीएचएसएनसी समिति एवं महिला मंडल कोटला नुम्हाल दयोठी के संयुक्त तत्वावधान में गांव के रास्तों की साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान गांव के रास्तों पर फैले कूड़ा-कचरे को साफ किया गया तथा ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान लोगों को स्पष्ट रूप से बताया गया कि कूड़ा-कचरा खुले में या रास्तों में न फेंकें, बल्कि उसे कूड़ा एकत्र करने वाले कर्मचारियों को ही दें। महिला मंडल की ओर से निर्णय लिया गया कि जो भी व्यक्ति भविष्य में गांव के रास्तों में कूड़ा-कचरा फेंकता पाया गया, उससे 100 रुपये का जुर्माना वसूला जाएगा। महिला मंडल की प्रधान भावना शुक्ला ने ग्रामीणों से नालियों की नियमित सफाई बनाए रखने तथा सीवरेज पाइप लगाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, ताकि गांव में स्वच्छ वातावरण बना रहे।

## किसानों से डिजिटल फसल सर्वेक्षण में पंजीकरण करवाने का आग्रह

अनंत ज्ञान

**सोलन।** कृषि डाटा एकत्रीकरण को आधुनिक बनाने और खेत के स्तर पर ही निर्णय लेने में सुधार करने के दृष्टिगत डिजिटल फसल सर्वेक्षण आरम्भ किया गया है। यह जानकारी उप निदेशक कृषि डॉ. देव राज कश्यप ने दी। डॉ. देव राज कश्यप ने कहा कि यह सर्वेक्षण, फसल के प्रकार, बोए गए क्षेत्र, सिंचाई की स्थिति और फसल के स्वास्थ्य के बारे में स्टीक डाटा एकत्रित करेगा। यह डाटा अधिकारियों को फसल बीमा, न्यूनतम समर्थन मूल्य, आपदा मुआवज़ा और खाद्य सुरक्षा योजना से सम्बन्धित निर्णयों में सहायता करेगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल फसल सर्वेक्षण में डिजिटल तकनीक का प्रयोग किया जाएगा। इससे समय कम लगेगा, त्रुटियां कम होगी और पारदर्शिता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इससे किसान सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे क्योंकि सत्यापित डिजिटल रिकॉर्ड से बीमा दावों के निपटारे में समय कम लगेगा और फसल खराब होने की स्थिति में उचित मुआवज़ा सुनिश्चित होगा। उप निदेशक ने कहा कि एक मोबाइल-आधारित प्रणाली है जो जी.पी.एस. मैपिंग, रिमोट सेंसिंग और सैटेलाइट इमेजरी जैसी आधुनिक डिजिटल तकनीक का उपयोग करके बोई गई फसलों का वास्तविक समय व डाटा एकत्र करती है। उन्होंने कहा कि डिजिटल फसल सर्वेक्षण से किसानों को सही फसल पर उचित सब्सिडी, कृषि योजनाओं की स्टीक जानकारी व फसल से सम्बन्धित समस्याओं को सुलझाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि डिजिटल फसल सर्वेक्षण चरणबद्ध आधार पर कार्यान्वित किया जा रहा है। क्षेत्रीय स्तर पर कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि सभी सम्बद्ध अधिकारी एवं कर्मचारी उचित तकनीक का ज्ञान प्राप्त कर सही जानकारी एकत्र कर सके। उन्होंने कहा कि एकत्रित डाटा को राष्ट्रीय कृषि डाटाबेस के साथ एकीकृत किया जाएगा। इससे जिला स्तर पर सही नीति बनाने और दीर्घवधि की योजनाएं बनाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने जिला के किसानों से आग्रह किया है।

**दहशत** वन विभाग और पुलिस की टीम ने बाथरूम में बंद तेंदुए का किया रेस्क्यू

## दाड़लाघाट के नौणी गांव में घर में घुसा खतरनाक तेंदुआ

अनंत ज्ञान

**दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत दाड़लाघाट के नौणी गांव में गत रात्रि करीब 2 बजे उस समय दहशत फैल गई जब एक खतरनाक तेंदुआ छलांग लगाकर कुलदीप के घर की छत पर पहुंचा और वहां मौजूद कुत्ते पर हमला करते हुए घर के बाथरूम में घुस गया। घटना के समय मकान मालिक कुलदीप ने बाहर कुछ आवाजें सुनीं। जब वह बाहर निकला तो उसने बाथरूम के अंदर तेंदुए और कुत्ते की जबरदस्त भिड़ंत देखी। कुलदीप ने जान जोखिम में डालते हुए तुरंत बाथरूम का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया और पुलिस विभाग को सूचित किया। सूचना मिलते ही डीएसपी दाड़लाघाट नवीन झाल्टा ने तुरंत वन विभाग को अवगत कराया। पुलिस टीम के साथ वन विभाग के रेंज अधिकारी सुदर्शन सिंह जमवाल अपनी टीम सहित मौके पर पहुंचे। किसी प्रकार की जान-माल की हानि न हो, इसके लिए तुरंत वन्यजीव बचाव दल (रेस्क्यू टीम) कुल्लू को दूरभाष के माध्यम से सूचना दी गई। प्रातः काल डॉ. विपिन की अगुवाई में वन्यजीव रेस्क्यू टीम दाड़लाघाट पहुंची और तेंदुए को सुरक्षित काबू करने का अभियान शुरू किया।

काफी मशक्कत के बाद बाथरूम के दरवाजे में छेद कर तेंदुए को बेहोश किया गया और उसके बाद तेंदुए व कुत्ते दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन की खास बात यह रही कि तेंदुआ और कुत्ता पूरी रात एक ही बाथरूम में आमने-सामने रहे, एक-दूसरे को देखकर गुर्राते रहे, लेकिन बंद कमरे में दोनों ने एक-दूसरे पर हमला नहीं किया। दोनों को दिन करीब 12:30 बजे जीवित व सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसके बाद वन विभाग की टीम तेंदुए को पिंजरे में डालकर चिकित्सीय परीक्षण के लिए पशु चिकित्सालय ले गई।

डॉ. विपिन एवं रेंज अधिकारी सुदर्शन सिंह जमवाल ने बताया कि तेंदुए का मेडिकल चेकअप करने के बाद उसे दूर किसी सुरक्षित जंगल क्षेत्र में छोड़ दिया जाएगा। इस अवसर पर डीएसपी दाड़लाघाट नवीन झाल्टा, थाना प्रभारी दाड़ला पंकज शर्मा अपनी टीम सहित, एसीएफ विक्रम सिंह, वन्यजीव रेस्क्यू टीम से नारायण सिंह व कमल कुमार, पूर्व पंचायत प्रधान बंसी राम तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौके पर मौजूद रहे।



तेंदुए का रेस्क्यू करते वन विभाग और पुलिस की टीम। अनंत ज्ञान

## बिना कोंचिग से राजगढ़ की पझौता घाटी शैलेन्द्र ने प्रथम प्रयास में की नेट की परीक्षा पास

अनंत ज्ञान

**राजगढ़ ।** आखिर शैलेन्द्र हितैषी की दिन रात की मेहनत रंग लाई और इन्होंनें राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा ( नेट ) पहले ही प्रयास में उतीर्ण करके समूची पझौता घाटी का नाम रोशन किया है । शैलेन्द्र ने बताया कि उन्होने नेट परीक्षा के लिए कोई कोचिंग नहीं ली बल्कि अपने स्तर पर ही घर पर परीक्षा की तैयारी की । इनकी इस उपलब्धि से समूची पझौता घाटी में खुशी की लहर है ।

बता दें कि शैलेन्द्र हितैषी मूलतः राजगढ़ उप मंडल की पझौता घाटी के गांव मानवा के रहने वाले हैं । इन्होंनें आठवीं तक की शिक्षा अपने पैतृक गांव मानवा से ग्रहण की । तदोपरांत इन्होने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला राजगढ़ से 12वीं तथा बीए की उपाधि भी राजगढ़ डिग्री कॉलेज से हासिल की । शैलेन्द्र को संगीत का शौक बचपन से ही था जिसकी दीक्षा इन्हे घुटटी में अपनी माता मीरा हितैषी से मिली। जोकि आकाशवाणी से भी अनुमोदित पहाड़ी कलाकार रही है । जबकि इनके पिता सुखदेव हितैषी एक किसान है ।

कॉलेज में भी इन्होनें म्यूजिक विषय को अनिवार्य रूप से रखा और बीए उतीर्ण करने के उपरांत अब शैलेन्द्र हिमाचल विश्वविद्यालय से संगीत में एमए कर रहे हैं । इन्होंने संगीत में अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता परिवार अलावा विशेषकर राजगढ़ कॉलेज की संगीत की प्रोफेसर डॉ. सविता सहगल नीरजा सहगल को दिया है।

इन्होंने बताया कि उनका सपना संगीत में सहायक प्रोफेसर बनना है जिसके लिए उन्होंनें नेट परीक्षा पास करने के लिए दिनरात मेहनत की है । इन्होने बताया कि उनका लक्ष्य संगीत में पीएचडी करना है ताकि सिरमौर की प्राचीन संस्कृति तथा पारंपरिक लोकगीतों का संरक्षण कर सके ।



परिजनों के साथ शैलेन्द्र हितैषी।

## स्पोर्ट्स विंडो

### पाक के भारत से मैच के बहिष्कार से हमारा वास्ता नहीं : नीदरलैंड

**एजेंसी, कोलंबो।** नीदरलैंड के सलामी बल्लेबाज मैक्स ओ'डाउड ने कहा कि भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार करने के बाद पाकिस्तान पर बने कथित 'दबाव' से उनकी टीम को कोई मतलब नहीं है और उनकी टीम का पूरा ध्यान शनिवार को होने वाले टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में पाकिस्तान को हराने पर है। बांग्लादेश के समर्थन में पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ लीग मैच का बहिष्कार करने का फैसला किया है। ऐसे में सुपर आठ में पहुंचने के लिए पाकिस्तान पर अपने बाकी तीनों मैच जीतने का दबाव होगा। इसकी शुरुआत नीदरलैंड के खिलाफ मुकाबले से होगी। ओ'डाउड से जब पूछा गया कि क्या इस फैसले से पाकिस्तान पर अतिरिक्त दबाव होगा तो उन्होंने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो पाकिस्तान के भारत के खिलाफ बहिष्कार पर कहने के लिए मेरे पास ज्यादा कुछ नहीं है। यह पूरी तरह हमारे नियंत्रण से बाहर है। हम सिर्फ इस पर फोकस कर रहे हैं कि हमें क्या करना है और वह है पाकिस्तान को हराने की कोशिश करना।' (अनंत ज्ञान)

### एन. बालाजी युगल के लिए बेहतर विकल्प थे: कप्तान राजपाल

**एजेंसी, बेंगलुरु।** भारत के डेविस कप कप्तान रोहित राजपाल ने शुक्रवार को कहा कि हाल के मैच के प्रदर्शन और फॉर्म ने टीम प्रबंधन के फैसले को प्रभावित किया, जिसके तहत नीदरलैंड के खिलाफ मुकाबले में युगल मैच के लिए पहले चुने गए ऋत्विक बोलीपल्ली की जगह एन श्रीराम बालाजी को चुना गया।राजपाल ने ड्रॉ के बाद युगल संयोजन के बारे में बताते हुए कहा कि टीम के पास लंबे अभ्यास सत्र के दौरान खिलाड़ियों का आकलन करने का काफी समय था। बालाजी और बोलीपल्ली स्विट्जरलैंड के खिलाफ पिछले मैच में खेले थे जिसमें युकी भांबरी नहीं खेल पाए थे। राजपाल ने कहा, 'हम यहां जल्दी आ गए थे और बहुत सारे सेट खेले। बालाजी लगातार टूर्नामेंट खेल रहे हैं और अभी बहरीन में बहुत अच्छा नतीजा हासिल करके आए हैं।' उन्होंने कहा, 'ऋत्विक अच्छा खेल रहा है, लेकिन उसने पिछले डेढ़-दो महीनों से सक्रियता से टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया है। यह मुश्किल फैसला था, लेकिन हमें लगा कि उसे सीधे दबाव वाले डेविस कप मैच में उतारना ठीक नहीं होगा और उसे लय में आने के लिए और समय देना चाहिए।' (अनंत ज्ञान)

### आज की हॉकी में सिर्फ अटैक नहीं डिफेंस भी जरूरी: नवनीत कौर

**एजेंसी, बेंगलुरु।** भारतीय महिला हॉकी टीम की स्टार फॉरवर्ड नवनीत कौर का मानना है कि आधुनिक हॉकी में सिर्फ गोल करने की क्षमता ही काफी नहीं है, बल्कि अटैकिंग खिलाड़ियों के लिए डिफेंस में योगदान देना भी उतना ही जरूरी हो गया है। एफआईएच हॉकी महिला वर्ल्ड कप क्वालीफायर हैदराबाद तेलंगाना 2026 से पहले चल रहे राष्ट्रीय शिविर में टीम की तैयारियां जोरों पर हैं। नवनीत ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा कि आज की हॉकी में सिर्फ अटैकिंग काफी नहीं है। एक स्ट्राइकर के तौर पर डिफेंसिव स्किल्स भी बहुत अहम हैं। मैं टैकलिंग और बिना गेंद के दबाव बनाने पर ध्यान दे रही हूं, क्योंकि गेंद वापस जीतना टीम के लिए बड़ा फायदा होता है। अपने व्यक्तिगत फोकस के साथ-साथ नवनीत ने टीम के लक्ष्य को भी स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य बिल्कुल साफ है। हम वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई करना चाहते हैं और क्वालीफायर्स में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देना चाहते हैं। यह राष्ट्रीय शिविर भारत की एफआईएच हॉकी महिला वर्ल्ड कप क्वालीफायर हैदराबाद तेलंगाना 2026 की तैयारियों का अहम हिस्सा है। यह टूर्नामेंट 8 से 14 मार्च तक हैदराबाद में आयोजित होगा, जिसमें शीर्ष तीन टीमें 2026 महिला एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। (अनंत ज्ञान)

### डेनी वाट का खूबसूरत अंदाज

**इंग्लैंड** की पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज डेनी वाट का जन्म स्टैफोर्डशायर में हुआ है। वह सरे, सदर्न ब्रेव, इंग्लैंड और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलती हैं। वाट दाएं हाथ से बल्लेबाजी और दाएं हाथ से ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी करती हैं।



आज होगा टी-20 विश्व कप का आगाज, पूर्व चैंपियन भारतीय टीम खिताब की सबसे प्रबल दावेदार

# पहले मैच में इंडिया को अमेरिका देगा चुनौती

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सितारों से सजी भारतीय टीम टी-20 विश्व कप में अमेरिका के खिलाफ शनिवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में शाम सात बजे अपने अभियान का आगाज करेगी तो खिताब बरकरार रखने वाली पहली टीम बनने का इरादा जेहन में और क्रिकेट प्रेमियों की अपेक्षाओं का बोझ कंधों पर रहेगा । टी-20 विश्व कप 2024 जीतने वाली भारतीय टीम के दो मजबूत स्तंभ विराट कोहली और रोहित शर्मा भले ही इस प्रारूप से विदा ले चुके हों, लेकिन भारतीय टीम अभी भी सबसे दमदार दावेदार है। भारत ने उसके बाद से नौ शृंखलाएं जीती हैं, जिनमें पिछले साल एशिया कप में मिली जीत शामिल है।

पिछले पूरे साल खराब फॉर्म से जूझते रहे कप्तान सूर्यकुमार यादव का बल्ला भी अब खामोश नहीं है, जिससे रही सही कसर भी पूरी हो गई । ईशान किशन ने विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर जबर्दस्त फॉर्म के साथ वापसी की है । ईशान और अभिषेक शर्मा की जोड़ी से भारतीय टीम को काफी उम्मीदें हैं चूंकि दोनों का प्रदर्शन अभी तक जबर्दस्त रहा है । भारत की तुलना 2007 वनडे विश्व कप की आस्ट्रेलियाई टीम से की जा रही है हालांकि दोनों प्रारूप अलग है लेकिन सूर्यकुमार की टीम हर विभाग में परिपक्व और संतुलित दिख रही है।

भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार का फॉर्म में लौटना, मध्यक्रम में तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या जैसा हरफनमौला, शिवम दुबे और अक्षर पटेल जैसे धुरंधरों की मौजूदगी बल्लेबाजी को मजबूत बनाती है। (अनंत ज्ञान)

### मुंबई में शाम 7 बजे शुरू होगा मैच







### श्रीलंका को अपनी सरजमीं पर खेलने का मिलेगा फायदा

**श्रीलंका** अपनी सरजमीं पर खेल रहा है, जिसके पास वानिंदु हसरंगा, महीष तीक्षणा, दुनिथ वेलालागे जैसे स्पिनर और मथीषा पथिराना तथा दुष्मंता चामीरा जैसे तेज गेंदबाज हैं। अपने होम ग्राउंड में खेलने से इसे फायदा मिल सकता है। दक्षिण अफ्रीका भी प्रबल दावेदारों में से है, जिसके पास भारत के बाद दूसरा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आक्रमण है जिसमें कैगिसो रबाडा, एनरिच नॉर्किया, मार्को यानसेन, केशव महाराज जैसे गेंदबाज हैं।

### संभावित टीमें

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), ईशान किशन, संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा,वरूण चक्रवर्ती ।

**अमेरिका :** मोनांक पटेल (कप्तान ), आंद्रिस गौस, साइतेजा एम, शायन जहांगीर, हरमीत सिंह, शेहान जयसूर्या, संजय कृष्णमूर्ति, मिलिंद कुमार, मोहम्मद मोहसिन, शुभम रंजने, शाडले वान शाकविक, अली खान, जसदीप सिंह, नोस्तुश केनिजे और सौरभ नेत्रवलकर ।

### पहली बार भाग ले रहीं 20 टीमें

**इस** बार पहली बार टी-20 विश्व कप में 20 टीमें भाग ले रही हैं। अमेरिकी टीम में भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका के कई खिलाड़ी हैं। भारत में सुरक्षा कारणों का हवाला देकर खेलने से इनकार पर बांग्लादेश टूर्नामेंट से बाहर हो गया। वहीं, अपने पड़ोसी के समर्थन में पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच खेलने से इनकार कर दिया। ऑस्ट्रेलिया विश्व कप की धुरंधर रही है, लेकिन इस बार तेज गेंदबाज पैट कमिंस और जोश हेजलवुड फिटनेस कारणों से टीम में नहीं है। ऐसे में गेंदबाजी का जिम्मा बेन ड्वारशुइस, जेवियर बार्लेट और नाथन एलिस पर होगा। वहीं, इंग्लैंड की बात करें तो बल्लेबाजी में उसके पास हैरी ब्रूक, जोस बटलर, बेन डकेट और फिल साल्ट हैं, लेकिन उनका सामना वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल जैसे दिग्गजों से होगा। न्यूजीलैंड एक महीने से भारत में है और यह अनुभव उसके काम आएगा। फिन एलेन ने भारत के खिलाफ आखिरी टी-20 में अच्छा प्रदर्शन किया है।

**◆ बांग्लादेश टूर्नामेंट से बाहर पाकिस्तान का भारत के साथ मैच खेलने से इनकार**

## क्रिकेटर रिंकू सिंह का फेसबुक अकाउंट हैक

**एजेंसी, अलीगढ़।** क्रिकेटर रिंकू सिंह की फेसबुक आईडी हैक हो गई। साइबर ठगों ने रिंकू के फेसबुक की ईमेल आईडी बदलकर उससे होने वाली कमाई अपने खाते में ट्रांसफर कर ली। रिंकू के भाई सोनू की शिकायत के बाद मामले में साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज किया गया। सोनू ने शिकायत में कहा है कि रिंकू के फेसबुक पर 16 लाख फॉलोअर्स हैं। वे काफी समय से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच और टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारियों में व्यस्त थे। इस वजह से सोशल मीडिया अकाउंट पर ध्यान नहीं दे पा रहे थे। सोनू ने बताया कि रिंकू ने 4 फरवरी को मुंबई से अपना फेसबुक एकाउंट लॉग इन किया। काफी कोशिशों के बाद भी आईडी नहीं खुली। पासवर्ड गलत बताता रहा। बाद में पता चला कि उनकी ईमेल आईडी ही बदल गई है। उनका फेसबुक से लॉग-इन था, लेकिन अब अकाउंट दूसरी मेल आईडी से से लॉग-इन दिखा रहा है।

उन्होंने बताया कि रिंकू ने देखा कि काफी दिन से लॉग इन नहीं करने के बावजूद भी उनकी आईडी से फोटो-वीडियो अपलोड हो रहे थे। रिंकू का अकाउंट मोनेटाइज है, जिससे अच्छी खासी इनकम होती है। वह भी हैकर्स के ही अकाउंट में ट्रांसफर हो रही है। रिंकू से सूचना मिलने पर एसएसपी को जानकारी दी। साइबर क्राइम थाने के इंस्पेक्टर रामेंद्र शुक्ला ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है। (अनंत ज्ञान)



**◆ भाई की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने में मामला दर्ज**

## बॉक्सिंग के सेमीफाइनल में पहुंचे नीतू, प्रीति व जादूमणि

**एजेंसी, ला नूसिया**

पूर्व विश्व चैंपियन नीतू घंघास, एशियाई खेल कांस्य पदक विजेता प्रीति पवार और जादूमणि सिंह ने बाक्सेम एलीट इंटरनेशनल बॉक्सिंग टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया और भारतीय मुक्केबाजों ने 19 पदक पक्के कर लिए हैं। भारतीय महिला टीम ने 12 पदक पक्के किये जबकि सात पुरुष मुक्केबाज भी अंतिम चार में पहुंचे। नीतु (51 किलो ) ने कनाडा की मैकेंजी राइट को सर्वसम्मति से हुए फैसले में हराया, वहीं 54 किलो में प्रीति ने स्पेन की मारिया गोंजालेस को हराया।

पूनम ने 54 किलो में थाईलैंड की एन चोंगप्रोंगक्लांग को 5-0 से मात दी जबकि प्रिया (60 किलो) और प्रांजल (65 किलो) ने क्रमश: स्पेन की लौरा गालानो और चेक गणराज्य की विक्टोरी जिलकोवा को हराया । काजल ने 65 किलो में कजाखस्तान की अकबर इशानोवा को 4-1 से मात दी । पुरुष वर्ग में जादूमणि सिंह (55 किलो ) ने चीनी ताइपै के पेंग चिया फेंग को 5- 0 से हराया । विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन (60 किलो ) ने यूक्रेन के अली डाहली को हराया जबकि सचिन (60 किलो ) ने यूक्रेन के ही एडेर अब्दुराइमोव को 3-2 से मात दी । आकाश (75 किलो ) ने स्पेन के जोस लुईस कानेरो को 4-1 से हराया। (अनंत ज्ञान)





## चोट के कारण टी-20 विश्व कप से बाहर हो सकते हैं हर्षित राणा

**एजेंसी, मुंबई**

भारत के युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा अभ्यास मैच के दौरान घुटने में चोट लगने के कारण टी20 विश्व कप से बाहर हो सकते हैं और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में स्वीकार किया कि राणा की स्थिति 'अच्छी नहीं' दिख रही है। सूर्यकुमार ने हालांकि राणा को अभी पूरी तरह से बाहर नहीं किया, लेकिन उनकी बातों से लगा कि राणा के लिए समय पर ठीक होना मुश्किल है। भारतीय टीम विश्व कप में अपना अभियान शनिवार को अमेरिका के खिलाफ शुरू करेगी।

सूर्यकुमार ने कहा, 'राणा को अभी बाहर नहीं किया गया है, हमारे फिजियो उनका आकलन कर रहे हैं, लेकिन उनके चोट की स्थिति अच्छी नहीं लग रही है। 'भारतीय टीम के विश्वसनीय सूत्रों का कहना है कि राणा के लिए इस टूर्नामेंट के दौरान चोट से उबरने की संभावना काफी कम है। राणा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच में केवल एक ओवर डाला, जिसमें उन्होंने 16 रन दिए और उसके बाद घुटने की चोट के कारण मैदान से बाहर चले गए। राणा हालांकि भारत की शुरुआती एकादश का हिस्सा नहीं थे। उनका इकोनॉमी रेट भी नौ से ऊपर का है। वह हालांकि विशिष्ट परिस्थितियों में एक उपयोगी विकल्प साबित हो सकते थे। वह निचले क्रम में भी बल्ले से योगदान देने में सक्षम है।

राणा की जगह भारतीय टीम में कोई अनुभवी तेज गेंदबाज जगह बना सकता है, जिनमें प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज का नाम प्रमुख है। इसके साथ ही हरफनमौला वॉशिंगटन सुंदर भी मांसपेशियों में खिंचाव की समस्या से जूझ रहे हैं। उनकी उपलब्धता पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। (अनंत ज्ञान)



### हेजलवुड चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर

**एजेंसी, मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोट के कारण टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इसकी पुष्टि करते हुए स्पष्ट किया है कि हेजलवुड की जगह फिलहाल टीम में किसी भी खिलाड़ी को शामिल नहीं किया जाएगा। टूर्नामेंट की शुरुआत 7 फरवरी से होगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम अपना पहला मुकाबला 11 फरवरी को आयरलैंड के खिलाफ आर प्रेमादासा क्रिकेट स्टेडियम में खेलेगी। ऑस्ट्रेलियाई सिलेक्टर टोनी डोडेमाइड ने कहा, हमें उम्मीद थी कि जोश सुपर-8 स्टेज तक मैच फिट हो जाएंगे, लेकिन उनकी वापसी में अभी और समय लगेगा।



### शास्त्री-बिशप करेंगे कमेंट्री पैनल की अगुआई



**एजेंसी, दुबई।** भारत और श्रीलंका में 7 फरवरी से शुरू हो रहे आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए स्टार खिलाड़ियों और दिग्गजों से सजा कमेंट्री पैनल घोषित कर दिया गया है। इस हाई-प्रोफाइल पैनल की अगुआई रवि शास्त्री, इयान बिशप इयान स्मिथ और नासिर हुसैन जैसे अनुभवी कमेंटेटर करेंगे। आईसीसी के अनुसार, टूर्नामेंट के 10वें संस्करण में कुल 55 मैचों के दौरान पूर्व महान खिलाड़ियों और मौजूदा सितारों की दमदार मौजूदगी सुनाई देगी। इस सूची में पूर्व टी-20 वर्ल्ड कप विजेता एरॉन फिंच, दिनेश कार्तिक, कुमार संगकारा, सैमुअल बैड्री, रॉबिन उथप्पा और कार्लोस ब्रैथवेट जैसे नाम शामिल हैं। खास बात यह है कि मौजूदा खिलाड़ी और आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप जीतने वाले दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा भी कमेंट्री बॉक्स में नजर आएंगे।

## राष्ट्रीय पैरा थ्रोबॉल फेडरेशन कप में हिमाचल ने किया शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान**

**घुमारवीं।** भारतीय पैरा थ्रोबॉल फेडरेशन के तत्वावधान में राष्ट्रीय पैरा थ्रोबॉल फेडरेशन कप का आयोजन 3 फरवरी से 5 फरवरी तक राजस्थान के झुंझुनू के पचेरी बारी स्थित सिंघानिया यूनिवर्सिटी में किया गया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 14 टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में डिसेबल्ड स्पोर्ट्स एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश की टीम ने भी सहभागिता की।

यह पहला अवसर था जब हिमाचल प्रदेश की पुरुष वर्ग की टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर पैरा थ्रोबॉल प्रतियोगिता में भाग लिया। टीम का नेतृत्व अनिल कुमार (कप्तान) ने किया, जबकि ब्रिज मोहनलाल उपकप्तान रहे। टीम में कृष्ण कुमार, सुनील कुमार, शशि पाल, रमेश चंद भारद्वाज, हिमांशु सहित अन्य खिलाड़ी शामिल थे। डिसेबल्ड स्पोर्ट्स एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश की अध्यक्ष रचना कुमारी ने प्रतियोगिता के दौरान टीम के साथ मैनेजर एवं कोच की भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दिव्यांग खिलाड़ियों की प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें सही मंच और अवसर उपलब्ध कराने की है। संस्था एक पंजीकृत संगठन है और निरंतर प्रदेश के दिव्यांग खिलाड़ियों के हितों के लिए कार्य कर रही है। हिमाचल प्रदेश की टीम ने प्रतियोगिता की शुरुआत पहला मैच जीतकर की और पूरे टूर्नामेंट में सराहनीय प्रदर्शन किया।

इसके साथ ही दूसरी एशियन पैरा थ्रोबॉल चैंपियनशिप के लिए ट्रायल भी आयोजित किए गए, जिसमें हिमाचल प्रदेश की टीम ने पूरी मेहनत और लगन के साथ भाग लिया। खिलाड़ियों ने एशियन गेम्स के लिए अपनी दावेदारी पेश की है, हालांकि चयनित खिलाड़ियों की अधिसूचना अभी जारी होना शेष है, जो अप्रैल माह में मलेशिया में होने वाली प्रतियोगिता से पहले जारी की जाएगी।



### अल-नस्त्र के लिए फिर नहीं खेलेंगे क्रिस्टियानो रोनाल्डो

**एजेंसी, रियाद।** पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो को एक बार फिर अल-नस्त्र की मैचडे स्क्वॉड से बाहर रखा गया। सऊदी प्रो लीग में अल-इत्तिहाद के खिलाफ मुकाबले के लिए रोनाल्डो का नाम टीम में शामिल नहीं था। यह लगातार दूसरा मैच है, जिसमें पांच बार के बैलन डी'ऑर विजेता को बाहर बैठना पड़ा है। इससे पहले 2 फरवरी को अल-रियाद के खिलाफ लीग मैच में भी वे नहीं खेले थे। पुर्तगाल के अखबार ए बोला की रिपोर्ट के अनुसार, रोनाल्डो क्लब की सर्दियों की ट्रांसफर विंडो में अपेक्षाकृत शांत गतिविधियों से खुश नहीं हैं। रोनाल्डो के मौजूदा करार में अभी 18 महीने शेष हैं। उन्होंने 2022 में मैनचेस्टर यूनाइटेड से अल-नस्त्र का रुख किया था और तब से सऊदी प्रो लीग के सबसे बड़े चेहरों में से एक रहे हैं। उनके आने के बाद कई यूरोपीय सितारों ने भी इस लीग में कदम रखा। वहीं, बीबीसी स्पोर्ट को जारी बयान में सऊदी प्रो लीग के प्रवक्ता ने साफ किया कि किसी भी खिलाड़ी से ऊपर क्लब होता है। (अनंत ज्ञान)



## डेविस कप क्वालीफायर्स : सुमित का ओउडेन से सामना आज

**एजेंसी, बेंगलुरु**

भारतीय टीम 2026 डेविस कप क्वालीफायर्स राउंड-1 में अपने अभियान की शुरुआत घरेलू दर्शकों के सामने करेगी। बेंगलुरु के एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में 7 फरवरी को होने वाले मुकाबले में भारत के शीर्ष खिलाड़ी सुमित नागल का सामना नीदरलैंड्स के गाइ डेन ओउडेन से होगा। दोनों देशों के बीच हेड-टू-हेड रिकॉर्ड फिलहाल 2-2 से बराबर है। ऐसे में कप्तान रोहित राजपाल के नेतृत्व में भारतीय टीम घरेलू परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाकर डच टीम के खिलाफ बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी।

पहले दिन सुमित नागल और गाइ डेन ओउडेन के मुकाबले के बाद दूसरा एकल मैच धक्षिणेश्वर सुरेश और जेस्पर डे जोंग के बीच खेला जाएगा, जिससे पहले दिन की कार्रवाई समाप्त होगी। होम कंडीशंस को दबाव की बजाय फायदा बताते हुए सुमित नागल ने कहा कि होम एडवांटेज हर खेल में होता है। टेनिस में जब मैंने ओलंपिक खेला था, तब 7,000 फ्रेंच दर्शकों के सामने मेरे समर्थन में सिर्फ पांच लोग थे। उन्होंने आगे कहा कि जब आप तीन से चार घंटे तक ऐसे माहौल में खेलते हैं, तो इसका बड़ा असर पड़ता है। हमें उम्मीद है कि कल नीदरलैंड्स के खिलाड़ियों को भी ऐसा ही अनुभव होगा और हम इसका पूरा फायदा उठा सकेंगे। दूसरे दिन मुकाबले का आकर्षण पुरुष युगल मैच रहेगा, जिसमें भारत की जोड़ी एन. श्रीराम बालाजी और युकी भांबरी का सामना सैंडर एरेंड्स और डेविड पेल से होगा। इसके बाद शेष दो एकल मुकाबले खेले जाएंगे, जहां सुमित नागल जेस्पर डे जोंग से भिड़ेंगे, जबकि धक्षिणेश्वर सुरेश का सामना गाइ डेन ओउडेन से होगा। (अनंत ज्ञान)

## लुकमैन के डेब्यू गोल से सेमीफाइनल में पहुंची एटलेटिको मैड्रिड की टीम

**एजेंसी, मैड्रिड**

नाइजीरिया के फॉरवर्ड अडेमोला लुकमैन ने एटलेटिको मैड्रिड के लिए डेब्यू मैच में ही गोल दागते हुए टीम को बड़ी जीत दिलाई। एटलेटिको ने वीरवार को खेले गए कोपा डेल रे क्वार्टरफाइनल में रियल बेटिस को 5-0 से रौंदकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। डिएगो सिमियोने की टीम के लिए डेविड हान्को, जुलियानो सिमियोने, अडेमोला लुकमैन, एंटोनी ग्रिज़मैन और थियागो अल्मादा ने एक-एक गोल किया।

एटलेटिको लगातार तीसरे सीजन कोपा डेल रे के अंतिम चार में पहुंची है। एटलेटिको 2012-13 के बाद पहली बार कोपा डेल रे का खिताब जीतने की कोशिश करेगा। सेमीफाइनल का ड्रॉ शुक्रवार को होगा, जिसमें बार्सिलोना, एथलेटिक बिलबाओ और रियल सोसिएदाद भी शामिल हैं। मैच में एटलेटिको की शानदार शुरुआत रही। 12वें मिनट में हान्को ने स्कोरिंग का आगाज़ किया। इसके बाद 30वें मिनट में जुलियानो सिमियोने ने बढ़त दोगुनी कर दी। 37वें मिनट में तेज काउंटर अटैक पर लुकमैन ने डेब्यू पर अपना पहला गोल दागा। लुकमैन ने मैच के बाद कहा, 'मैं बहुत खुश और गर्व महसूस कर रहा हूं। टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। मुझे यहां सभी ने बहुत अच्छे से अपनाया, जिससे मुझे जल्दी सेट होने में मदद मिली।' दूसरे हाफ में 62वें मिनट में गिजमैन ने लुकमैन के असिस्ट पर चौथा गोल किया, जबकि 83वें मिनट में अल्मादा ने पांचवां गोल कर जीत पर मुहर लगा दी। वहीं, कोच डिएगो सिमियोने ने कहा, 'लुकमैन हमें मजबूत बनाने आए हैं। उनमें अलग तरह की खूबियां हैं, जो टीम को और बेहतर बनाएंगी।'

इस मुकाबले में मैक्सिको के मिडफील्डर ओबेद वर्गास ने भी एटलेटिको के लिए डेब्यू किया। वे 79वें मिनट में लुकमैन की जगह मैदान पर आए। एक अन्य नए खिलाड़ी रोड्री मेंडोज़ा को 66वें मिनट में मौका मिला।



**रणजी ट्रॉफी** एमपी के 29 वर्षीय गेंदबाज कुलदीप सेन ने 66 रन देकर झटके पांच विकेट

## मध्य प्रदेश ने जम्मू-कश्मीर की टीम को 194 रन पर समेटा

**एजेंसी, इंदौर**

तेज गेंदबाज कुलदीप सेन के करियर के चौथे पांच विकेट से मध्यप्रदेश ने शुक्रवार को इंदौर में रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के पहले दिन जम्मू-कश्मीर को महज 194 रन पर आउट कर दिया। भारतीय वनडे टीम के लिए खेल चुके इस 29 साल के गेंदबाज ने 66 रन देकर पांच विकेट झटके। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के शीर्ष क्रम को झकझोरा तो वहीं बायें हाथ के स्पिनर कुमार कार्तिकेय (36 रन पर तीन विकेट) ने मध्य क्रम को परेशान किया। जम्मू-कश्मीर की पहली पारी महज 67 ओवर में सिमट गई।

मध्यप्रदेश ने दिन का खेल खत्म होने तक बिना किसी नुकसान के 28 रन बना लिए थे। हर्ष गवली आठ और यश दुबे 14 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। सेन ने दिन की शुरुआत में ही सलामी बल्लेबाज यावर हसन (13) और तीसरे क्रम पर आए शुभम पुंडीर (एक) को चलता कर 2021-22 सत्र की चैंपियन मध्यप्रदेश को शानदार शुरुआत दिलाई। इससे जम्मू कश्मीर ने 30 रन तक दो विकेट गंवा दिये। शुभम खजूरिया (140 गेंदों में 60) ने हालांकि जिम्मेदारी से खेलते हुए टीम को संभाला और 100 रन के पार पहुंचाया। टीम ने हालांकि काफी रक्षात्मक तरीके से बल्लेबाजी की जिससे उसने यह मुकाम 45वें ओवर में हासिल किया।

खजूरिया ने कप्तान पारस डोगरा (91 गेंदों में 33) के साथ तीसरे विकेट के लिए 79 रनों की साझेदारी की। डोगरा के आउट होते ही जम्मू-कश्मीर की पारी लड़खड़ा गयी और टीम ने 136 रन तक आठ विकेट गंवा दिए। टीम ने इसके बाद बाकी बचे दोनों विकेट भी जल्दी गंवा दिए। (अनंत ज्ञान)



**◆ मध्य प्रदेश ने बिना किसी नुकसान के बनाए 28 रन**